Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 12 । अंक 343
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Established 1865
# पायनियर
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर
राष्ट्रीय 10
दो रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी



# कश्मीर में सेना पर हमला



**मोहित कंधारी।** जम्मू

**बृहस्पतिवार** को बारामुल्ला जिले के बूटापाथरी सेक्टर में नागिन पोस्ट के पास एक काफिले में चल रहे सेना के वाहन पर संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक भारी हथियारबंद समूह ने हमला किया। इसमें सेना के एक पोर्टर समेत पांच जवान घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकवादियों के पदचिह्नों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अपुष्ट रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पोर्टर की चोटों के कारण मौत हो गई। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, 'बारामुल्ला के बूटापाथरी क्षेत्र में भारतीय सेना और आतंकवादियों के बीच एक संक्षिप्त गोलीबारी हुई। विवरण का पता लगाया जा रहा है।'

बारामुल्ला पुलिस ने भी एक्स पर एक पोस्ट में बूटापाथरी सेक्टर में बृहस्पतिवार देर शाम गोलीबारी की घटना की पुष्टि की। 'नागिन पोस्ट के आसपास बारामुल्ला जिले के बूटापाथरी सेक्टर में सेना और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी।' यह हमला उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा श्रीनगर में एकीकृत मुख्यालय (यूएचक्यू) की बैठक की अध्यक्षता करने के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें आतंकवाद विरोधी उपायों पर रणनीति बनाने और लंबी सर्दियों के मौसम से पहले मौजूदा सुरक्षा ग्रिड की खामियों को दूर करने की बात कही गई थी।

इससे पहले, बृहस्पतिवार सुबह जम्मू-कश्मीर के त्राल में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में उत्तर प्रदेश का एक किशोर घायल हो गया था। कश्मीर में एक सप्ताह के भीतर यह तीसरा आतंकी हमला है। उत्तर प्रदेश के बिजनौर के 19 वर्षीय किशोर शुभम कुमार को त्राल के बटागुंड गांव में आतंकवादियों द्वारा गोली मारे जाने के बाद हाथ में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। 20 अक्टूबर को गंदेरबल जिले के सोनमर्ग इलाके में एक निर्माण स्थल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक डॉक्टर और निर्माण कंपनी के छह अन्य कर्मचारियों सहित सात लोगों की मौत हो गई थी। 18 अक्टूबर को, आतंकवादियों ने शोपियां जिले में बिहार के एक प्रवासी श्रमिक अशोक चौहान की हत्या कर दी थी। चौहान का गोलियों से छलनी शव स्थानीय लोगों ने जैनापोरा के वडुना इलाके में पाया था।

इस बीच, मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में एक रणनीतिक सड़क निर्माण परियोजना के निर्माण श्रमिकों पर हुए नृशंस आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शामिल नहीं हुए। बैठक में केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी, उत्तरी कमान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, सुरक्षा ग्रिड में शामिल अर्धसैनिक बलों के अधिकारी तथा जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत करने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में अपना ताजा आकलन साझा किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा ग्रिड में खामियों पर चिंता व्यक्त की, जिसके कारण परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के निर्माण श्रमिकों पर हमला हुआ। दिन के दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला नई दिल्ली में व्यस्त रहे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। एकीकृत मुख्यालय की बैठक की अध्यक्षता करने से पहले एलजी ने दो बैक-टू-बैक सुरक्षा समीक्षाओं की अध्यक्षता की थी- पहली बार 22 अक्टूबर को गगनगीर में, जहां उन्होंने विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करते हुए सभी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सुरक्षा कवर को उन्नत करने पर जोर दिया। बुधवार को एलजी ने श्रीनगर में भी सुरक्षा समीक्षा की अध्यक्षता की और सुरक्षा कर्मियों को घाटी में चौबीसों घंटे सुरक्षा चौकियों, रात्रि गश्त और क्षेत्र वर्चस्व सुनिश्चित करने के अलावा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का एक नया सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश दिया।



## सरकार को बम धमकियों से निपटना जरूरीः पीएम मोदी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने बृहस्पतिवार को विमानन क्षेत्र, स्कूलों और संवेदनशील क्षेत्रों को निशाना बनाकर जारी बम धमकियों के खतरे से निपटने के लिए कथित तौर पर एकजुट प्रयास की सलाह दी। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट बैठक के दौरान मोदी ने लगातार बम धमकियों पर चिंता व्यक्त की और उन्हें बताया गया कि सुरक्षा एजेंसियां फर्जी बम धमकी संदेशों और कॉल को ॉगंभीरता से ले रही हैं। बृहस्पतिवार को भी धमकी भरे संदेशों ने दहशत फैलाई और बड़ी भारतीय एयरलाइन्स को भी धमकियां मिलीं। 95 उड़ानों को धमकी मिली जो एक दिन में सबसे अधिक है। पिछले 11 दिनों में इस तरह की धमकियों की कुल संख्या 250 को पार कर गई है। एयरलाइन्स के सूत्रों का कहना है कि एक ही हैंडल ने उड़ानों को निशाना बनाया। नए बदले हुए प्रोटोकॉल के तहत, एक ही हैंडल से आने वाली ऐसी सामूहिक धमकियों को गैर-विशिष्ट माना जाता है ताकि डायवर्सन की आवश्यकता न हो और व्यवधान को कम किया जा सके। फर्जी बम-धमकी संदेशों को गंभीरता से लेते हुए, सरकार ने इस खतरे के पीछे के लोगों की पहचान करना शुरू कर दिया है और मेटा और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ऐसे संदेशों का डेटा साझा करने को कहा है। सरकार ने शीर्ष बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूहों से भी इस तरह के फर्जी कॉल के पीछे के लोगों की पहचान करने में सहयोग करने को कहा है, क्योंकि इसमें जनता की भलाई शामिल है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि सरकार ने कुछ लोगों का पता लगा लिया है जो एयरलाइनों को निशाना बनाकर किए गए फर्जी बम-धमकी वाले कॉल के पीछे थे और उसके अनुसार कार्रवाई की जा रही है। सरकारी सूत्रों ने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी कि ये फर्जी कॉल और संदेश कहां से आए और इनके पीछे कौन लोग थे। फर्जी कॉल की एक श्रृंखला से जुड़ी इन ( शेष पृष्ठ 9 )

# कनाडा ने भारत की पीठ में छुरा घोंपाः भारतीय दूत

**पीटीआई।** नई दिल्ली



**कनाडा के** व्यवहार को अत्यंत घटिया बताते हुए वहां से वापस बुलाए गए भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा ने कहा कि ऐसे देश ने, जिसे हम मित्रवत लोकतांत्रिक देश मानते हैं, भारत की पीठ में छुरा घोंपा और अत्यंत गैर-पेशेवर रवैया अपनाया। कनाडा ने अपने नागरिक और भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी घोषित किए गए हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में हत्या के मामले में पिछले सप्ताह कहा था कि वर्मा इस मामले में जांच के तहत निगरानी की श्रेणी में हैं।

इस मामले में कनाडा आगे कोई कार्वाई करता, उससे पहले भारत ने वर्मा और पांच अन्य राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया। वर्मा ने भारत लौटने के बाद अपने पहले साक्षात्कार में पीटीआई वीडियो सेवा से कहा, यह अत्यंत दुखद है। यह द्विपक्षीय संबंधों के प्रति सर्वाधिक गैर-पेशेवर रवैया है। किसी भी राजनयिक के पास कूटनीतिक साधन होते हैं। एक देश के शीर्ष राजनयिक और अन्य राजनयिकों से पूछताछ के बजाय उन साधनों का इस्तेमाल किया जा सकता था। वर्मा का यह साक्षात्कार बुधवार को रिकॉर्ड किया गया था। पीटीआई के नई दिल्ली स्थित स्टूडियो में अनेक विषयों पर बातचीत करते हुए वर्मा ने कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन, स्थानीय नेताओं से राजनीतिक लाभ के लिए खालिस्तान समर्थकों को मिल रही सहायता और खालिस्तानियों की आपराधिक गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, जो बच्चा सबसे ज्यादा रोता है, मां सबसे पहले उसका पेट भरती है। इसी तरह, उन लोगों (खालिस्तान समर्थकों) की संख्या मुट्ठीभर ही है, लेकिन वे सबसे तेज आवाज में चिल्लाते हैं और कनाडा के नेताओं का उन पर सबसे अधिक ध्यान जाता है। वर्मा ने कहा कि कनाडा में कट्टरपंथी खालिस्तानियों की संख्या महज करीब 10,000 है और करीब आठ लाख की सिख आबादी में उनके समर्थकों की संख्या संभवतः एक लाख है। उन्होंने कहा, वे समर्थन हासिल करने के लिए वहां आम सिखों को धमकाते हैं जिसमें इस तरह की धमकियां शामिल हैंकि हमें पता है कि तुम्हारी बेटी कहां पढ़ रही है।


वर्मा ने कहा, खालिस्तानियों ने कनाडा में खालिस्तान को एक कारोबार बना लिया है। खालिस्तान के नाम पर वे मानव तस्करी करते हैं, मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं, हथियारों की तस्करी करते हैं और ऐसे सारे काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की लचर कानून प्रणाली के कारण खालिस्तानी आतंकवादियों, उग्रवादियों को वहां शरण मिली है। वर्मा ने कहा, निज्जर हमारे लिए आतंकवादी था लेकिन लोकतंत्र में न्याय प्रणाली से परे कोई भी कृत्य गलत होता है, सच सामने आना चाहिए। वर्मा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से स्नातक और परमाणु वैज्ञानिक हैं, इससे पहले वे जापान और सूडान में भारत के राजदूत रह चुके हैं। राजनयिक विवाद से पहले की घटनाओं को याद करते हुए वर्मा ने कहा कि वह 12 अक्टूबर को टोरंटो हवाईअड्डे ( शेष पृष्ठ 9 )

# गुरुग्राम में भारी यातायात पर काम करें अधिकारी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने अधिकारियों को गुरुग्राम में कई परियोजनाओं के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिए हैं। इन परियोजनाओं में जैसे दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग और गुरुग्राम में महरौली गुरुग्राम रोड के बीच संपर्क, कुरुक्षेत्र बाईपास सहित पेहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर कॉरिडोर और लाडवा बाईपास का विकास, कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) राजमार्ग को शहरी विस्तार रोड-2 से जोड़ना। नई परियोजनाओं के संबंध में निर्देश गुरुग्राम और दिल्ली के बीच और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर यातायात की भीड़ को कम करने के लिए जारी किए गए थे।

केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी और हरियाणा के बीच संभावित सड़क संपर्कों का अध्ययन करने के लिए तत्कालीन योजना आयोग के तहत 2008 में एक समिति गठित की थी। उस समय, दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन था, और दो वैकल्पिक मार्गों द्वारका एक्सप्रेसवे और नेल्सन मार्ग-एमजी रोड वाया डीएलएफ-2 पर विचार किया गया था। नेल्सन मंडेला-एमजी रोड लिंक परियोजना कभी शुरू नहीं हुई और पर्यावरणविदों



ने भी इसका विरोध किया था, क्योंकि प्रारंभिक योजना में शहर में अरावली जैव विविधता पार्क के माध्यम से निर्माण शामिल था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्रीय सड़क मंत्री ने अधिकारियों को दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग से एमजी रोड और गुरुग्राम के चौराहे और फरीदाबाद रोड तक कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि गुरुग्राम और दिल्ली के बीच यातायात की भीड़ को कम किया जा सके। इससे दिल्ली एयरपोर्ट और गुरुग्राम की शुरुआत में भीड़भाड़ को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसी तरह, उन्होंने गुरुग्राम-फर्रुखनगर-झज्जर रोड के चौड़ीकरण/उन्नयन के संबंध में केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा की। इसके साथ ही केएमपी और ( शेष पृष्ठ 9 )

# टीम इंडिया को विश्व चैंपियनशिप से हटायाः डब्ल्यूएफआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय कुश्ती** महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने बुधवार को आगामी विश्व चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया। डब्ल्यूएफआई ने विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को इसके लिए उसकी स्वायत्तता में खेल मंत्रालय हस्तक्षेप को कारण बताया है। सीनियर विश्व चैपिंयनशिप 12 गैर ओलंपिक वर्गों में 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में आयोजित होगी। हाल ही में डब्ल्यूएफआई ने हाल में अंडर 23 और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल की घोषणा की थी और प्रदर्शनकारी पहलवानों ने चयन ट्रायल की वैधता पर सवाल उठाते हुए अदालत की अवमानना के तौर पर चुनौती दी थी। उनका दावा था कि निलंबित महासंघ के पास ट्रायल आयोजित करने का कोई कानूनी अधिकार नही हैं। इसके जवाब में डब्ल्यूएफआई ने चयन ट्रायल नोटिस वापस ले लिया और अदालत ने चार अक्टूबर को साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान द्वारा दायर अवमानना याचिका पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया।




डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने डब्ल्यूएफआई के निलंबन के लिए मंत्रालय को दोषी ठहराते हुए निराशा व्यक्त की। उसने कहा कि अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो ये सभी मुद्दे नहीं होंते। यह बहुत दुखद है कि कुछ पहलवानों की वजह से अन्य पहलवानों को परेशानी उठानी पड़ रही है और मंत्रालय निलंबन नहीं हटा रहा है। खेल मंत्रालय ने नए अधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान के तुरंत बाद 24 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच को पत्र में लिखा, दुर्भाग्य से खेल मंत्रालय का डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता और दैनिक प्रशासन के काम में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था।

फरवरी में डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटाए जाने के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मार्च में तदर्थ समिति को भंग कर दिया था, जिसमें आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने इस मामले में डब्ल्यूएफआई का समर्थन किया था। हालांकि, पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत ने डब्ल्यूएफआई के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त करने के लिए अदालत से आदेश की मांग की थी। इस पर अदालत ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि तदर्थ समिति को निलंबन हटने तक महासंघ के मामलों का प्रबंधन जारी रखने को कहा था, हालांकि आईओए ने कहा है कि वह समिति को बहाल नहीं कर सकती। डब्ल्यूएफआई ने अब यूडब्ल्यू डब्ल्यू से यूडब्ल्यूडब्ल्यू विनियमों के अनुच्छेद

## न्यायमूर्ति संजीव खन्ना होंगे नए सीजेआई

**पीटीआई।** नई दिल्ली

**न्यायमूर्ति संजीव** खन्ना बृहस्पतिवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किए गए। वह 11 नवंबर को शपथ लेंगे। इससे एक दिन पहले वर्तमान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ पद मुक्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आठ नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया था। न्यायमूर्ति खन्ना का प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल छह महीने से कुछ अधिक होगा और वह 13 मई, 2025 को पदमुक्त होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर कहा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश से परामर्श के बाद, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को 11 नवंबर, 2024 से देश के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करती हैं।



# पांच गिरफ्तार लोगों में दिल्ली पुलिस का सिपाही भी

**संजय मेहरा।** गुरुग्राम

**दो युवकों का** अपहरण करके एक करोड़ रुपये फिरौती मांगने के पांच आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। इनमें से एक आरोपी दिल्ली पुलिस का सिपाही है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को काबू करने के लिए एक योजना के तहत पैसों का बैग रखा गया। जिसको लेने आए आरोपियों के साथ पुलिस टीम की झड़प हो गई। जिसमें उप-निरीक्षक सुमित कुमार प्रभारी अपराध शाखा पालम विहार के हाथ में भी फ्रेक्चर आया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सुनील दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत है। उपरोक्त आरोपियों ने पहले अमन (पीड़ित) की रेकी की थी। इसके बाद उन्होंने अमन का अपहरण करके फिरौती मांगने की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई।



पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर 2024 को एक व्यक्ति ने थाना सिविल लाइन्स की पुलिस को शिकायत देकर कहा कि 23 अक्टूबर को उसका बेटा अमन व उसका दोस्त गणेश अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में गलेरिया मार्केट गुरुग्राम गए थे। जब उनका बेटा और उसका दोस्त गणेश घर वापिस नहीं आए तो उसने उनके पास कॉल की। उन दोनों का फोन बन्द था। समय करीब 3.30 बजे अमन के एक अन्य दोस्त ने उनको फोन करके बतलाया कि अमन का उसके पास फोन आया था। फोन पर अमन ने बताया था कि कुछ लोगों ने उसे (अमन) व गणेश को बंधक बना रखा है। एक करोड़ रुपए की फिरौती मांग रहे हैं। फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में शिकायत पर थाना सिविल लाईन्स में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-10 गुरुग्राम की पुलिस टीमों की संयुक्त पुलिस टीमें गठित की गई, जिनके द्वारा बृहस्पतिवार को पांच आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान ऋषि पाल, कुलदीप, दीपक उर्फ डंबल, सुनील व सोनू के रूप में हुई है।

## यूपी में उपचुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस

**पीएनएस।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** बृहस्पतिवार को कहा कि उसने संविधान, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों में अपने उम्मीदवार नहीं उतारने तथा समाजवादी पार्टी (सपा) के चुनाव चिन्ह साइकिल पर लड़ रहे प्रत्याशियों के समर्थन का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के बाद समाज, प्रदेश और देश के हित में यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर ( शेष पृष्ठ 9 )

लाइलाज ट्रैफिक जाम
पायनियर

# अतिक्रमण, निर्माण कार्य और टूटी सड़कों के कारण लग रहा जाम

## ● दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 134 जाम प्वाइंटों की पहचान की

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**सड़कों के किनारे** अतिक्रमण, विभिन्न एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य, संकरी सड़कों पर बढ़ी संख्या में वाहन, पार्किंग स्थलों की कमी और टूटी सड़कें - ये कुछ ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से राष्ट्रीय राजधानी के कुल 134 यातायात भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाम लग रहा है। यह जानकारी दिल्ली यातायात पुलिस विभाग द्वारा गृह एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव को दी गई सूची में दी गई है। यह सूची, जिसे पायनियर ने विशेष रूप से एक्सेस किया है, में वे क्षेत्र शामिल हैं, जिन्हें दिल्ली यातायात पुलिस ने हाल ही में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मंत्रालय के साथ साझा किया था। इसमें शहर के उत्तरी क्षेत्र में 23, मध्य क्षेत्र में 20, पूर्वी क्षेत्र में 20, दक्षिणी क्षेत्र में 33, नई दिल्ली क्षेत्र में नौ और पश्चिमी क्षेत्र में 29 ऐसे स्थान शामिल हैं। पुलिस विभाग द्वारा मंत्रालय को जाम लगने के जो कारण बताए गए हैं, उनमें बताया गया है कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण दिल्ली के उत्तरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा जाम लगता है, जिसमें किंग्सवे कैंप से हकीकत नगर, आजादपुर में एच-प्वाइंट से राणा प्रताप बाग, मुकरबा चौक से जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, आजादपुर चौक फ्लाईओवर, मुकरबा चौक फ्लाईओवर, संजय गांधी टीपीटी नगर से मेट्रो स्टेशन समयपुर बादली, रामदेव चौक से वाई-प्वाइंट नरेला तक स्वामी स्वरूपानंद मार्ग और बवाना चौक से कंझावला टी-प्वाइंट शामिल हैं। एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने बताया, मध्य क्षेत्र में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से अजमेरी गेट चौक, नेताजी सुभाष मार्ग (दिल्ली गेट से नुक्कड़ फैज बाजार), शादीपुर चौक और आर/ए



बग्गा सहित सड़कों पर स्थानीय विक्रेताओं और हॉकरों द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

इसके अलावा, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) और लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों के कारण भी वाहनों की आवाजाही बाधित हुई है। उदाहरण के लिए सैनिक फार्म से इग्नू कट तक महरौली बदरपुर रोड को ही लें, जहां मेट्रो के काम ने सड़कों को बुरी तरह प्रभावित किया है और डीटीसी बसों, कारों और बाइकों सहित सभी प्रकार के वाहन बहुत ही संकरी गली से चल रहे हैं, जिससे लगातार जाम की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा, डीएमआरसी के काम ने आउटर रिंग रोड में मधुबन चौक से पावर हाउस, पुल बंगश से रोशनआरा रोड, सदर बाजार से कुतुब रोड, भजनपुरा, इग्नू रोड (इग्नू कट से जेड-मोड़), खानपुर टी प्वाइंट, ( शेष पृष्ठ 9 )

# सदर सीट से भाजपा ने संजीव शर्मा को उतारा

## ब्राह्मण बिरादरी से आते हैं, सांसद अतुल गर्ग के है करीबी, 4.61 लाख मतदाता डालेंगे

**विस उपचुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



संजीव शर्मा

गाजियाबाद विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने संजीव शर्मा को उतारा है। संजीव भाजपा महानगर अध्यक्ष हैं। इन्हीं का नाम रेस में आगे था।

संगठन की तरफ से उनकी मजबूत रिपोर्ट बनाई गई थी। इसके अलावा वे मौजूदा सांसद अतुल गर्ग के भी करीबी हैं। संजीव ब्राह्मण बिरादरी से आते हैं। पुराने भाजपाई हैं। संजीव शर्मा साल 2007 में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हुए। इसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पद पर 3 साल तक रहे।

फिर पार्टी ने प्रदेश संयोजक सूचना और रोजगार प्रकोष्ठ का दायित्व दिया। 2013 में भाजपा के महानगर महामंत्री के पद को संभाला। इसके बाद क्षेत्रीय संयोजक प्रचार प्रसार विभाग का कार्य संभाला। साल 2019 में भाजपा के महानगर अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला, जो वर्तमान तक चल रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीनों विधायकों ने पहले से ज्यादा मतों से विजय प्राप्त की, उसके बाद ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में दोनों ब्लॉक प्रमुख ने विजय प्राप्त की। जिला पंचायत अध्यक्ष पर भाजपा ने कब्जा जमाया।

नगर निगम के चुनाव में पार्टी ने महापौर के साथ-साथ 67 पार्षदों के साथ रिकॉर्ड जीत हासिल की। इसके बाद 2024 में सांसद प्रत्याशी अतुल गांधी ने भी जीत हासिल की। स्थानीय निकाय के प्रत्याशी धर्मेंद्र भारद्वाज ने जीत हासिल की। इसके अलावा ग्रेजुएट प्रत्याशी दिनेश गोयल और शिक्षक प्रत्याशी चंद शर्मा ने भी रिकॉर्ड जीत हासिल की। गाजियाबाद के डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया- गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में कुल 4 लाख 61 हजार 360 मतदाता रजिस्टर्ड हैं। इसमें 254017 पुरुष और 207314 महिला मतदाता हैं। 2388 दिव्यांग मतदाता भी हैं।

विधानसभा क्षेत्र में एक महिला बूथ और एक युवा बूथ भी बनाया है। महिला बूथ पर मतदान स्टाफ के रूप में महिला कर्मचारी तैनात रहेंगी। इसी प्रकार युवा बूथ पर मतदान स्टाफ भी युवा रहेगा। पोलिंग पार्टियों की रवानगी रामलीला मैदान से होगी। मतगणना गोविंदपुरम अनाज मंडी में होगी। आचार संहिता लागू कराने के लिए एडी एम सिटी गंभीर सिंह को नोडल अफसर बनाया है। भाजपा ने उपचुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने 7 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। करहल में अनुजेश यादव को टिकट दिया, कटेहरी से धर्मराज निषाद को उतारा है।

कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर से दीपक पटेल,मझवां से सुचिस्मिता मौर्य को टिकट दिया गया है। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। 13 नवंबर को इन सीटों पर वोटिंग होनी है। सपा ने अब तक 6 सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं।

उप चुनाव को 2027 के रण का सेमीफाइनल माना जा रहा है। बीजेपी इन चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी जान लगा रही है। संगठन से लेकर सरकार पूरी जी-तोड़ कोशिश में जुटी हुई है।

### सपा ने दलित चेहरे पर दांव लगाया

*गाजियाबाद। सपा ने साधारण सीट पर दलित चेहरे पर दांव खेला है। उत्तर प्रदेश में हो रहे 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में एक गाजियाबाद सदर सीट पर भी उपचुनाव होगा। गुरुवार को सभी दलों के उम्मीदवार की तस्वीर साफ हो गई है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पहले यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आई थी लेकिन अब इस सीट पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ेगी। गाजियाबाद सदर सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस सीट पर विधायक रहे भारतीय जनता पार्टी के अतुल गर्ग के सांसद चुने जाने के बाद इस सीट पर चुनाव हो रहे हैं। गुरुवार को सुबह भारतीय जनता पार्टी ने जहां संजीव शर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया, तो थोड़ी देर बाद ही समाजवादी पार्टी ने सिंह राज को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। सिंह राज लाइन पार क्षेत्र से आते हैं वह वहां से स्थानीय पार्षद और जीडीए बोर्ड मेंबर रहे हैं। सपा कांग्रेस गठबंधन में पहले यह सीट कांग्रेस के पास थी, लेकिन कांग्रेस के इनकार के बाद समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है।*

**प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड का खुलासा**

# लूट के इरादे से दोस्तों ने ही कुत्ते के पट्टे से घोंट दिया था गला

- लाश को फॉरच्यूनर गाड़ी की पिछली सीट पर रखकर जला दिया था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना दादरी क्षेत्र में नंगला नैनसुख गांव के पास जंगल में मिली जली हुई फॉरच्यूनर गाड़ी और उसमें मिले एक व्यक्ति के शव के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने पैसे और ज्वेलरी लूटने के उद्देश्य से प्रॉपर्टी डीलर संजय यादव की गला घोटकर हत्या की और फिर उसके शव को गाड़ी में रखकर आग लगा दी।

दोनो आरोपी मृतक के पुराने दोस्त है। दरअसल बीती रात थाना दादरी पुलिस को सूचना मिली कि आईटीआई कॉलेज के पास एक फॉरच्यूनर गाड़ी में आग लगी है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आग पर काबू पाया और गाड़ी की जांच की, तो ड्राइविंग सीट पर एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला। शव की पहचान गाजियाबाद निवासी संजय यादव के रूप में हुई, जो प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था।

पुलिस को शुरुआती जांच में यह मामला हत्या का लगा, परिजनों ने हत्या का शक जताते हुए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। जिसके बाद थाना दादरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशाल राजपूत और जीत चौधरी नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गए 6250 रुपये, सोने जैसा दिखने वाला 1 कड़ा, 2 अंगूठियां, 01 चैन और हत्या में इस्तेमाल किया गया कुत्ते का पट्टा भी बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि विशाल और जीत ने ही संजय यादव की हत्या की थी और लूट के बाद शव को जलाने की योजना बनाई थी।

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे संजय यादव को जानते थे और उनकी प्रॉपर्टी डीलिंग के काम की वजह से उनके साथ संबंध थे। संजय यादव हमेशा बड़ी रकम और सोने के आभूषण अपने पास रखते थे, जिससे आरोपियों के मन में उसे लूटने का ख्याल आया। 22 अक्टूबर को संजय उनके घर आया, जहां तीनों ने मिलकर बीयर पी।

नशे में होने का फायदा उठाकर दोनों आरोपियों ने मिलकर कुत्ते के पट्टे से संजय का गला घोंट दिया और उसके पैसे और आभूषण लूट लिए। हत्या के बाद, उन्होंने संजय की लाश को फॉरच्यूनर गाड़ी की पिछली सीट पर रखा और सुनसान जगह जाकर गाड़ी में पेट्रोल डालकर शव के साथ उसे जला दिया। जीत ने लाइटर से गाड़ी में आग लगाई, जिसमें वह खुद भी झुलस गया था। दोनों आरोपियों ने वहां से पैदल भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा प्राधिकरण ने 50 करोड़ की जमीन कराई खाली

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण को लेकर अभियान जारी है। गुरुवार को प्राधिकरण की सर्किल-6 की टीम ने सलारपुर में करीब 50 करो? रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां बाउंडरी और टीम शेड लगाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।

कुछ पक्का निर्माण भी कराया गया था। जिसे प्राधिकरण के बुलडोजर ने ध्वस्त किया। ये जमीन प्राधिकरण की मास्टर प्लान-2031 के अनुसार नियोजित है। प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर में खसरा नंबर-595,596,597 और 598 करीब 5 हजार वर्गमीटर जमीन है। इस जमीन के चारो ओर बाउंडरी कराकर अवैध निर्माण किया जा रहा था। यहां प्लाटिंग कर लोगों को सस्ते प्लाट बेचने का काम हो रहा था। प्राधिकरण को जानकारी मिलने पर कार्यवाही की गई। इसके अलावा इसके आसपास भी कई स्थानों पर अवैध निर्माण हो रहा है। वहां अंतिम नोटिस चस्पा किया गया है।

अवैध निर्माण हटाने को कहा गया है। यदि वे नहीं हटाते तो कानूनी कार्यवाही के साथ निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा। बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आकी गई है।

# दो साल बाद देश में ही बनेगा कार्बन फाइबर: गिरिराज

- गाजियाबाद में 62वें संयुक्त सम्मेलन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



62वें संयुक्त तकनीकी सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री गिरिराज व अन्य।

संजयनगर स्थित निटरा संस्थान में वस्त्र अनुसंधान संस्थान अटीरा, बिटरा, सिटरा और निटरा द्वारा संयुक्त रूप से 62वें ज्वाइंट टेक्नोलॉजिकल कांफ्रेस का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में वस्त्र एवं परिधान उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। दो दिवसीय इस कांफ्रेस का शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने वस्त्र उत्पाद एवं तकनीक सम्बंधित प्रदर्शनी, पोस्टर प्रस्तुतीकरण तथा निटरा के नॉन वूवेन प्लांट और फाइबर स्पिनिंग प्लांट का भी उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने निटरा संस्थान के प्लांट का भी निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि टैक्सटाइल का नाम सुनते ही लोग उसे चमकता-दमकता फैशन समझ लेते हैं, जबकि यह एक ऐसा टैक्साइल है जो सियाचीन पर खड़े एक सैनिक और आम लोगों के सोचते हैं। इसरो जैसे संस्थानों में भी टैक्सटाइल का बड़ा योगदान है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज देश की सिल्क में जो ताकत है उसका बड़ा योगदान सिल्क बोर्ड को ही जाता है। एनटीटीएम में हमारे पीएम की सोच काफी आगे तक की है।

मिल्क बीज से बनी रजाई, जैकेट इतने गर्म होते हैं कि उन्हें बर्फीले क्षेत्र में आराम से इस्तेमाल किया जा सकता है। इस दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी 2047 तक देश को कहां लेकर जाना है उस विजन के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुरातन काल में ऋषि मुनि रिसर्चर हुआ करते थे, अब वैज्ञानिक ही रिसर्चर है जो हमारे लिए किसी ऋषि मुनि से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले हमारे देश में कार्बन फाइबर की तकनीक नहीं थी, लेकिन अब हमारे वैज्ञानिक वहां तक पहुंच गए हैं और आने वाले दो साल में देश में न सिर्फ कार्बन फाइबर होगा बल्कि नायलान 6.6 भी उपलब्ध होगा। निटरा के महानिदेकश अरिदम बासु ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि टैक्सटाइल कमिश्नर रूपराशि ने इस अवसर पर कहा कि तकनीक को और दुरूस्त करने के लिए हमें स्टेक होल्डर, इंडस्ट्री के साथ मिलकर काम करना होगा।

दो दिवसीय सम्मेलन में वैज्ञानिकों द्वारा 26 शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा, अटीरा, बिटरा, सिटरा के निदेशक प्रग्नेश शाह, डॉ.टीवी श्रीकुमार, अटीरा डायरेक्टर डॉ.प्रकाश वासुदेवन के साथ सैन्य, अर्ध सैन्य बल के उच्चधिकारी, उद्योगों व संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तनाव के चलते उद्योगपति समेत दो ने की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना फेस -1 क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रहने वाले एक उद्योगपति समेत दो लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सेक्टर 7 में स्थित एक फैक्ट्री में अपना कारोबार चलाने वाले डालचंद यादव (55 वर्ष) पुत्र मोहनलाल यादव मूल निवासी जनपद बरेली ने बीती रात को फैक्ट्री के अंदर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह रात के समय जब अपने घर नहीं पहुंचे तो उनके परिवार के लोग उन्हे ढूंढते हुए फैक्टरी पहुंचे। उन्होंने पाया कि वह फंदे से लटके हुए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि वह कारों के रेडिएटर के फैन बनाते थे, तथा उन्होंने सेक्टर 7 में एक फैक्ट्री के अंदर किराए पर जगह ले रखी थी। वह कुछ दिनों से व्यापार में हो रहे घाटा के चलते मानसिक तनाव में थे। एक अन्य मामले में प्रेम नामक युवक ने हरौला में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### विभिन्न स्थानों पर तीन शव मिले

नोएडा के विभिन्न जगहों पर एक महिला समेत तीन अज्ञात लोगों का शव मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के दलित प्रेरणा स्थल के पास एक 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव सड़क किनारे मिला है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महिला की मौत सड़क हादसे के चलते हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना दादरी क्षेत्र में एक 48 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। थाना सेक्टर 63 क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कंप्यूटिंग, विज्ञान और संचार पर दो दिवसीय सम्मेलन



**गाजियाबाद।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज, गाज़ियाबाद के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को कंप्यूटिंग, विज्ञान और संचार पर प्रथम दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीसीएससी -2024) का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन को इंस्टीट्यूटऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स यूपी सेक्शन (भारत) द्वारा तकनीकी रूप से सह-प्रायोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. निवास सिंह (निदेशक, आईआईआईटीएम ग्वालियर) ने किया। सम्मेलन में मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद प्रो. आशीष कुमार सिंह ने कहा, आज के डिजिटल युग में उच्च गति इंटरनेट ने संचार की गति और विश्वसनीयता को बढ़ाया है। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश तिवारी, एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. डी. शर्मा, प्रो. पंकज कुमार शर्मा, प्रो. तरुण कुमार अरोड़ा का मौजूद थे।

### चार बिल्डरों पर लगा 10.75 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** नोएडा में प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को सेक्टर-128, 129 और 132 का निरीक्षण किया। यहां ग्रेप का नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। प्राधिकरण की टीम ने 4 बिल्डरों पर 10.75 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। ये जुर्माना सात दिन में जमा करना होगा। अन्यथा की स्थित लीज डीड की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण की सर्किल-9 की टीम यहां अचानक निरीक्षण किया। यहां चारों बिल्डर के यहां निर्माण के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा था। मटेरियल ग्रीन नेट से कवर नहीं किए गए थे। खुदाई की मिट्टी का डिस्पोजल ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा था। मिट्टी को सड़क पर फैलाया गया था। इस कारण लगातार धूल उड़ रही थी। ऐसे में इस एरिया का एक्यूआई स्तर बढ़ रहा था।

### छात्रों के दो गुट में जमकर हुई मारपीट

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक विश्वविद्यालय के बाहर छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले में अभी किसी की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ है। यह वायरल वीडियो नॉलेज पार्क में स्थित एक नामी विश्वविद्यालय के बाहर का बताया गया है। सड़क पर दोनों गुटों के बीच मारपीट हो रही है। वीडियो में छात्र एक दूसरे के साथ मारपीट करते साफ दिख रहे हैं। काफी देर तक चली मारपीट के बाद दोनों गुट वहां से चले गए। इस मामले में नॉलेज पार्क थाना प्रभारी का कहना है कि अभी किसी की कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध हथियार सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना ईकोटेक- प्रथम पुलिस ने बीती रात को एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। थाना ईकोटेक- प्रथम के प्रभारी अनुज राणा ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने सोनू पुत्र भले सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी लूटपाट करने की नीयत से घूम रहा था। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी लुक्सर जेल के पास से हुई है। थाना बीटा- दो पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार बरामद किया है। थाना प्रभारी विद्युत गोयल ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर मोनू पुत्र श्री लाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि यह बदमाश लूटपाट करने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा था।

### सड़क हादसे में इंजीनियर की मौत, एक अन्य घायल

**नोएडा।** नोएडा में एक सड़क हादसे में एक इंजीनियर की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार रात सेक्टर-58 पुलिस थाना क्षेत्र में फोर्टिस अस्पताल के पास की है जब एक कार ने सड़क पर पैदल चल रहे दो इंजीनियर को टक्कर मार दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उत्तराखंड के निवासी नीरज पांडे (30) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल सुभाष पांडे (30) का उपचार किया जा रहा है।

# लालच में कछुओं की तस्करी करती थी महिलाएं, नोएडा पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस की सख्ती के बावजूद अपराधी अपराध करने से बाज नहीं आ रहे हैं और एक के बाद एक अपराध को बेधड़क अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ाने में तुले हुए है। हैरानी की बात तो ये है अपराध को अंजाम देने में पुरुषों के साथ अब महिलाएं भी शामिल होने लगी है और धड़ल्ले से अपराधों को अंजाम दे रही हैं।

हाल ही में नोएडा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां पुलिस ने आज (24 अक्टूबर) प्रतिबंधित कछुए बेचने आई दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा थाना फेस-1 पुलिस ने सूचना के आधार पर दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 14 कछुए बरामद किए हैं। कहा जा दोनों महिलाएं उत्तर प्रदेश के मथुरा के यमुना नदी से कछुए पकड़ नोएडा में बेचने के लिए लाई थी।

दीपावली पर शुभ माने जाने के कारण इस मौके पर कछुओं की अच्छी कीमत मिल जाती है। ऐसे में महिलाएं अच्छे पैसे कमाने की फिराक में कछुओं की कीमत लगाने के लिए नोएडा शहर आ गई। सूत्रों के मुताबिक कछुओं के मीट और सूप के लिए भी होटलों में सप्लाई की जाती है। उनके पास से प्रतिबंधित 14 कछुए बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है।

# डीएनडी: लूप की चौड़ाई बढ़ेगी, सलाहकार कंपनी चिन्हित

- अतिरिक्त पुल बनाकर बढ़ाएंगे लेन, 1 लाख लोगों को फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



डीएनडी पर दिल्ली से आकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे की तरफ जाने के लिए बने लूप की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। यहां पर एक अतिरिक्त लेन बनाने की तैयारी है। इसके अलावा फिल्म सिटी रास्ता के ऊपर पुल को भी चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना पर नोएडा प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है।

लूप की चौड़ाई कम होने की वजह से व्यस्त समय में डीएनडी पर रोजाना लोगों को दो-तीन किलोमीटर तक जाम झेलना पड़ रहा है। इससे एक लाख से ज्यादा वाहन चालकों को फायदा होगा। डीएनडी पर दिल्ली से आते समय नोएडा में तीन तरफ ट्रैफिक जाता है। पहला, सीधे सेक्टर-3 रजनीगंधा अंडर पास होते ही मास्टर प्लान रोड नंबर-1 की तरफ जाता है। दूसरा, लूप से उतर कर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे की तरफ। तीसरा सेक्टर-14ए, 15ए की तरफ जाता है।

60-70 प्रतिशत वाहन लूप से उतर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे की तरफ जाते हैं। इस लूप पर वाहनों का अधिक दबाव होने से जाम लगता है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि फिल्म सिटी रास्ते के ऊपर डीएनडी पर बने पुल की चौड़ाई को भी बढ़ाया जाना है। पुल व लूप की चौड़ाई बढ़ाने के लिए सर्वे व डिजाइन का काम उत्तर प्रदेश की संस्था सेंटर फॉर अर्बन एंड एनवॉयरमेंट स्टडी, लखनऊ को सौंपा गया है। जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी कर काम को आगे बढ़ाया जाएगा। यहां पुल की चौड़ाई बढ़ाने से मतलब एक पुल और बनाया जाएगा। जैसे शाहदरा ड्रेन के चौड़ीकरण के समय हुआ था। यहां अतिरिक्त लेन बढ़ाने के लिए नया पुल बनाया गया था।

चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर की ओर जाते समय फिल्म सिटी के सामने सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। यहां बिजली के सभी पोल हटाने के बाद खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-3 रजनीगंधा अंडरपास की तरफ से आकर ग्रेनो की ओर जाने के लिए उतरने वाले लूप के पास से काम शुरू किया गया है।

अलग-अलग जगह टुकड़ों में फुटपाथ व अन्य चीजें हटाकर करीब 300 मीटर हिस्से में सड़क चौड़ी की जाएगी। यह काम तीन-चार महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

# एनजीटी में प्राधिकरण ने दाखिल किया झूठा हलफनामा

- रिटायर डीजीएम और सीईओ को किया तलब, 8 नवंबर को मामले की अगली सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 17 अक्टूबर को एक सुनवाई के दौरान नोएडा प्राधिकरण के रिटायर डीजीएम श्रीपाल भाटी को तलब किया है। शहर में सड़क किनारे हो रहे अवैध टाइल कार्य और 2022 में जमा किए गए झूठे हलफनामे पर ट्रिब्यूनल ने नाराजगी ज़ाहिर की है। अब उन्हें 8 नवंबर को एनजीटी के सामने हाजिर होना है। इस मामले में सीईओ को भी नोटिस जारी हुआ है। यह मामला सड़क किनारे के हरे भरे क्षेत्रों में टाइल लगाने से जुड़ा है, जो उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार की फुटपाथ संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। दरअसल, नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने कुछ स्थानों पर टाइलें हटाकर फोटो एनजीटी में जमा किए, जिनमें केवल 5-10 टाइलें ही हटा दी गईं और काम अधूरा छोड़ दिया गया। उन स्थानों से हजारों टाइलें हटाई जानी चाहिए थीं क्योंकि उन्हें 2018 के नियमों का उल्लंघन करते हुए लगाया गया था। हालांकि, नोएडा प्राधिकरण ने अनुपालन का दावा किया था। लेकिन याची के अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने नोएडा गोल्फ कोर्स, होजरी कॉम्प्लेक्स और नोएडा के विभिन्न सेक्टरों सहित कई स्थानों पर टाइल लगाने का फोटोग्राफिक सबूत प्रस्तुत किया।

न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और डॉ. अफरोज अहमद के नेतृत्व वाली एनजीटी बेंच ने इन गलत बयानों को गंभीर मानते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने न्यायिक आदेशों को धोखे से अपने पक्ष में प्राप्त किया है। अगस्त 2024 में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सीईओ को भी एनजीटी द्वारा तलब किया गया था, जहां एनजीटी के आदेशों का पालन करने के लिए कड़ी हिदायत दी गई थीं।

इसके बावजूद, नोएडा प्राधिकरण 2018 के फुटपाथ दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए सड़क किनारे के हरे भरे क्षेत्रों में 5-6 मीटर तक टाइलें बिछा रहा है। जिससे वर्षा जल के अवशोषण में बाधा आ रही है और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है।

आवेदक ने लगातार इन उल्लंघन के फोटोग्राफिग सबूत प्रस्तुत किए हैं, लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने कोर्ट में झूठी जानकारी प्रस्तुत की है। एनजीटी ने सीईओ और डीजीएम को 8 नवंबर 2024 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इन कर्तव्यों और झूठे हलफनामा के संबंध में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

# प्रदूषण से सांस के मरीजों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी

- डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा, 10 में से 4-5 मरीज को खांसी और अस्थमा जैसी समस्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने का असर दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर देखने के साथ सभी जगहों पर सांस संबंधी मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इस समय अस्पताल में 10 में से 4 से 5 मरीज सांस, खांसी और अस्थमा जैसी समस्या लेकर आ रहे हैं।



यह कहना है कि ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. राजेश गुप्ता का। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वायु प्रदूषण के मानव स्वास्थ्य, विशेषकर श्वास प्रणाली पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। यही कारण है कि सर्दियों शुरू होते ही वायु प्रदूषण से जुड़े मरीजों की की संख्या में 40 से 50 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। इसकी वजह से खांसी, साँस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द, आँख आदि जैसी शिकायतें के साथ मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज , हृदय सम्बंधी रोग दिल का दौरा, स्ट्रोक, फेफड़ों के कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।

# एमसीडी, डीडीए सड़कों से धूल साफ करें : एलजी

● उपराज्यपाल ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए डीडीएमए की बैठक की अध्यक्षता की



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब स्तर पर पहुंचने के बीच दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण को सड़क से धूल साफ करने का निर्देश दिया। उन्होंने धूल पैदा करने वाले सीएंडडी कचरे, सूखी हुई गाद को इकट्ठा करने और सड़क की धूल को साफ करने का काम मिशन मोड में करने को कहा। क्योंकि इसके परिणाम बहुत उत्साहजनक रहे हैं, एमसीडी और डीडीए ने पिछले पखवाड़े में क्रमश: 15,000 मीट्रिक टन और 8000 मीट्रिक टन धूल को इकट्ठा करके उसका निपटान किया है। उपराज्यपाल ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की अधिकारियों को आदेश दिया।

बैठक में एलजी ने शहर में वायु प्रदूषण के आंतरिक स्रोतों को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की। धूल को वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा आंतरिक स्रोत माना गया, जिसका तुरंत समाधान किया जा सकता है, क्योंकि वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन आदि से होने वाले प्रदूषण के लिए भी दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता होती है। उपराज्यपाल ने बताया कि सीएक्यूएम की हाल ही में हुई बैठक के बाद उन्होंने एमसीडी और डीडीए को निर्देश दिया था कि वे धूल पैदा करने वाले सीएंडडी कचरे, सूखी हुई गाद को इकट्ठा करने और सड़क की धूल को साफ करने का काम मिशन मोड में शुरू करें। मुख्यमंत्री और पर्यावरण मंत्री ने माना कि इस अभियान से स्थिति को काफी हद तक ठीक करने में मदद मिली है और उन्होंने पीडब्ल्यूडी और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को मिशन मोड में इसी तरह के काम करने के निर्देश दिए हैं। एमआरएस ट्रकों द्वारा सड़कों की सफाई के साथ-साथ धुलाई के साथ-साथ ऊंची इमारतों पर घूमने वाले स्मॉग-गन लगाने का काम भी शुरू किया गया है और अब तक, शहर में 160 ऊंची इमारतों पर घूमने वाले स्मॉग-गन के साथ लगभग 300 एमआरएस ट्रक काम कर रहे हैं।

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि पूर्वी और पश्चिमी परिधीय एक्सप्रेसवे के माध्यम से वैकल्पिक मार्ग होने के बावजूद वाहन शहर में प्रवेश कर रहे हैं और इसे रोकने के लिए प्रवर्तन की आवश्यकता है। इसी तरह, खुले में कचरा चलाने और पीयूसी के अनुपालन के संबंध में सख्त प्रवर्तन का मुद्दो पर भी चर्चा हुई।

ऐसे प्रवर्तन के लिए जनशक्ति की कमी को उजागर किया गया। डीडीएमए की बैठक में, डीपीसीसी ने आने वाले महीनों में वायु गुणवत्ता का एक गंभीर पूर्वानुमान प्रस्तुत किया। वायु गुणवत्ता कई मौकों पर खतरनाक स्तर तक पहुंचने का अनुमान है जब सीएक्यूएम को ग्रैप चर उपायों को लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसका अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक प्रभाव पड़ता है। बैठक के दौरान, डीपीसीसी ने पर्याप्त प्रवर्तन तंत्र की कमी के बारे में जानकारी दी, जो सीएक्यूएम और राज्य सरकार और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा लागू किए गए विभिन्न उपायों के लिए उनकी प्रभावशीलता में बाधा डालता है। इन महीनों में, कई कारक परिवहन, सड़क की धूल, निर्माण धूल, पराली जलाना, अपशिष्ट जलाना, लकड़ी जलाना से रोकने के उपाए पर जोर दिया। इसके लिए विकेंद्रीकृत तरीके से पर्याप्त जनशक्ति को सक्रिय करने की आवश्यकता है।

## प्रदूषण के खिलाफ अभियान में लगाए जाएंगे बस मार्शल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बस मार्शल के पद से अक्टूबर 2023 में बर्खास्त किए गए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश के बाद चार महीने के लिए प्रदूषण कम करने से संबंधित कामों पर तैनात किया जाएगा। उनकी तैनाती की अवधि एक नवंबर से शुरू होगी और फरवरी के अंत तक आकस्मिक आधार पर किया जाएगा। राज निवास के एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि वे चार महीने की रोजगार अवधि के बाद उनके भविष्य के नियोजन के लिए उचित प्रक्रिया के आधार पर एक ठोस योजना लेकर आएं। उपराज्यपाल दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के नियमित रोजगार के लिए दिल्ली सरकार द्वारा तैयार की जाने वाली इस योजना में उनकी तैनाती, बजटीय प्रावधान, वित्तीय मंजूरी, पद सृजन और आरक्षण मानदंडों का विवरण शामिल होगा। सरकार वायु प्रदूषण रोकने के मकसद से जिला मजिस्ट्रेटों की देखरेख में पीयूसीसी केंद्रों, हॉटस्पॉट्स, डीपीसीसी, संबंधित विभागों और स्थानीय निकायों में उचित कर्तव्यों के लिए उनकी तैनाती के बारे में निर्णय ले सकती है।

# मार्शलों की तैनाती पर भाजपा और आप में श्रेय लेने की होड़





फोटो-1: महिला मार्शल को गले लगाती मुख्यमंत्री आतिशी
फोटो-2: मार्शल को मिठाई खिलाते वीरेंद्र सचदेवा।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ने बर्खास्त बस मार्शलों को एक नवंबर से चार महीने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी ड्यूटी पर तैनात करने के फैसले को लेकर अपनी-अपनी जीत का बृहस्पतिवार को दावा किया।

दिल्ली में बस मार्शल के पद से अक्टूबर 2023 में बर्खास्त किए गए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश के बाद चार महीने के लिए प्रदूषण कम करने से संबंधित उपायों से जुड़ी ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। यह जानकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को दी। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस कदम को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ बस मार्शल और आम आदमी पार्टी (आप) के संघर्ष की जीत बताया। भारद्वाज ने कहा, बस मार्शलों के संघर्ष और अरविंद केजरीवाल की कड़ी मेहनत के नतीजे सामने आए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को झुकना पड़ा क्योंकि इन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को अब राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण कम करने में मदद करने के लिए चार महीने की ड्यूटी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि बस मार्शल अब दिल्ली में प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में सरकार की सहायता करेंगे। भारद्वाज ने भाजपा पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया, जिसके कारण नागरिक स्वयंसेवकों की नौकरियां चली गईं। वहीं आतिशी के दफ्तर पहुंचे मार्शलों ने सीएम को धन्यवाद दिया।

भाजपा ने भी इस कदम का स्वागत किया और आप सरकार पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को गुमराह करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक एवं दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा, यह न केवल भाजपा की जीत है, बल्कि आप सरकार की पोल भी खोलता है, जो जानबूझकर उन्हें (बस मार्शलों को) गुमराह कर रही थी। गुप्ता ने कहा कि आप सरकार ने इन नागरिक स्वयंसेवकों को लगातार गुमराह किया, क्योंकि उन्हें केवल बस मार्शल के रूप में बहाल नहीं किया जा सकता था, क्योंकि उन्हें आपदा प्रबंधन उद्देश्यों के लिए अस्थाई रूप से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में भर्ती किया गया था। राज निवास के एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि वे चार महीने की रोजगार अवधि के बाद उनके भविष्य के नियोजन के लिए उचित प्रक्रिया के आधार पर एक ठोस योजना लेकर आएं।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मार्शलों की नियुक्ति पर उपराज्यपाल को धन्यवाद दिया। वह मार्शलों से मिले और उनके संघर्ष में लगातार साथ देने की बात कही।

## संक्षिप्त समाचार



राजधानी के बीकानेर हाउस स्थित लिविंग ट्रेडिशन सेंटर के एलटीसी गैलरी में बृहस्पतिवार को किरण सोनी गुप्ता के 'एन आर्ट ओडिशी' विषय पर आयोजित कला प्रदर्शनी का आधिकारिक उद्घाटन राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कलराज मिश्र ने किया।

### रिठाला के गांवों में 32 करोड़ का विकास कार्य : राय

**नई दिल्ली।** गांवों के विकास कार्यो को गति देने के लिए दिल्ली सरकार ने रिठाला विधान सभा में बृहस्पतिवार को विकास सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि लगभग 32 करोड़ रूपए से रिठाला विधान सभा में विकास कार्य किया जा रहा है। इस अवसर रिठाला विधानसभा के विधायक मोहिंदर गोयल और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी मौजूद थे। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया था , जिसके तहत दिल्ली के सभी गाँवो में बेहतर सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 32 करोड़ रूपए से रिठाला विधान सभा के गांवों में विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पिछले ग्राम विकास बोर्ड की मीटिंग में राजधानी के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 100 योजनाओं को मंजूरी दी है। दिल्ली सरकार ने बड़े गांवों में बैठने के लिए 100 बेंच लगाने की मंजूरी दी है। छोटे गांवों में 20 बेंच लगाए जायेगें।

### पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सुनवाई पूरी

**नई दिल्ली।** एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े कथित हत्या के एक मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई पूरी कर ली। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष और कुमार के वकीलों को आठ नवंबर तक अपनी दलीलों के समर्थन में दस्तावेज दाखिल करने का निर्देश दिया। यह मामला सरदार जसवन्त सिंह और उनके बेटे सरदार तरुण दीप सिंह की कथित हत्या से संबंधित है। फिलहाल 1984 के दंगों के एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुमार तिहाड़ केंद्रीय कारागार में बंद हैं और वह वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए। अदालत ने पहले कुमार के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए उनके खिलाफ आरोप तय किए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए घातक हथियारों से लैस एक विशाल भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी या सिखों की संपत्ति को नष्ट करने में शामिल थी।

## फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने फर्जी वीजा प्रदान करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर इस सिलसिले में गुजरात के सूरत से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को दिल्ली लाकर गिरफ्तार कर लिया गया है, उसकी पहचान प्रतीक शाह के रूप में हुई है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र की पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने कहा, इस महीने की शुरुआत में हमारी टीम ने गिरोह के पांच सदस्यों गौरव , नितिन शर्मा (33), सरबजीत कौर (29), गगनदीप कौर (32) और रीना कौशल (42) को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान हमें प्रतीक शाह के बारे में पता चला। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक कुलदीप (21) 28 सितंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। उसके यात्रा संबंधी दस्तावेजों की जांच के दौरान पता चला कि उसके पासपोर्ट पर कनाडा का फर्जी विजिटर वीजा लगा हुआ था।

# यमुना नदी में डुबकी लगा भाजपा नेता बीमार

● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के शरीर पर रैशिस, खुजली और सांस लेने में तकलीफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यमुना में डूबकी लगाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा। फोटो: रंजन डिमरी

यमुना नदी में प्रदूषण को लेकर राजनीति जारी है। इस मुद्दे पर भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बृहस्पतिवार को सुबह यमुना में डुबकी लगाई। साथ ही केजरीवाल और आतिश को डुबकी लगाने की चुनौती दे डाली। हालांकि दोपहर बाद उनकी त्वचा पर लाल रैशिस, खुजली और सांस लेने में हल्की तकलीफ हुई जिसके बाद उन्होंने आरएमएल अस्पताल में जहां कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें तीन दिन दवा लेने की सलाह दी। वीरेन्द्र सचदेवा के दावा किया कि निमंत्रण के बावजूद पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल और वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना आईटीओ यमुना घाट पर नदी में डुबकी लगाने नहीं आये। भाजपा नेताओं ने लगभग 30 मिनट तक केजरीवाल व आतिशी का इंतजार किया और फिर यमुना घाट पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं, छठ समिति सदस्यों को संदेश दिया। सचदेव ने कहा कि उन्होंने यमुना नदी के काले बदबूदार पानी में डुबकी लगा कर नदी को प्रदूषण मुक्त करने के नाम पर 8500 करोड़ के भ्रष्टाचार को उजागर किया और यमुना से आप सरकार द्वारा यमुना की साफ-सफाई नहीं करके भ्रष्टाचार करने के लिए माफी मांगी। सचदेवा ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा था कि केजरीवाल उनके 2025 चुनाव से पहले यमुना सफाई पूरी करके यमुना में डुबकी लगाने के वादे की याद दिलाते हुए छठ घाट पर यमुना में डुबकी लगाने का अनुरोध किया था।

## वीरेंद्र सचदेवा का डुबकी लगाना चुनावी स्टंट : देवेन्द्र यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने यमुना में डुबकी लगाने पर भाजपा नेता पर निशाना साधा है। उन्होंने का दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का यमुना में डुबकी लगाना चुनावी स्टंट रहा, क्योंकि डुबकी लगाते वक्त भाजपा कार्यकर्ता भाजपा जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाना पूरी तरह राजनीति से प्रेरित रहा।

दिल्ली वाले इनकी की करनी और कत्थनी का अंतर समझ चुके हैं। साथ ही कहा कि यमुना में प्रदूषण रोकने में पूरी तरह नाकाम आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय वायु और जल प्रदूषण को कम करने और प्रदूषण नियंत्रित करने की जगह अपनी जिम्मेदारियों से भागते नजर आ रहे है। अक्टूबर माह में जहां अभी मौसम में पूरी तरह नमी नहीं आई है परंतु राजधानी में दमघोटू प्रदूषण का स्तर दिसम्बर की सर्दियों वाला बन रहा है और यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने के कारण पानी जहरीला हो गया है, जिसको ट्रीट करने में आतिशी ने असमर्थता जताकर लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

## विवाद के बाद मेट्रो ने स्तन कैंसर का विज्ञापन हटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए उस पोस्टर को हटा दिया है जिस पर लिखा था कि अपने संतरों की जांच कराएं। लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह उपमा संदेश को अस्पष्ट करती है, क्या यह समाज में महिलाओं को सहज महसूस करने में मदद करती है या यह उन्हें और असहज बनाती है।

दिल्ली मेट्रो ने यह कदम सोशल मीडिया और इसके बाहर एक गैर-लाभकारी संगठन यूवीकैन फाउंडेशन के पोस्टर को लेकर चली बहस के एक दिन बाद उठाया है। अक्टूबर में स्तन कैंसर जागरूकता माह के दौरान शुरू किए गए इस अभियान में, एआई से निर्मित महिलाओं को बस में संतरे लिए दिखाया गया था, जिसके शीर्षक में महिलाओं से अनुरोध किया गया था कि वे (स्तन कैंसर) रोग का पता लगाने के लिए समय रहते महीने में एक बार अपने संतरे की जांच कराएं। हालांकि, यह पोस्टर केवल एक ट्रेन पर था लेकिन यात्रियों ने इसकी तस्वीरें खींच ली, इसे व्यापक रूप से साझा किया और यह मुद्दा शीघ्र ही सोशल मीडिया सहित विभिन्न मंचों पर गंभीर चर्चा का विषय बन गया।

### दफ्तरों के समय में बदलाव करने पर विचार : गोपाल

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर अहम चर्चा हुई। जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार के दफ्तरों के समय में बदलाव करने भी चर्चा हुई है।

इसके अलावा एलजी से निवेदन किया है कि वह पायलट बेस पर कृत्रिम बारिश कराने को लेकर केंद्र सरकार से बात करें। ताकि आपातकालीन स्थिति में इसपर कार्रवाई हो सके। एलजी ने आश्वासन दिया है कि वह इसे लेकर केंद्र सरकार से बात करेंगे। प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को और बेहतर करने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे।

## विस्फोट मामला: पुलिस जांच में छह संदिग्ध मिले

● धमाके के वास्तविक प्रकृति का पता लगाने के लिए पुलिस फोरेंसिक जांच रिपोर्ट का कर रही इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल की दीवार में हुए बम धमाके के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने घटना से पहले मौके पर गए हुए छह लोगों की पहचान संदिग्धों के रूप में की है।

धमाके की वास्तविक प्रकृति का पता लगाने के लिए पुलिस फोरेंसिक जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और मामले के संबंध में अब तक करीब 100 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। सूत्र के अनुसार, पुलिस अब उन छह व्यक्तियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है, जिन्हें धमाके से पहले अलग अलग समय में मौके पर देखा गया था। रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में 20 अक्टूबर को स्कूल की दीवार में जोरदार धमाका हुआ था।

धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे आसपास की दुकानों के होर्डिंग्स और इलाके में खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना से पहले वाली रात के एक संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया था और धमाके से ठीक पहले घटनास्थल के पास देखे गए दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की गई थी।

मामले की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने स्थानीय लोगों, दुकानदारों और सुरक्षा गार्डों समेत करीब 100 लोगों से पूछताछ की है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि स्कूल की दीवार के पास जमीन से एक फुट नीचे लगाए गए बम की वास्तविक संरचना क्या थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फोरेंसिक टीम और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के विशेषज्ञों ने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर लिए हैं तथा रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# पढ़ाई हो या खेल, छात्रों को आगे बढ़ने का मिलेगा मौका: आतिशी

● मुख्यमंत्री छत्रसाल स्टेडियम में दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पढ़ाई हो या खेल छात्रों को उनकी प्रतिभा के हिसाब से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। पैसों की कमी कभी भी खिलाड़ियों की प्रतिभा में बाधा न बने इसलिए उनकी सरकार प्ले एंड प्रोग्रेस व मिशन एक्सीलेंस योजना शुरू की है।

अतिशी ने यह बात छत्रसाल स्टेडियम में दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स के उद्घाटन अवसर पर कही। सीएम ने कहा कि दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स के माध्यम से हर साल स्कूलों में उभरती खेल प्रतिभाओं को अपने खेल कौशल को प्रदर्शित करने का मंच देती है। इस तरह के खेल आयोजनों से दिल्ली सरकार भविष्य के ओलंपियन और अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता तैयार कर रही है। साथ ही यह भी कहा कि खिलाड़ी बनना कोई आसान उपलब्धि नहीं है। राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पहचान हासिल करने के लिए वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण की आवश्यकता होती है। दिल्ली स्टेट गेम्स में शामिल 34 खेलों में अधिकांश ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल जैसे अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा, पैरा-एथलीटो के लिए भी 13 खेल शामिल किए गए हैं। जोनल लेवल पर 3500 से अधिक स्कूलों की आपस में हुई प्रतियोगिता जिनमें 29 जोन की टॉप टीमें अब स्टेट लेवल पर दिखाएंगी दमखम। इस प्रतियोगिता में अंडर 14,17 व 19 वर्ष के खिलाड़ी भाग लेंगे। आतिशी ने कहा कि, बृहस्पतिवार से दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स शुरू हुआ है। यहाँ अपनी प्रतिभा दिखाने वाले खिलाड़ियों को पहले अपने स्कूल में, जोन में, डिस्ट्रिक्ट लेवल पर भाग लेने के बाद राज्य स्तर पर पहुँचंगे। उन्होंने कहा कि, लोग खिलाड़ियों के 10-15 मिनट के प्रदर्शन को देखते है लेकिन उस 10 मिनट के खेल के लिए उन्हें वर्षो मेहनत करनी पड़ती है। जब बहुत से बच्चे घर में सो रहे होते है, तब खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे होते है, अपना पसीना बहा रहे होते है। उसी मेहनत के दम पर बड़ी उपलब्धियां हासिल करते है।

दिल्ली सरकार ने पूरी कोशिश की है कि जो-जो खिलाड़ी स्पोर्ट्स में आगे बढ़ना चाहे उन्हें पूरा मौका मिलना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि अक्सर स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग, कोचिंग, इक्विपमेंट्स कई बार काफी महँगी होती है। उन्होंने कहा कि, 2018 से 2022 तक 1500 से ज़्यादा खिलाड़ियों को प्ले एंड प्रोग्रेस स्कीम से सपोर्ट मिला है। और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में और भी बहुत से खिलाड़ियों की इस स्कीम के माध्यम से सपोर्ट मिलेगा।

सीएम आतिशी ने कहा कि, हमारा सपना है कि, दिल्ली के खिलाड़ी न सिर्फ दिल्ली बल्कि पूरे देश का नाम रौशन करें।

### इन 34 खेलों में खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दमखम

एथलेटिक्स के फील्ड एंड ट्रैक खेलों के अलावा तैराकी, टेनिस, हॉकी, फुटबॉल, बॉक्सिंग, ताईक्वानडो, कराटे, कुश्ती, सॉफ्टबॉल, क्रिकेट, जिमनस्टिक, जूडो, बास्केटबॉल, नेट बॉल, हैंडबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, बेसबॉल, योग, बॉलीबॉल, स्केटिंग, शतरंज, वूशू आदि खेल शामिल है। साथ ही इसमें 13 पैरा-गेम्स भी शामिल है।

## दो बच्चियों के इलाज के लिए धन जुटाने का अभियान शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● स्पाइन मस्क्युलर ओट्रोफी से पीड़ित दो लड़कियों की मदद को आगे आए आप सांसद

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को स्पाइनल मस्क्युलर अट्रोफी (एसएमए) से पीड़ति दो लड़कियों के इलाज के लिए धन जुटाने के वास्ते चंदा एकत्र करने का अभियान शुरू किया।

एसएमए एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जिसके इलाज के लिए 17 करोड़ रुपए की कीमत वाले इंजेक्शन की आवश्यकता होती है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने नागरिकों से 11 महीने की सेहरिश और आठ महीने की कियारा रावत के उपचार में योगदान देने का आग्रह किया। दोनों को टाइप 1 एसएमए से पीड़ित पाया गया है। सिंह ने कहा, मैं इस महीने का अपना पूरा वेतन और दोनों लड़कियों को एक-एक लाख रुपए दान दूंगा, लेकिन अकेले मेरा योगदान पर्याप्त नहीं है। उन्होंने नागरिकों को छोटी-छोटी राशि दान करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सुझाव दिया कि यदि 17 करोड़ लोग एक रुपया भी दान करें तो बच्चों के जीवन को बचाने के लिए आवश्यक धनराशि जुटाई जा सकती है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024



# छत से धकेलने पर हुई थी गीता की मौत

## पुलिस को गुमराह करने के लिए पति ने बनाया बहाना, कहा- पैर फिसलने से खुद गिरी

- महिला की मौत के बाद ससुर ने दामाद के खिलाफ दर्ज कराई थी एफआईआर, आरोपी गिरफ्तार
- खंडहर पड़े मकान में नशा कर रहा था पति, मौके पर पत्नी के पहुंचने पर दोनों में हुआ था झगड़ा


पत्नी की हत्या का आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पत्नी की हत्या को हादसा बताकर गुमराह करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-10 पुलिस थाना में महिला के परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार 22/23 अक्टूबर 2024 की रात को पुलिस चौकी सेक्टर-93 में छत से गिरने पर लगी चोटों के कारण गीता नामक एक महिला की मौत की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पुलिस टीम एसजीटी अस्पताल बुढेड़ा पहुंची। मृतका के शव का निरीक्षण करके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया।

मृतक महिला के पिता ने पुलिस टीम को शिकायत देकर कहा कि उसकी बेटी गीता (28) के साथ उसका पति मारपीट करता था। 22 अक्टूबर को उसके दामाद ने उसकी बेटी की वजीरपुर जिला गुरुग्राम में एक खंडहर मकान की छत से धक्का देकर हत्या कर दी। शिकायत पर थाना सेक्टर-10 में केस दर्ज किया गया।

सेक्टर-10 थाना के प्रबंधक निरीक्षक संदीप के नेतृत्व में सहायक उप-निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ हत्या के आरोपी को गढ़ी हरसरू जिला गुरुग्राम से काबू किया है। आरोपी की पहचान धर्म सिंह उर्फ धर्मु (32) निवासी खेड़ा खेड़ी जिला दौसा (राजस्थान) वर्तमान निवासी शिव एंक्लेव गढ़ी हरसरू के रूप में हुई।

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी गढ़ी-हरसरू में बाईक रिपेयरिंग का काम करता है। वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। 22 अक्टूबर को आरोपी एक खंडहर मकान में नशा कर रहा था। वहां पर उसकी पत्नी पहुंच गई और इनका आपस में झगड़ा हो गया। इसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करके उसे छत से धक्का दे दिया।

छत से गिरने पर उसकी पत्नी की मौत हो गई। आरोपी से पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि हत्या करने के उपरांत उसने अपने ससुराल वालों को गुमराह करने के लिए और पुलिस से बचने के लिए हत्या को हादसा दिखाने का प्रयास किया। उसने कहा कि उसकी पत्नी गीता पैर फिसलकर गिर गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

# हथियार कानून के तहत आरोपी को पकड़ने गई पुलिस से भिड़ा युवक

फरीदाबाद। भूपानी थानाक्षेत्र में हथियार अधिनियम में वांछित आरोपी को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों के साथ उसके (आरोपी के) परिजनों ने हाथापाई की, जिससे उपनिरीक्षक सहित पांच पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि हथियार कानून में वांछित आरोपी जतिन उर्फ जीतू पिछले काफी समय से फरार था और एक पुलिस टीम उसे पकड़ने भूपानी गांव गई थी। इस टीम का हिस्सा रहे उपनिरीक्षक सत्यवान ने बताया कि जैसे ही टीम ने उसे पकड़ा, वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा और उसकी आवाज सुनकर उसके घर से एक बुजुर्ग एवं एक महिला बाहर आई तथा वे उसे टीम से छुड़वाने की कोशिश करने लगे। सत्यवान के अनुसार आरोपी के परिजनों ने छुड़ाने की कोशिश करते हुए हाथापाई शुरू कर दी जिससे उन्हें तथा संदीप, विकास, आंसू, जगदीश, मुकेश नामक पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।

# सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले 40 दुकानदारों के काटे गए चालान

- कार्रवाई से रिकवर किए गए करीब 40 हजार रुपये

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


मानेसर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वालों के चालान करती निगम की टीम।

मानेसर नगर निगम की स्वच्छता शाखा ने मानेसर नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग के आदेशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम शुरू कर दी है। निगम की टीम ने क्षेत्र में दो दिन में 40 चालान किए। नगर निगम का पॉलीथीन के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

नगर निगम के सेनिटरी ऑफिसर एमएस सोढ़ी ने बताया कि आयुक्त के आदेशों का पालन करते हुए टीम लगातार फिल्ड में घूम रही है। रेहड़ी, ठेलें, स्थाई दुकानों पर पॉलीथीन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मौके पर चालान करते हुए पॉलीथीन को जब्त किया जा रहा है। दो दिन में टीम ने 40 चालान काटे हैं। दस किलोग्राम से ज्यादा पॉलीथीन जब्त की गई है। चालान से करीब 40 हजार रुपये रिकवर किए गए है। उन्होंने बताया कि पहली बार में केवल चालान किए जा रहे है। चालान के बाद यदि वहीं दुकानदार फिर से पॉलीथीन का उपयोग करता पाया गया तो उसकी दुकान को सील किया जाएगा। दुकानदारों से अपील करते हुए एमएस सोढ़ी ने कहा कि दुकानदार पॉलीथीन का उपयोग न करें। पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले या कागज के बैग में सामान बेचें। इसी के साथ उन्होंने मानेसर क्षेत्रवासियों से भी आग्रह करते हुए कहा कि बाहर से सामान लाने के लिए कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें।

# एसीबी ने जेई व आर्किटेक्ट को सवा लाख रिश्वत लेते पकड़ा

- एचएसआईआईडीसी मानेसर में कार्यरत हैं जेई व आर्किटेक्ट
- हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को मिली बड़ी सफलता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में कार्यरत जेई सत्यनारायण भारद्वाज व आर्किटेक्ट दीपक को सवा लाख रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता से बिल्डिंग प्लान अप्रूव करने के बदले में रिश्वत की मांग की गई थी जिसे लेते हुए एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में कार्यरत जेई सत्यनारायण भारद्वाज तथा आर्किटेक्ट दीपक बिल्डिंग प्लान अप्रूव करने के बदले में 1,25,000 रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। एसीबी की टीम ने तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए योजना बनाई और दोनों आरोपियों को सवा लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले में आवश्यक सबूत जुटाते हुए जांच की जा रही है। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पारदर्शिता के साथ की गई।

# राज्य में विकास को गति देने के लिए में हुई चर्चा

- मुख्यमंत्री नायब तथा शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने विभाग से संबंधित कई मुद्दों पर अधिकारियों से गहन चर्चा की और विकास योजनाओं को गति देने के लिए कई अहम निर्णय लिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मंत्री विपुल गोयल ने शहरी विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। विशेष रूप से नगर निगम, नगर परिषद, और नगर पालिका कार्यालयों में चल रहे समाधान शिविरों की प्रगति पर फीडबैक लिया गया। सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 9 से 11 बजे तक का समय तय किया गया है, जिसमें अधिकारीगण केवल जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही, स्वच्छता, बेसहारा पशुओं का स्थानांतरण, शहरों को पशु-मुक्त बनाने, प्रॉपर्टी आईडी, स्वामित्व, अवैध कालोनियों का रेगुलराइजेशन, सड़कों की मरम्मत, और अन्य विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों द्वारा पीएम स्वनिधि योजना और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रेजेंटेशन दिया गया। गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हरियाणा के किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी समस्याओं के समाधान पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में कोई देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 1.80 लाख आय है तो स्वरोजगार के लिए मिलेंगे डेढ़ लाख रुपये

- हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम दे रहा है लोन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अगर आपकी सालान आय 1.80 लाख रुपये है और आप अपना रोजगार शुरू करना चाहते हैं तो हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम मदद करने को तैयार है। निगम की ओर से आपको डेढ़ लाख तक का लोन दिया जाएगा।

गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को हरियाणा सरकार द्वारा बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो। उनको बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक व्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। इच्छुक लोग निगम की वेबसाइट पर आवेदन फार्म भरकर संबंधित कार्यालय में जमा कराएं।

# लघु सचिवालय में की गई आग लगने की मॉकड्रिल

- एंबुलेंस सहित फायर ब्रिगेड की पूरी टीम ने किया रेसक्यू
- आग पर काबू पाकर तीन लोगों की जान बचाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


लघु सचिवालय में आग लगने की मॉक ड्रिल के दौरान बचाव में जुटे कर्मचारी।

गुरुवार सुबह लघु सचिवालय परिसर में अचानक आग लगने की घटना पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस व पुलिस विभाग की सहायता से मॉक ड्रिल कराई गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम के समक्ष यह मॉक ड्रिल की गई।

सुबह 11:15 बजे लघु सचिवालय के प्रांगण में मॉक ड्रिल शुरू की गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई कि सचिवालय के प्रथम तल पर आग लग गई है। वहां तत्काल स्वास्थ्य विभाग की एक एंबुलेंस गाड़ी तथा फायर ब्रिगेड की पूरी टीम दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। दमकल कर्मचारियों ने प्रथम तल पर पहुंच कर तीन घायल कर्मचारियों को बाहर निकाल कर एंबुलेंस तक पहुंचाया। उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने पहले सिलेंडर की मदद से सीओ-2 गैस व पाउडर का छिड़काव कर आग को बुझाया। उसके बाद दमकल कर्मचारियों ने पाइप से पानी की बौछारें चलाकर आग को नियंत्रित किया। सभी कर्मचारियों को माइक से सूचना दी गई कि वे बगैर भगदड़ मचाए लघु सचिवालय के पिछले प्रांगण में एकत्रित हो जाएं। खतरे का हूटर बजते ही कर्मचारी सचिवालय के कमरों से बाहर निकलने लगे।



नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने बताया कि लघु सचिवालय शहर की एक बड़ी बिल्डिंग है। कार्य दिवस के दिन जिला भर से दो से तीन हजार आदमी सचिवालय परिसर में आते हैं। इसलिए इस मॉक ड्रिल का करवाना आवश्यक है, जिससे कि लोगों को संभावित दुर्घटना के प्रति सचेत किया जा सके। जिला आपदा प्रबंधन समिति के चेयरमैन उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। भीमनगर फायर स्टेशन के दमकल अधिकारी रामकरण शर्मा ने बताया कि आग लगते ही सबसे पहले अपने आसपास रखे आग बुझाने के सिलेंडर की सील तोड़कर उसकी पिन बाहर निकाल लें। उसके बाद हैंडल को दबाकर दो-तीन फुट की दूरी से लपटों पर गैस का छिड़काव करें। अपने चेहरे को आग की लपटों से परे रखें। उन्होंने बताया कि दीपावली का त्यौहार आ रहा है। इसलिए बच्चों को अकेले पटाखे ना बजाने दें। किसी क्षेत्र में आग लग जाती है तो 112 नंबर पर डायल करें। सड़क पर हमेशा फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहले रास्ता दें। अपने घर में गैस सिलेंडर को रसोई से बाहर रखें।

इस अवसर पर लोगों को आग से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के मौके पर जिला राजस्व अधिकारी नरेश कुमार, आपदा प्रबंधन की परियोजना अधिकारी पूनम दहिया, दमकल अधिकारी देवेंद्र कुमार, नरेश कुमार, लीड फायर मैन संजीत कुमार, सब-इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी में जमाया रंग

पलवल। महारानी किशोरी मेमोरीयल ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रांगण मे फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षा बिरमा देवी, निर्देशक डॉ. दिनेश तिवारी, कॉलेज की प्राचार्य डॉ.गार्गी शर्मा, डॉ.उत्तमा सिंह, प्रियंकर चौधरी, विभिन्न विभागों के प्राध्यापिकाओं ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा सोलो डांस, ग्रुप डांस, हरियाणवी डांस, लोकगीत, रैंप वॉक सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सोलो डांस में प्रथम लहर बीएससी,द्वितीय दीपिका, तृतीय कोमल, मिस ग्लैमरस रश्मि बीसीए,मिस गॉर्जियस मोनिका, मिस डायनेमिक शीतल, मिस फ्रेशर बीएड कॉलेज से नेहा, मैनेजमेंट कॉलेज से रिया, पॉलिटेक्निक कॉलेज से ईशा, डिग्री कॉलेज से रिया ने प्राप्त किया। प्राध्यापिकाओं द्वारा भी विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां में म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# शिविर में शिकायत मिलते ही बदला गया सीवर के मैनहोल का टूटा ढक्कन

- समाधान शिविर में मौके पर 3 शिकायतों का किया गया समाधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देश पर नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों के तीसरे दिन 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इनमें 2 शिकायतें प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार से संबंधित थी, जबकि एक शिकायत सीवर मैनहोल ढक्कन से जुड़ी हुई थी।

बुधवार को शिवाजी नगर निवासी एससी खुराना अपने क्षेत्र की सीवर मैनहोल के टूटे ढक्कन से संबंधित शिकायत लेकर आए थे। अधिकारियों ने शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना तथा मौके पर ही टीम भेजकर टूटे ढक्कन को बदलने की कार्रवाई की। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार संबंधी जिन दो शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया, उनमें अशोक विहार फेज-1 निवासी रामायण यादव तथा लक्ष्मण विहार निवासी योगेंद्र की शिकायतें शामिल थी। इनमें एक शिकायत प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में मालिक के नाम व पते में सुधार तथा दूसरी शिकायत प्रॉपर्टी के एरिया में सुधार से संबंधित थी। नगर निगम आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने बताया कि हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सेक्टर-34 कार्यालय, सेक्टर-42 कार्यालय तथा सिविल अस्पताल के सामने स्थित पुराने कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बांगड़ ने कहा कि समाधान शिविर में शिकायतकर्ता अपनी शिकायत में अपना नाम, मोबाइल नंबर तथा परिवार पहचान पत्र नंबर या संख्या जरूर लिखें। समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाता है, जबकि जिन शिकायतों के समाधान में कुछ समय लगना है, उनकी समय सीमा निर्धारित करके शिकायतकर्ता को अवगत करा दिया जाता है।

# पुलिस ने अपराधों के प्रति किया जागरुक

- महिला थाना पश्चिम द्वारा द्रोण पब्लिक स्कूल में किया गया जागरुकता कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


द्रोण पब्लिक स्कूल में अपराधों से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

अपराधों से बचाव को लेकर महिला थाना पश्चिम गुरुग्राम की ओर से द्रोण पब्लिक स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रबंधक महिला थाना पश्चिम प्रबंधक निरीक्षक नेहा राठी की पुलिस टीम ने इस जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ/बच्चों को विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रवधानों सहित विशेष अधिनियमों (पोक्सो एक्ट, बाल किशोर अधिनियम इत्यादि) के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स/स्टॉफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डॉयल-112 सेवा के बारे में बताया गया।

# पुलिस ने 22 लाख रुपये के गुम हुए 110 मोबाइल ढूंढकर मालिकों को सौंपे

गुरुग्राम। पुलिस ने लोगों के गुम हुए 110 मोबाइल ढूंढकर असल मालिकों को सौंपे हैं। इन मोबाइल की कीमत करीब 22 लाख रुपये है। मुख्य सिपाही सुशील इंचार्ज साइबर सेल मुख्यालय पुलिस ने विभिन्न माध्यमों से मोबाइल फोन्स गुम होने के सम्बन्ध में मिली शिकायतों/सूचनाओं पर कार्यवाही की। सीईआईआर पोर्टल की सहायता से गुम हुए 110 मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला। साईबर सेल मुख्यालय पुलिस ने ढूंढकर बरामद किए गए 110 मोबाईल फोन के असल मालिकों को पुलिस उपायुक्त अपराध के कार्यालय में बुलाया। उन्हें नीतीश अग्रवाल ने सम्मानपूर्वक मोबाइल सौंपे।

# ग्रैप नियमों की पालना सुनिश्चित करना अनिवार्य: बांगड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में प्रदूषण खत्म करने के लिए छिड़काव करते निगमकर्मी।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) नियमों की पालना सुनिश्चित करना सभी के लिए अनिवार्य है। निगम क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करने वालों पर नजर रखी जा रही है। चालान भी किए जा रहे हैं।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि निगम की टीमों द्वारा ग्रैप की अवहेलना पर 11 उल्लंघनकर्ताओं के चालान किए गए हैं। इनमें सीएंडडी डंपिंग के मामले में 4, बिना ढके मलबा परिवहन के मामले में 6 तथा कचरा जलाने के मामले में 1 चालान शामिल है। बांगड़ ने बताया कि ग्रैप की पालना में नगर निगम गुरुग्राम गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसके तहत सड़कों की सफाई मैकेनाइज्ड की जा रही है, जिसके लिए विभिन्न सड़कों पर 16 स्वीपिंग मशीनें कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि धूल को उड़ने से रोकने व प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए निगम की बागवानी शाखा की टीमें क्षेत्र में सड़कों व पेड़ों पर सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के शोधित पानी का छिड़काव प्रतिदिन कर रही हैं। इसके लिए टैंकरों तथा एंटी स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है।

निगमायुक्त ने कहा कि गैप के दौरान निर्माण कार्यों में पर्यावरणीय नियमों की पालना करना आवश्यक है। इसके तहत निर्माण साइड को कवर करने तथा निर्माण सामग्री पर पानी का छिड़काव करके उसे ढककर रखना जरूरी है। इसके साथ ही कचरे में आग लगाना, बिना ढके निर्माण सामग्री, कचरे या मलबे का परिवहन करना, अवैध कचरा व मलबा डंपिंग, तंदूर में कोयला या लकड़ी का प्रयोग करना पूर्णतया प्रतिबंधित है।

इस प्रकार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा संबंधित पर नियमों के तहत जुर्माना लगाया जा रहा है।

## ब्रिक्स सम्मेलन

### मोदी की पहल

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने रूस में आयोजित 'ब्रिक्स' सम्मेलन में एक बार फिर शांति स्थापना का प्रयास किया है। कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से मुलाकात कर अनेक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इस बैठक में टकरावों, खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की भारत की निरंतर पैरोकारी फिर सामने आई। ब्रिक्स सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता वैश्विक मुद्दों पर चर्चा तथा बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपना सामूहिक दृष्टिकोण मजबूत करने के लिए एकत्र हुए। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन टकराव पर भारत का दृष्टिकोण पुनः सामने रखा और शांतिपूर्ण समाधान हेतु संवाद के महत्व पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण भारत द्वारा 'रणनीतिक स्वायत्तता' बनाए रखते हुए रूस व यूक्रेन के साथ राजनयिक प्रयासों को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री मोदी का संदेश ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आया है जब रूस पूर्वी यूक्रेन में युद्ध का क्षेत्र बढ़ा रहा है तथा विश्व शक्तियां टकराव के व्यापक प्रभावों से निपट रही हैं। मोदी द्वारा शांति का आह्वान भारत की व्यापक विदेश नीति का अंग है जो बिना किसी समूह से जुड़े मध्यस्थता तथा संवाद को बढ़ावा देने के पक्ष में है। यह सम्मेलन ब्रिक्स के लिए मील का पत्थर है क्योंकि सम्मेलन की समाप्ति



पर जारी होने वाली 'कज़ान घोषणा' के माध्यम से पांच नए सदस्यों को औपचारिक रूप से इसमें शामिल किया जाएगा। इससे परिवर्तनशील वैश्विक शक्ति संरचना और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में विकल्प के रूप में इस समूह का महत्व बढ़ने का संकेत मिलता है।

रूस ने ब्रिक्स सम्मेलन को अपनी कूटनीतिक विजय के रूप में पेश किया है क्योंकि पश्चिमी देश यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर मास्को को अलग-थलग करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत के लिए यह सम्मेलन ब्रिक्स में अपनी केन्द्रीय भूमिका और मजबूत करने का अवसर है क्योंकि वह लगातार बहुध्रुवीयता तथा वैश्विक प्रशासनिक सुधारों की पैरवी करता रहा है। भारत और रूस के संबंध 'विशेष एवं विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी' से परिभाषित होते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने यह भावना व्यक्त करते हुए उल्लेख किया कि द्विपक्षीय संबंध लगातार सक्रिय रूप से विकसित हो रहे हैं। हालांकि, यूक्रेन टकराव के कारण पश्चिम से रूस के संबंधों में तनाव है, पर भारत ने व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए आर्थिक व रणनीतिक मामलों पर रूस से संबंध बनाए रखे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत रूसी तेल के बड़े खरीदार के रूप में उभरा है। इससे पश्चिमी देश बहुत नाराज हैं क्योंकि वे रूस की व्यापार क्षमताओं को सीमित करने के प्रयास कर रहे हैं। भारत का दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट रहा है कि ऊर्जा खरीद समेत उसके विदेश नीति निर्णयों में राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता मिलेगी जो अपने नागरिकों को सस्ते संसाधन सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। अमेरिका को वर्तमान यूक्रेन टकराव को देखते हुए रूस के राजनयिक कदमों की चिन्ता है। ब्रिक्स सम्मेलन के लिए मोदी की रूस यात्रा तथा पुतिन के साथ उनकी बैठक ने टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान में मध्यस्थता की पैरोकारी करने वाले भारत की महत्वपूर्ण भूमिका स्पष्ट की है। ब्रिक्स समूह तथा भारत-रूस साझेदारी की मजबूती बहुध्रुवीय विश्व की दिशा में वैश्विक गतिशीलता को प्रभावित करते हैं। इस विकसित होते परिदृश्य में भारत की गुटनिरपेक्षता व रणनीतिक स्वायत्तता की रणनीति सभी प्रमुख शक्तियों से संतुलित संबंध बनाने में सहायक होंगी। इससे वह शांति व स्थायित्व का प्रभावी पैरोकार बनेगा।

# नोबेल पुरस्कारों में एआई का प्रभाव

**पूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जीवन व राजनीति में गोल्फ कोर्स जैसी रणनीति अपनाई है। वे नियमों को बदलने तथा किसी कीमत पर जीतने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।**



**बी.के. सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)







पूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जीवन व राजनीति में गोल्फ कोर्स जैसी रणनीति अपनाई है। वे नियमों को बदलने तथा किसी कीमत पर जीतने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमेरिकन खेल लेखक रिक रीली ने एक पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक है- 'कमांडर इन चीटः हाऊ गोल्फ एक्सप्लेन्स ट्रंप' जिसका उद्देश्य डोनाल्ड ट्रंप के अनोखे तरीकों का विश्लेषण करना है। उन्होंने ट्रंप की गोल्फ में स्वघोषित प्रतिभा का वर्णन करते हुए 2.8 की संभावित कमी पर ध्यान देते हुए एक गोल्फ-डाइजेस्ट का हवाला देते हुए कहा, 'यदि ट्रंप 2.8 हैं तो क्वीन एलिजाबेथ एक पोल वाल्टर हैं।' लेकिन शायद ट्रंप के बारे में ज्यादा कटु यथार्थ यह तथ्य है कि उनके पूर्व व वर्तमान 'विंगमैन', यानी उप-राष्ट्रपति माइक पेंस तथा वर्तमान उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार जे.डी. वेंस की ट्रंप तक अधिकतम पहुंच रही है और वे एक व्यक्ति के रूप में उनको अच्छी तरह जानते हैं।

लेकिन वे उनके आलोचक रहे हैं। अपनी मजबूरियों के कारण वेंस अपने पुराने विचारों को छोड़ कर सुविधापूर्ण ढंग से ट्रंप के उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने में सफल हुए हैं, लेकिन पेंस अपने पूर्व बॉस की राष्ट्रपति पद के लिए पुनः उम्मीदवारी के मामले पर पूरी तरह खामोश हैं और उन्होंने ट्रंप की उम्मीदवारी का समर्थन भी नहीं किया है। डोनाल्ड ट्रंप का पहले राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने और राष्ट्रपति बनने के बाद भी बड़बोलापन लगातार चर्चा का विषय रहा है। इस बार दूसरे कार्यकाल के लिए संघर्ष करने के समय भी ट्रंप का वही बड़बोलापन चर्चा में है।

डोनाल्ड ट्रंप इस बार भी अपने बड़बोलेपन व खास शैली के कारण चर्चा में हैं। याद करें उन्होंने 'चाइल्डलेस कैट लेडीज़' जैसे शब्द प्रयोग किए हैं और पुराने मैरीन की तरह शोर-शराबा कर रहे हैं। उनके उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार जे.डी. वैंस एक समय पक्के तौर से ट्रंप-विरोधी थे। वैंस ने एक बार घोषणा की थी कि वे 'कभी ट्रंप के साथी नहीं बनेंगे'। उन्होंने ट्रंप को 'निन्दनीय' और 'मूर्ख' तक कहा था। उस समय वैंस स्पष्ट रूप से ट्रंप को समर्थन न देने के कारण तलाश रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा था, 'ट्रंप को मेरे द्वारा समर्थन न देने का कारण यह है कि मेरे विचार से वे दूसरे लोगों की निन्दा करने और उन पर उंगली उठाने में अत्यधिक अधकचरे ढंग से आगे रहे हैं।' 2016 के अमेरिकन राष्ट्रपति चुनाव में वैंस ने ट्रंप को तानाशाह, कट्टरतवादी तथा दूसरों की निन्दा करने वाला असहिष्णु बताया था।

उन्होंने कहा था, 'अतीत, वर्तमान तथा भविष्य पर विचार करने से स्पष्ट है कि ट्रंप निक्सन की तरह ईर्ष्यालु हैं, हालांकि निक्सन इतने खराब नहीं थे और शायद लाभदायक हो सकते थे। ऐसा लगता है कि ट्रंप अमेरिका के हिटलर हैं।' ट्रंप के बड़बोलेपन, भद्देपन तथा पूर्व मैरीन के तौर पर शोर-शराबा मचाने वाले, 'चाइल्डलेस कैट लेडीज़' जैसे शब्दों का प्रयोग करने वाले होने के कारण एक समय जे.डी. वैंस कट्टर ट्रंप-विरोधी थे। वांस ने एक बार घोषणा की थी कि वे 'कभी ट्रंप के साथी नहीं बनेंगे' और उन्होंने ट्रंप को 'निन्दनीय' व 'मूर्ख' तक कहा था। लेकिन जल्द ही उन्होंने अपने असहज करने वाले विचार 'खारिज कर दिए' जो उन्होंने ट्रंप के बारे में कहे थे। उन्होंने 'असेस हालीवुड' टेप भी पेश किए थे जहां ट्रंप ने आश्चर्यजनक रूप से दावा किया था कि अपनी लोकप्रियता के कारण वे महिलाओं के प्रिय हैं।

लेकिन इसके बाद वैंस ने एक पक्के ईसाई की तरह अपनी नैतिक चेतना की आवाज सुनी और पहले कही गई बातों पर दुःख प्रकट किया। उन्होंने कहा, 'साथी ईसाइयो, जब हम इस व्यक्ति के लिए माफी मांगते हैं तो सभी लोग हमें देखते हैं। ईश्वर हमारी सहायता करें।' लेकिन उनकी सारी चेता राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बलिवेदी पर कुर्बान हो गई क्योंकि बाद में वैंस ने अपनी बातों को उलटते हुए कहा, 'मैं बहुत खुला हुआ था, मैं आलोचनात्मक चीजें कहता था, मैं अब उनके लिए माफी मांगता हूं और मैं इस बात के लिए भी माफी मांगता हूं कि मैं इस व्यक्ति के बारे में गलत था।'

इसके साथ जैसे पहले कही गई सारी बातें भुला दी गईं और वांस अब ट्रंप को 'संभवतः' ईसाई मूल्यों, नैतिकता और गरिमा का प्रतीक मानते हैं। उनका मानना है कि अमेरिका को अपने भविष्य के लिए इस गरिमा, यानी डोनाल्ड ट्रंप की आवश्यकता है।

इसी प्रकार वर्तमान यथार्थ का एक नया स्वरूप भी सामने है। पूर्व उप-राष्ट्रपति माइक पेंस इस समय एकदम खामोश हैं और उनकी खामोशी बहुत कुछ कह देती है। एक समय अत्यधिक धार्मिक तथा ईसाई मूल्यों के पक्के समर्थक पेंस डोनाल्ड ट्रंप के सर्वाधिक विश्वासपात्र व्यक्ति थे। वे शायद पक्के रिपब्लिकन हैं जिन्होंने इस उम्मीद से ट्रंप के सारे दुर्गुणों पर खामोशी अपना ली है कि रिपब्लिकन राष्ट्रपति के रूप में ट्रप चीजों को सही करेंगे। किसी अन्य प्रतिबद्ध रिपब्लिकन की तरह उनको उम्मीद है कि अपनी कट्टरपंथी तथा धुर-दक्षिणपंथी नीतियों के कारण डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की सारी समस्यायें दूर कर देंगे। तमाम कड़वाहटों के बावजूद ट्रंप के प्रति निष्ठावान रहे पेंस को अंततः एक ऐसे व्यक्ति द्वारा संविधान के बजाय अपनी अतार्किक मांगें रखने की स्थिति देखनी पड़ी जिसे वे 6 जनवरी, 2021 के दुर्भाग्यपूर्ण दिन भी गुलाम की तरह 'मेरे राष्ट्रपति' के रूप में संबोधित कर रहे थे। लेकिन जब पेंस को 'हैंग माइक पेंस' नारे लगाने वाले दंगाइयों के सामने शारीरिक खतरे का अनुभव हुआ तभी ट्रंप ने अपना असली रंग दिखाते हुए कंधे झटके और कह दिया 'क्या हुआ'। इस प्रकार वे ट्रंप के लंबे बेलगाम, अनैतिक और अराजक राजनीति के इतिहास में एक पाद-टिप्पणी बन कर रह गए।

यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि पेंस ने अपना दिल, दिमाग और आत्मा मजबूत बनाए रखी। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया और परिणामों की पुष्टि करते हुए अमेरिकन लोकतंत्र की रक्षा में केन्द्रीय भूमिका निभाई, भले ही इससे ट्रंप को भारी निराशा हुई। बाद में पेंस ने दार्शनिक रूप से कहा था, 'जैसा कि बाइबिल कहती है, किसी समय आपको अपने पैरों से धूल झाड़नी पड़ सकती है और अपना रास्ता अलग करना पड़ सकता है।' ट्रंप की गोल्फिंग वाली दुनिया में पेंस के लिए 'मुलीगन' शब्द सबसे अच्छा है क्योंकि यह पेंस के उथलपुथल वाले कार्यकाल, अपमानजनक विदाई तथा बाद में ट्रंप युग को खारिज करने को अभिव्यक्ति देता है।


आज पेंस की यह भूली हुई छवि उस पहेली की तरह है जिसका सामना अनेक प्रतिबद्ध रिपब्लिकनों ने ट्रंप के कार्यकाल में किया था। उन्होंने 'उनके सारे कामों' के कारण ट्रंप का समर्थन नहीं किया था, लेकिन वे स्वयं उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का भी समर्थन नहीं कर सके। रिपब्लिकनों की कतारों में व्याप्त यह दुविधा या अनिश्चितता संभवतः 'अनिर्णीत' लोगों में भी है। यह राष्ट्रपति के भावी चुनाव में कांटे की टक्कर की स्थ्रिति में चीजों को निर्णायक ढंग से उलट सकती है। इस बीच अपने पूर्व 'विंगमैन' पेंस के बारे में ट्रंप का दृष्टिकोण शिकायती होने के बावजूद ज्यादा नहीं बदला है।

वे अब भी दावा करते हैं कि पेंस ने अंतिम क्षण में 'साहस' और 'जीवन्तता' नहीं दिखाई। हालांकि, वैंस के सौम्य व संभवतः जबरन थोपे गए विचार भी ज्यादा समझदारी भरे नहीं लगते हैं। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणामों पर ट्रंप ने 'जनादेश की चोरी' जैसे शब्दों का प्रयोग किया था। यह स्थिति डोनाल्ड ट्रंप के 'छवि-आधारित अभियान' से स्पष्ट होती है। उनको लगता है कि यदि वे संवैधानिक, नैतिक या वैचारिक-पक्षपाती जैसे शब्दों को निरर्थक सिद्ध कर दें तो सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शायद यह डोनाल्ड ट्रंप की दुनिया में गोल्फ में धोखा देने की तरह है।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नजर में किसी भी कीमत पर विजय प्राप्त करने के लिए जीवन में निश्चित रूप से धोखा दिया जा सकता है। लेकिन यह केवल डोनाल्ड ट्रंप की स्वार्थी व धोखा देने वाली भावना प्रकट करता है। देखना होगा कि अमेरिकन मतदाता आगामी राष्ट्रपति चुनाव में किसे अपना समर्थन देते हैं।

# दैवीय उपस्थिति की अनुभूति

> प्रार्थनाओं का उत्तर देने से लेकर जीवन की कठिनाइयों को कम करने तक, ईश्वर हमेशा मौजूद रहता है।



**अजीत कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



इंटरनेट और सोशल मीडिया के ज़रिए, हमें लगातार सबसे अमीर, सबसे शक्तिशाली, बहुत प्रसिद्ध, सबसे सुंदर आदि के बारे में याद दिलाया जाता है। क्या आपने कभी इन व्यक्तित्वों में से किसी से मिलने की कल्पना की है, सिवाय उन्हें प्रिंट या वीडियो में देखने के? ईश्वर के बारे में क्या, जो सब कुछ का स्वामी है, सर्वशक्तिमान है, सर्वज्ञ है, सर्वव्यापी है और बहुत कुछ है, जिसके बारे में मैं इस लेख में लिखूंगा?

ईश्वर न केवल सर्वव्यापी है, बल्कि हमारे लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। हाँ, ईश्वर को संत तुलसीदास जैसे सबसे अच्छे भक्तों को छोड़कर व्यक्तिगत रूप में नहीं देखा जा सकता है, लेकिन उन्हें हर जगह देवता के रूप में और अच्छी तस्वीरों में देखा जा सकता है। भगवान अपने मूर्ति रूपों में भी प्रकट होते हैं जैसे कि वे अयोध्या में अपने राम लला रूप में थे।

भगवान अपनी गतिविधियों से हमारी कैसे मदद कर रहे हैं? वे हमारी सभी प्रार्थनाएं सुनते हैं, और उन्हें उनका जवाब देना चाहिए, क्योंकि वे आध्यात्मिक गतिविधियां हैं। हालांकि, प्रतिक्रिया ईश्वर द्वारा चुने गए समय पर उचित होगी। अधिकांशतः, यह उस तरह से नहीं होगा जैसा कि प्रार्थना की जाती है, क्योंकि अधिकांश प्रार्थनाएं भौतिक लाभ के लिए होती हैं, जो कि अयोग्य होती हैं। उदाहरण के लिए, एक छात्र अच्छे अंकों के लिए प्रार्थना करता है, भले ही वह उनका हकदार न हो। भगवान कुछ न कुछ अवश्य देंगे क्योंकि भगवान कभी ऋणी नहीं हो सकते। फिर, भगवान हमारा मार्गदर्शन करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, जैसे उन्होंने भगवद-गीता के निर्देशों का उपदेश देकर अर्जुन का मार्गदर्शन किया था। बहुत कम लोग मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करते हैं, लेकिन जो लोग करते हैं, उन्हें वास्तव में लाभ होता है, क्योंकि दिशा ही सबसे महत्वपूर्ण है। यह निर्धारित करता है कि हम कहां पहुंचेंगे। भगवान अंतर्ज्ञान देते हैं, संदेश देने के लिए माध्यमों का उपयोग करते हैं, आदि। भगवान अपने भक्तों को सीधे निर्देश भी देते हैं, जैसा कि उन्होंने अर्जुन को निर्देश दिया था।

भगवान द्वारा प्रदान की जाने वाली तीसरी महत्वपूर्ण सहायता हमें उन परेशानियों से बाहर निकालना है, जिनमें हम अपने पिछले दोषपूर्ण कर्मफलों (कार्यों के परिणाम) के कारण फंस जाते हैं। भगवान उन्हें आने से नहीं रोकते क्योंकि इससे कर्मफल सिद्धांत अप्रभावी हो जाएगा; भगवान केवल उन्हें कम दर्दनाक बनाते हैं। भगवान की कृपा के बारे में बताते हुए, भगवान हमें विभिन्न तरीकों से सशक्त बनाते हैं। उदाहरण के लिए, एक वैज्ञानिक मानवता के लिए लाभकारी समाधान की खोज में लगा हुआ है, तथा वह अपने पिछले पुण्य कर्मफलों के कारण इसका श्रेय पाने का हकदार है। भगवान उसे अंतर्ज्ञान देते हैं, क्योंकि भगवान ही एकमात्र स्रोत हैं। हम कुछ भी नया आविष्कार या सृजन नहीं कर सकते। सभी बड़े या महत्वपूर्ण कार्य भगवान ही करते हैं; वे हममें से योग्य लोगों को %निमित्त% (साधन) बनाते हैं, जैसे उन्होंने कौरव सेना के सबसे बड़े योद्धाओं को मारने के लिए अर्जुन का उपयोग किया था (11.33)

भगवान कल्याण कार्यकर्ताओं के प्रति विशेष रूप से पक्षपाती हैं, क्योंकि यह उनकी सृष्टि के अनुकूल है। उन्होंने वादा किया है कि कल्याण कार्य करने वालों का अंत बुरा नहीं होगा। (6.40) इसका अर्थ यह है कि ऐसे लोगों को दर्दनाक मृत्यु नहीं मिलेगी। भगवान अपने उन्नत भक्तों के लिए एक कदम आगे जाते हैं; वे उनके लिए चमत्कार करते हैं। मीराबाई को जहर पिलाया गया क्योंकि उन्होंने भगवान कृष्ण को अपना आराध्य देवता चुना था। भगवान ने क्या किया? उन्होंने जहर को अप्रभावी बना दिया। भगवान कृष्ण ने अपने भक्त और मित्र अर्जुन (4.3) को कैसे बचाया, जिसने सूर्यास्त से पहले जयद्रथ को न मार पाने की स्थिति में अग्नि में प्रवेश करने की शपथ ली थी? जैसे ही जयद्रथ अर्जुन की आसन्न मृत्यु के कारण छिपने से बाहर आया, भगवान ने सूर्य की रोशनी वापस ला दी। इससे अर्जुन सूर्यास्त से पहले जयद्रथ को मार सका।

मैं इस बारे में बहुत कुछ बता सकता हूँ कि अगर हम भगवान से जुड़ जाएँ तो वे हमारे लिए क्या-क्या कर सकते हैं और क्या-क्या कर सकते हैं। और उन्होंने अपने पास पहुँचना बहुत आसान बना दिया है। मंदिर में भगवान के विग्रह रूप में उनके दर्शन करना इतना मुश्किल क्यों है? भगवान के नामों का जाप करना इतना मुश्किल क्यों है? क्या यह इतना मुश्किल है?

यह बचकाना लग सकता है लेकिन भगवान की कृपा पाने के लिए इसे इसी तरह से बनाया गया है। कोई कह सकता है कि एटीएम से इतना सारा कैश निकालना इतना आसान क्यों है? क्योंकि इसे इसी तरह से बनाया गया है।

## आप की बात

### योगी की लोकप्रियता

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता आज देश भर में एक हिंदू नेता के रूप में फैल रही है। पिछले दिनों हरियाणा के चुनाव में भी उनके भाषणों को बहुत अधिक पसंद किया गया था। उनका एक वक्तव्य-बंटेंगे तो कटेंगे इतना अधिक लोकप्रिय हुआ है कि इस नारे की वजह से आज हर जगह हिंदुओं को संगठित होने में काफी सफलता मिल रही है और इसका हरियाणा चुनाव में भी काफी अधिक फायदा मिला है। आज इसी नारे-बटेंगे तो कटेंगे का इस्तेमाल महाराष्ट्र के होने वाले विधानसभा चुनावों में भी किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ इस वक्तव्य के पोस्टर महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में लगाए गए हैं। इस संदेश की लोकप्रियता इतनी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शब्द बदल कर इसका प्रयोग अपनी अनेक रैलियों में किया है। केन्द्रीय मंत्री तथा बिहार के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने अपनी हाल की यात्रा में भी इसी संदेश का प्रचार किया है। हिंदू एकजुटता के इस संदेश से उन राजनेताओं की नींद उड़ गई है जो हिंदुओं को विभिन्न जातियों में बांट कर और उनको एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं और आम जनता की कीमत पर अपने तथा अपने मित्रों के परिवारों को अरबपति बनाने का बेशर्म प्रयास करते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### भारत-चीन संबंध

**भारत-चीन संबंध** एक बार फिर सामान्य स्थिति बहाली की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वैश्विक घेराबंदी और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती अहमियत ने चीन को भी नसीहत दी है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अहसास हो गया है कि भारत के विरोध में अपनी ऊर्जा नष्ट कर वे स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। भारत और चीन के सैनिकों के बीच वर्ष 2020 में हुई झड़प के बाद अब पहले जैसी गश्त पर सहमति नए रिश्तों की शुरुआत है। उम्मीद है कि इसके बाद एलएसी पर विवाद से वर्षों से दोनों देशों के बीच रिश्तों पर जमी धूल भी छंटना शुरू होगी। चीन से भले ही हमारे संबंध अच्छे न हों पर विश्व बाजार में उसका महत्वपूर्ण स्थान है। भारत भी अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तेजी से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में भारत और चीन के बीच सद्भावनात्मक रिश्ते दोनों के आर्थिक हितों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। लेकिन अभी भारत को फूंक-फूंक कर कदम उठाने होंगे जिसका संकेत भारतीय सेना प्रमुख दे चुके हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार संतुलन चीन के पक्ष में बहुत झुका हुआ है। इस विसंगति को दूर करना बेहतर आर्थिक संबंधों के लिए जरूरी है।

–**अमृतलाल मारू**, इंदौर

### बाजार में रौनक

**दीप की जगमाहट** के साथ बाजार भी रोशन होगा। दीपावली महोत्सव की जगमगाहट तो अभी कुछ दूर है किन्तु बाजार की रौनक परवान चढ़ रही है। दीपावली तक तो बाजार पूरी तरह रोशन हो जाएगा। इस बार दीपावली 31 अक्टूबर को होने के कारण सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में तनख्वाह के साथ कुछ को बोनस या अन्य लाभ भी दीपावली पूर्व मिलने की घोषणाएं हो गई हैं। ये बात अलग है दीपावली के बाद एक महीने तक मितव्ययता अवश्य बरतनी पड़ेगी। किन्तु अभी तो दीवाली पर दिल खोलकर खरीदारी होगी ही। सभी की दीवाली बेहतर होने के लिए हमें छोटे-छोटे दूकानदारों का भी ध्यान रखना चाहिए। इसलिए हमें दिए, खिलौने व अन्य सामान स्थानीय निर्माताओं व विक्रेताओं से खरीदने पर भी जोर देना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही हमें अपने पास-पड़ोस के धर्मस्थलों को दीपकों से सजाने के प्रयास करने चाहिए। दीपावली सभी हिंदुओं तथा उनसे भाईचारा निभाने वाले सभी भारतीयों की एकजुटता का भी त्योहार है। इसलिए हमें देखना होगा कि समाज के गरीब से गरीब आदमी के घर में भी अंधेरा न रहे और लक्ष्मी की कृपा से उसके बच्चे प्रसन्न हों तथा परिवार खुशहाल बने।

–**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर्र

### परीक्षा में प्रयोग

**मध्य प्रदेश** में ऐसा पहली बार होगा कि जहां परीक्षा होगी, वहीं उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग हो जाएगी। कुछ ही समय में ये स्कैनिंग मूल्यांकनकर्ता तक पहुंच जाएगी। इसकी तैयारी मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने की है। उसने मूल्यांकन को शीघ्र पूर्ण कर परीक्षा परिणाम की समय पर घोषणा के लिए नई योजना बनाई है। यह सराहनीय व्यवस्था देश भर के सभी यूनिवर्सिटीज को अपनानी चहिए ताकि परीक्षा में होने वाली धांधलियां और भ्रष्टाचार खत्म हो सके। परीक्षा व्यवस्था में किए जाने वाले इस अभिनव प्रयोग से कोरी उत्तर पुस्तिका छोड़कर बाद में मुन्ना भाइयों द्वारा उन्हें भरकर उच्चांक से पास होने का पैटर्न खत्म हो जाएगा। अभी परीक्षा के बाद रिजल्ट देने में लंबा समय लिया जाता है जबकि आधुनिक तकनीक के चलते मात्र एक सप्ताह में परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकता है। इससे किसी को परीक्षा प्रणाली में सेंध लगाने और भ्रष्टाचार बढ़ाने का मौका नहीं मिलेगा। परीक्षा व्यवस्था में ऐसे प्रयोग छात्रों का विश्वास बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# साढ़े सात वर्ष में सरकारी सेवाओं में लगभग 7 लाख भर्ती पूरीः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने नवचयनित 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी व 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक को दिए नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि कुछ अभ्यर्थियों ने 2017 के पहले भी आवेदन किया होगा। सक्षम व समर्थ होने के बावजूद सिर्फ इसलिए चयन नहीं हुआ होगा, क्योंकि उनकी पहुंच और अभिभावक के पास इतना पैसा नहीं था कि नियुक्ति करा सकें। सब कुछ होने के बावजूद उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता था, लेकिन पिछले सात-साढ़े सात वर्ष में चयन प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। हमारी सरकार में सरकारी, निजी क्षेत्र और संविदा के आधार पर नियुक्तियां ईमानदारी से बढ़ीं तो यूपी हर क्षेत्र में तेजी से दौड़ता दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र के रूप में दीपावली के पहले युवाओं को उपहार प्रदान किया। योगी सरकार के निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत गुरुवार को 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। सीएम ने उम्मीद जताई कि जितनी निष्पक्षता व पारदर्शिता से नियुक्ति मिली है, पूरा कार्यकाल इसी निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से बढ़ता जाएगा तो यूपी भारत की नंबर एक की अर्थव्यवस्था और भारत 2047 में विकसित व आत्मनिर्भर बनेगा।

योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में हमारी सरकार ने सरकारी सेवाओं में लगभग 7 लाख भर्ती संपन्न की है। प्रदेश के अंदर सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के कारण निजी क्षेत्र में भी लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावना बढ़ाई गई। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश का युवा पहले नौकरी-रोजगार के लिए देश-दुनिया में भटकता था। आज उसे अपने प्रदेश, क्षेत्र व जनपद में नौकरी मिल रही है। वह घर के कार्यों के साथ-साथ सर्विस और परिवार की देखभाल भी कर रहा है। जिन ग्राम पंचायत राज अधिकारियों व पंचायतीराज विभाग से जुड़े अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उन्हें कमोबेश नियुक्ति पत्र उसी जनपद में प्राप्त हुआ है, जहां के वे निवासी हैं।

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के अंदर समग्र विकास के लिए जो रूपरेखा तैयार की थी। उसमें भर्ती प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से हो सके, यह उसका प्रमुख भाग था, क्योंकि अच्छे, सक्षम व योग्य अभ्यर्थियों का चयन नहीं होगा तो सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिस तंत्र को कार्य करना है, वह स्वयं पैरालाइज हो जाएगा। ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए 2017 में ही तय किया गया कि जितने भी आयोग व बोर्ड हैं, वह निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया संपन्न करें।

सीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने की आधारभूत इकाई ग्राम पंचायत है। पीएम मोदी ने लक्ष्य प्रस्तुत किया है कि देश जब 2047 में आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत चाहिए। इसके लिए जो नींव आज आप रखेंगे, उसी पर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की आधारशिला बनने वाली है। हमारी ग्राम पंचायतें भी उसकी आधारशिला हैं। इसके लिए पंचायतीराज विभाग ने बहुत सारे कार्य पहले ही किए हैं। 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से ग्राम पंचायतों को 29 प्रकार के कार्यों करने के लिए डेलीगेट किए गए हैं।

सीएम ने कहा कि पहले ग्राम पंचायत के पास अपना भवन नहीं था। ग्राम प्रधान घर से कार्य करता था। इसका परिणाम होता था कि कई बार कार्ययोजना बनती ही नहीं थी तो काम भी नहीं हो पाता था। अंतिम वर्ष में किसी प्रकार कुछ योजना बना ली, यदि वह इंप्लिमेंट हो गई तो ठीक, वरना पैसा लैप्स होता था पर अब ऐसा नहीं होने वाला। अब यूपी के 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय लगभग बन चुके हैं। इनमें ऑप्टिकल फाइबर, इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। ग्राम पंचायत सहायक के रूप में कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किया जा चुका है। गांव से जुड़ी समस्या का समाधान गांव में ही मिले। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि सुविधाएं वहीं ऑनलाइन प्राप्त हों। प्रधान व अन्य लोगों के साथ बैठकर ग्राम पंचायत की साल भर की कार्ययोजना तैयार की जाए। केवल केंद्रीय व राज्य वित्त की धनराशि से ही विकास कार्यों को बढ़ा सकें, ऐसा न हो। खुद के रिसोर्स और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे स्तर पर क्या प्रयास हो सकते हैं, यह भी देखना होगा।

योगी ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में आत्मनिर्भर होने की संभावना छिपी हुई है। ग्राम पंचायत के पास कुछ सरप्लस लैंड होगी। गांव में बाजार लगते होंगे, उसे ग्रामीण हॉट के रूप में विकसित करें। गांव का ड्रेनेज-सीवर किसी नाला व नदी में न गिरे, बल्कि गांव से दूर देसी पद्धति से ट्रीटमेंट का प्रयोग करें तो नदी व तालाब का पानी भी शुद्ध रहेगा। तालाबों का मत्स्य पालन व अन्य कार्यों के लिए उपयोग कर सकें तो इससे ग्राम पंचायत की अतिरिक्त आय भी होगी। सीएम ने कहा कि पंचायतीराज विभाग प्रस्ताव तैयार करे, जिन ग्राम पंचायतों के पास केंद्रीय व राज्य वित्त से पैसा जाता है और इसमें से ज्यादातर वेतन-भत्तों में ही खर्च होता है। यह ग्राम पंचायत पहले चरण में जितना पैसा अपने रिसोर्सेज से एकत्र करेंगे, उतने ही पैसे राज्य सरकार विकास के लिए उपलब्ध कराएगी। योगी ने कहा कि प्रदेश में 17 सिटी स्मार्ट बन रहे हैं। क्या ग्राम पंचायतें भी स्मार्ट हो सकती हैं। इसके लिए अनेक कार्य हो सकते हैं। ग्राम पंचायत में जनसहभागिता से साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था हो। पॉवर कॉरपोरेशन से बात करके महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्रीट लाइट व सीसीटीवी कैमरा लगा सकें। इससे सुरक्षा भी होगी तो रात में लाइट भी जलेगी। सेंसर या ग्राम पंचायत के किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं कि समय पर ऑन-ऑफ हो। गांवों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगा दें। केंद्र सरकार के स्तर पर जब कोई प्रतियोगिता होगी तो यूपी की ग्राम पंचायतें अग्रणी भूमिका के साथ दिखनी चाहिए। इसमें हमारी ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कार प्राप्त होना चाहिए।

सीएम ने कहा कि पहले जितना भी कूड़ा होता था, उसके निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत के पास खाद का गड्ढा होता था। इसे फिर से ढूंढने व बनाने की आवश्यकता है। रिजर्व भूमि में खाद गड्ढा, गोचर की भूमि व निराश्रित गोवंश के पालन के लिए गोआश्रय स्थल तैयार कराएं। जिनके पास शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उनकी सूची तैयार कर हर विपन्न को लाभ दिलाएं। इससे लोगों का विश्वास आपके और सिस्टम के साथ जुड़ेगा। गरीब की दुआ-आशीर्वाद लगता है तो शोषण करने पर बद्दुआ भी लगती है। जीवन लोगों की दुआ-आशीर्वाद व यशस्वी बनने के लिए है, बदनामी लेने के लिए नहीं है। बदनामी भरा जीवन नारकीय होता है। सीएम योगी ने कहा कि ग्राम सचिवालय के पास अतिरिक्त आय के भी माध्यम बन सकते हैं। वहां कम्युनिटी सेंटर बन सकता है, गांव के सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकते हैं। यूजर चार्ज के आधार पर ग्रामीणों को सुविधा दीजिए। इससे गांव के पास भवन भी होगा। फेयर प्राइस शॉप ग्राम सचिवालय के पास मॉडल के रूप में बन रही है। हमने छूट दी है कि केवल सरकारी राशन ही नहीं, बल्कि अन्य सामान भी वितरित कीजिए। इसका किराया ग्राम पंचायत में जमा होगा। यह भी ग्राम पंचायत के अतिरिक्त इनकम का माध्यम बन सकता है, लेकिन कुछ करने के लिए पहल व प्रयास चाहिए। अपने लिए कर सकते हैं, लेकिन अन्य कार्यों के लिए मान लेते हैं कि यह सरकारी है। सरकार के पास पैसा नहीं आएगा तो 12-14 लाख कर्मचारियों का वेतन पेंशन, भत्ता व विकास कार्य कैसे होंगे। सरकार का पैसा सरकार, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत के खाते में जाना चाहिए। इस पैसे का बेहतर उपयोग विकास के लिए हो तो इससे ग्राम पंचायत चमकता और आत्मनिर्भर, विकसित, आदर्श होगा। यह बेहतर प्रयास आपको नई पहचान दिलाएगा। योगी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह 21 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम, पेंशन या अन्य वेलफेयर स्कीम अनुसूचित जाति-जनजाति के नौजवानों को नई दिशा देती है। यह कार्यक्रम मजबूती से बढ़ते दिखने चाहिए।

# भाजपा ने आठ सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● **मीरापुर सीट पर समझौते के तहत भाजपा के सहयोगी रालोद ने मिथलेश पाल को बनाया है उम्मीदवार**

**उत्तर** प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को नौ में से आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी। पार्टी ने करहल सीट से अनुजेश यादव को मैदान में उतारा है जो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे बहनोई हैं। इस सीट पर मुलायम सिंह यादव परिवार के दो सदस्य एक दूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करते नजर आएंगे।

प्रदेश की मीरापुर सीट पर समझौते के तहत भाजपा के सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने मिथलेश पाल को उम्मीदवार बनाया है। दिलचस्प यह है कि अनुजेश, करहल से सपा उम्मीदवार तेज प्रताप सिंह यादव के फूफा हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक दरअसल, अनुजेश आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव के सगे जीजा हैं और धर्मेन्द्र सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई हैं। अनुजेश ने जब मार्च 2019 में भाजपा का दामन थामा था, तो बदायूं से तत्कालीन सांसद रहे धर्मेंद्र यादव ने एक पत्र जारी कर उनसे अपना नाता तोड़ने का ऐलान कर दिया था। करहल सीट हमेशा से सपा का बेहद मजबूत गढ़ रहा है, और इस उपचुनाव में भी इस सीट पर सपा एवं भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होने की सम्भावना है। ऐसे में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार के दो सदस्य तेज प्रताप और अनुजेश चुनावी मैदान में एकदूसरे के खिलाफ जोरआजमाइश करते नजर आएंगे। भाजपा ने गुरुवार को जारी सूची में कटेहरी सीट पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक धर्मराज निषाद को उम्मीदवार बनाया है। धर्मराज निषाद वर्ष 1996, 2002 और 2007 में कटेहरी से विधायक रहे हैं। भाजपा की सहयोगी, निषाद पार्टी गठबंधन के तहत कटेहरी और मझवां सीट मांग रही थी। भाजपा ने मझवां सीट से पूर्व विधायक सुचिस्मिता मौर्य को मैदान में उतारा है। वह वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में इसी सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक बनी थीं। वर्ष 2022 के चुनाव में यह सीट गठबंधन के तहत निषाद पार्टी के खाते में चली गई थी। उपचुनाव में एक बार फिर सुचिस्मिता को टिकट देकर भाजपा ने अपने वफादारों को तरजीह देने का संदेश दिया है। भाजपा ने सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी को मैदान में उतारा है। वह भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और पूर्व में इसी सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। फूलपुर सीट से भाजपा ने दीपक पटेल को उम्मीदवार बनाया है। पटेल वर्ष 2012 में करछना सीट से बसपा के विधायक रह चुके हैं। प्रदेश की खैर सीट से भाजपा ने सुरेंद्र दिलेर को प्रत्याशी बनाया है। दिलेर हाथरस से भाजपा के सांसद रहे राजवीर सिंह दिलेर के बेटे हैं। भाजपा ने इस साल लोकसभा चुनाव में राजवीर को टिकट नहीं दिया था। भाजपा ने गाजियाबाद से पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया है। शर्मा इलाके में भाजपा का ब्राह्मण चेहरा माने जाते हैं। इसके अलावा कुंदरकी सीट से रामवीर सिंह ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर पूर्व में दो बार कुंदरकी से और एक बार मुरादाबाद ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। प्रदेश के मीरापुर सीट पर सत्तारूढ़ भाजपा के सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने मिथलेश पाल को उम्मीदवार बनाया है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि पार्टी ने भाजपा से गठबंधन के तहत मिली मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर मिथलेश पाल को उम्मीदवार बनाया है। इन सीटों पर उपचुनाव के तहत आगामी 13 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

# खैर छोड़ अन्य सीटों पर बसपा ने उतारे प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में 9 सीटों के उपचुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को खैर सीट को छोड़ अन्य 8 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार मैदान में उतार दिये हैं। बसपा ने अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट अमित वर्मा, प्रयागराज की फूलपुर सीट से जितेंद्र कुमार सिंह, मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से शाहनजर, कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, मैनपुरी की करहल सीट से अवनीश कुमार शाक्य, मुरादाबाद की कुंदरकी से रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा, गाजियाबाद से परमानंद गर्ग और मिर्जापुर की मझवां विधानसभा क्षेत्र से दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है।

# राष्ट्रीय लोक दल ने झारखंड में 9 सीटों पर जारी की पहली सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**झारखंड** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने पहली सूची जारी करते हुए नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। पार्टी की कोशिश है कि इस बार अन्य राज्यों में भी उसका जनाधार बढ़े। इसको लेकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र लगातार झारखंड में अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने पहले 9 उम्मीदवारों की सूची राजधानी रांची के होटल में विशेष कार्यक्रम के दौरान जारी की। जारी सूची के मुताबिक हटिया सीट से पूनम सिंह, विश्रामपुर से नंद कुमार यादव, छतरपुर से प्रेम कुमार, बरकट्ठा से राम प्रसाद, खिजरी से झब्बूलाल करमाली, तमाड़ सीट से देवी दयाल मुंडा, रांची से राजकुमार साहू, बड़कागांव से बिट्टू कुमार सिंह और धनवार सीट से वीरेन्द्र कुमार यादव का नाम शामिल है। सूची जारी करते हुए अनुपम मिश्र ने कहा कि स्थापना के 24 वर्षों से राजनीतिक अस्थिरता, ग़रीबी, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, कुशासन, किसानों की बदहाली, पलायन व स्वास्थ्य संबंधी भयानक समस्याओं से जूझ रहे झारखंड को प्रगति के पथ पर ले जाने हेतु पार्टी को जो भी संघर्ष करना पड़ेगा करेंगे। मिश्र ने कहा कि यह पहली सूची है, और आने वाले दिनों में अन्य सीटों के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। राष्ट्रीय लोक दल झारखंड में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का लक्ष्य है कि जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाए और झारखंड को विकास की नई दिशा में अग्रसर किया जाए। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव के अलावा मीडिया समन्वयक श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निर्माण श्रमिकों का बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया जाएः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के सम्पादन में लगे श्रमिकों का उप्र बिल्डिंग एण्ड अदर कन्स्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। दिए गए दिशा निर्देशों में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के सम्पादन में लगे समस्त श्रमिकों के उप्र बिल्डिंग एण्ड अदर कन्स्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है, जिससे वेलफेयर बोर्ड के प्राविधानों के अनुसार श्रमिकों को लाभ प्राप्त हो सके। कहा है कि निर्माण कार्यों के समस्त बीजकों से एक प्रतिशत की धनराशि की कटौती करते हुये लेबर सेस के रूप में श्रमिकों के वेलफेयर फण्ड में जमा किया जाता है, परन्तु श्रमिकों के पंजीकृत न होने से वेलफेयर के मदों का लाभ श्रमिकों को प्राप्त नहीं हो पाता है। संचालित योजनाओं का लाभ हमें हर हाल में श्रमिकों को दिलाना ही है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी आरआरडीए, अखण्ड प्रताप सिंह ने पीएमजीएसवाई की सड़कों का निर्माण कराने वाले लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सभी अधिकारियों/ अभियन्ताओं को निर्देश दिए हैं। कि वह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यों पर तैनात श्रमिकों को अनिवार्य रूप से उप्र बिल्डिंग एण्ड अदर कन्स्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) पर पंजीकरण कराते हुये उसकी प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में 37 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप निर्वाचन 2024 के तहत 24 अक्टूबर 2024 को 9 विधानसभा क्षेत्रों में 37 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार अब तक कुल 71 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उन्होंने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 2024 निर्धारित है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच तथा 30 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। विधानसभा के 9 उप निर्वाचन क्षेत्रों में 13 नवंबर 2024 को मतदान होगा।

जानकारी के अनुसार मीरापुर (मुज़फ्फरनगर) विधानसभा के लिए 6 प्रत्याशियों ने गुरुवार को नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 17 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। कुदंरकी (मुरादाबाद) विधानसभा के लिए 5 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 7 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। गाजियाबाद (गाजियाबाद) विधानसभा के लिए 4 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 7 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। खैर (अ.जा.) (अलीगढ़) विधानसभा के लिए 2 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। करहल (मैनपुरी) विधानसभा के लिए 2 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 5 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। सीसामऊ (कानपुर नगर) विधानसभा के लिए 2 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 3 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। फूलपुर (प्रयागराज) विधानसभा के लिए 9 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 14 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। कटेहरी (अम्बेडकर नगर) विधानसभा के लिए 3 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 7 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। मझवां (मिर्जापुर) विधानसभा के लिए 4 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। इस प्रकार अब तक कुल 9 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है।

## 28 लाख दीयों से जगमग होंगे अयोध्या के 55 घाट

**लखनऊ/ अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इस वर्ष अयोध्या का आठवां दीपोत्सव भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्रज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी हो रही है। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीयों और स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर लिया है, जिससे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध कार्य हो सके। आयोजन के तहत सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित किए जाएंगे। राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित अन्य सभी घाटों पर दीयों को घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया जाएगा। इसके अलावा, 14 सम्बद्ध महाविद्यालयों, 37 इंटरमीडिएट कॉलेजों और 40 स्वयंसेवी संस्थाओं से लगभग 30,000 स्वयंसेवक इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। घाटों पर दीयों की संख्या और स्वयंसेवकों का वितरण पहले ही तय कर लिया गया है।

# पहले लोकतांत्रिक शासक थे बहादुर शाह जफरः प्रो. रमेश दीक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● **प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में 1857 की क्रांति के महानायक की 250वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित**




**1857** की क्रांति के महानायक बहादुर शाह जफर की 250वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यायल में गुरुवार को पूर्व मंत्री राज बहादुर की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिजेन्द्र सिंह ने किया।

संगोष्ठी का प्रारंभ करने से पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरशद आजमी, कार्यक्रम के संयोजक स्वतंत्रता सेनानी, मौलाना अब्दुल क़य्यूम रहमानी फाउंडेशन लखनऊ के अध्यक्ष बदरे आलम, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शहाना सिद्दीकी, तारिक सिद्दीकी आदि द्वारा प्रख्यात लेखक विचारक प्रो. राम पुनियानी की 'बहादुर शाह जफर 1857 क्रांति के महानायक' पुस्तक विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्रो. डॉ रमेश दीक्षित ने कहा कि हिन्दुस्तान प्रवासियों का देश है। यहां जो लोग आए वह यहां रच बस गए और देश के निर्माण में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह भी सच है कि कुछ आक्रमणकारी भी अहमद शाह अब्दाली और नादिर शाह के रूप में आए मगर इसके अतिरिक्त जो लोग भी यहां आएं उन सभी इस देश की मिट्टी को अपनाया। उन्होंने कहा कि इतिहास में सिर्फ में केवल मुस्लमानों को ही मौका था कि वह एक नये देश को चुने लेकिन उन्हें इस देश की मिट्टी से प्रेम था इसलिए वह भारत को ही गले लगाये रहे। भारत के जमींदारों, रजवाड़ों, किसानों एवं श्रमिकों ने 1857 की क्रांति का नेतृत्व बहादुर शाह ज़फ़र को सौंपा था क्योंकि वह हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे और वह पहले लोकतांत्रिक शासक भी थे। प्रो. रविकांत ने कहा कि आज हम इन विभूतियों को क्यों याद कर रहे हैं। आज की परिस्थिति में देश में एक मुनादी की जा रही है कि धर्मनिरपेक्षता नहीं चलेगी। एक पूरे समाज को बाबर की औलाद कहकर अपमानित किया जा रहा है, यह वह लोग कर रहे जिनका स्वाधीनता के आंदोलन में कोई भी योगदान नहीं रहा। मुगलकालीन का इतिहास केवल राजनीतिक नहीं बल्कि भारत का सामाजिक, सांस्कृतिक संगम है। संगोष्ठी को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरशद आजमी, बदरे आलम ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर कुलदीप मिश्रा ने बहादुर शाह ज़फ़र की मशहूर कविता 'लगता नहीं दिल मेरा उजड़े दयार में' पढ़कर सुनाया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने संगोष्ठी में आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए संगोष्ठी का समापना किया। इस अवसर पर सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सोशल आउटरीच के प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय, अनामिका यादव, डॉ रिचा शर्मा, शिफा खान, सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में टूट गए हैं भ्रष्टाचार के सारे रिकार्डः अखिलेश यादव

● **किसानों को फसलों की बुआई के लिए डीएपी, यूरिया और अन्य खादें न उपलब्ध करा पाने का सरकार पर लगाया आरोप**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों का शोषण कर रही है। किसान, नौजवान, गरीब भाजपा सरकार में दुखी और परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी हो रही है। किसानों को आलू, गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए डीएपी, यूरिया और अन्य खादें नहीं मिल रही है।

यादव ने कहा कि पिछले एक पखवारे में मैनपुरी, कन्नौज समेत कई जिलों के किसानों ने डीएपी की कमी को लेकर प्रदर्शन किया था। बीते सोमवार को चित्रकूट में डीएपी न मिलने से परेशान किसान ने अपने खेत में आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसानों को फसलों की बुआई के लिए खाद, बीज होने का दावा करने वाली सरकार को किसानों की समस्याएं नहीं दिख रही है। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए हैं। झूठ और लूट का बोलबाला है। किसानों के धान खरीद का समुचित इंतजाम न होने से किसान इधर-उधर भटक रहा है। जहां धान खरीद शुरू की गई है वहां पर धान की बोरी से चोरी की खबरें आ रही है। उन्होंने कहा कि हाथरस मंडी समिति में धान बेचने वाले किसानों से लूट हो रही है। जब से भाजपा की सरकार आयी है हर फसल के साथ यहीं हाल है। किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है। गन्ना किसानों के साथ भाजपा सरकार का शोषण लगातार जारी है। महंगाई के कारण फसलों का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। गन्ना मूल्य को लेकर किसानों में भारी असंतोष है। अखिलेश ने कहा कि सरकार ने पिछला बकाया गन्ना का पूरा भुगतान नहीं कराया।

किसानों की आय दोगुना करने का वादा भाजपा सरकार दस साल में भी पूरा नहीं कर पायी। भाजपा की शोषणकारी नीतियों से किसान त्रस्त और परेशान है। आने वाले विधानसभा उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में किसान, नौजवान इस शोषणकारी भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकेंगे।

# राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक छात्र/छात्राओं को प्रदान किया



**बाँदा।** आनन्दी बेन पटेल, राज्यपाल उप्र/कुलाधिपति कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, बाँदा ने आज कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के दसम दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया तथा दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक छात्र/छात्राओं को पदक प्रदान किये। इससे पूर्व उन्होंने बॉदा कृषि विवि बोटेनिकल गार्डन एवं फसलोत्तर प्रबंधन प्रयोगशाला का लोकार्पण किया तथा मेडिटेशन एण्ड वेलनेश सेन्टर (केन नेचर पार्क) का शिलान्यास किया। दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राज्यपाल/ कुलाधिपति आनन्दी बेन पटेल ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में आयोजित दसम् दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने पर मुझे प्रशन्नता हो रही है। उन्होंने छात्र/छात्राओं को मेडल प्राप्त होने पर उनको एवं उनके माता.पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु निरन्तर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों कृषि विश्वविद्यालयों में छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अधिक मेडल प्राप्त किये है और आज इस विश्वविद्यालय में 21 में से 16 छात्राओं को विभिन्न संकायों में मेडल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिन छात्रध्छात्राओं को आज मेडल नही मिला है वह सभी अपने जीवन के लिए इतना अच्छा कार्य करेंए जिससे उन्हें भी मेडल प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे बढ रही हैं तथा कृषिए वानिकीए उद्यान के क्षेत्र में भी आगे बढकर मेडल प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तकनीकी एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों, महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तक अवश्य पहुंचायेए जिससे वह स्वावलंबी एवं सशक्त हो सकें। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति एवं ड्रोन दीदियां कैसे बने] इस दिशा में कार्य निरन्तर किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक ढंग से उन्नतशील खेती करें तथा उर्वरकों एवं रसायनिक छिडकॉव आदि का उपयोग कम करें जिससे कि विभिन्न प्रकार की होने वाली बीमारियों से बचाव होगा तथा बीमारियों का खर्चा भी बचेगा। किसान प्राकृतिक खेती की ओर आगे बढें और लक्ष्य लेकर प्राकृतिक खेती को अपनायें जिससे आगामी वर्षों में परिवर्तन अवश्य आयेगा। बुंदलेखंड क्षेत्र में कृषि क्षेत्र की अपार संभावनायें हैं जिस ओर विवि पूर्णतया प्रयत्नशील है। विवि को दलहन, तिलहन मिशन के अन्तर्गत मूंगफली, सरसों, अलसी, तिलहन में आत्मनिर्भर बनने के लिए कार्य करें।

## एसडीएम ने छात्राओं को तहसील की कार्यप्रणाली की दी विस्तार से जानकारी

**संडीला (हरदोई)।** छात्राओं को एसडीएम तथा अन्य राजस्व विभाग के अधिकारियों ने विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। उच्च प्राथमिक विद्यालय जामू की छात्राएं अपने शिक्षकों के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंची। एसडीएम डॉ. अरुणिमा श्रीवास्तव से प्रधान अध्यापक मो. हारून के नेतृत्व में भेंट की। एसडीएम ने सभी छात्राओं का परिचय प्राप्त कर उन्हें तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से बताया तथा समझाया कि किसी प्रकार की शिकायत को लेकर कोई राजस्वकर्मी कार्य नहीं करता तो उसकी शिकायत किस प्रकार उनसे की जा सकती है। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने इन छात्राओं को एसडीएम कॉन्फ्रेंस हॉल, तहसीलदार न्यायालय, न्यायिक तहसीलदार न्यायलय की कार्यप्रणाली, आय जाति निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया, भूमि विवादों का निस्तारण के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

## विशाल कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का होगा श्रीगणेश

### ● रूरा की प्रसिद्ध यज्ञ के 30 वें वार्षिकोत्सव का भूमिपूजन सम्पन्न



यज्ञशाला में भूमि पूजन सम्पन्न करवाते आचार्य व मौजूद आयोजक

**कानपुर देहात।** जनपद के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शुमार रूरा कस्बे की विष्णु महायज्ञ के 30 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर यज्ञशाला में आचार्य की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे, 3 नवम्बर को विशाल कलश यात्रा के माध्यम से इस 9 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। जनपद के रूरा कस्बे में थाना ग्राउण्ड में विष्णु महायज्ञ, रामचरित मानस, श्रीमादभागवत व रासलीला का आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है। गुरूवार को जनपद के इस प्रसिद्ध धार्मिक आयोजन के 30 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर यज्ञशाला में यज्ञाचार्य पं0 उमाशॅकर तिवारी व सहयोगी आचार्य की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से केजी पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य, जगदीश नारायण शुक्ला, अवधेश पाण्डेय, राकेश शुक्ला पूर्व सभासद, मिण्टू पाण्डेय, महेश मुनीम,शिवा पाण्डेय, विष्णु मोहन दीक्षित, आशीष शुक्ला, प्रधानाचार्य पं0 इच्छाराम इण्टर कालेज, राजेन्द्र अवस्थी, पूर्व प्रधानाचार्य, प्रमोद शुक्ला पूर्व प्रधान, अखिलेश गुप्ता लल्ला, पूतन अवस्थी सहित अन्य आयोजक मौजूद रहे। कार्यक्रम सॅयोजक राकेश शुक्ला ने बताया कि 3 नवम्बर को विशाल कलश यात्रा के साथ 30 वें वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ होगा, उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा मध्यप्रदेश के ददरूआ धाम पीठाधीश्वर पवन मिश्र शास्त्री द्वारा श्रवण करायी जायेगी, रामचरित मानस की कथा आगरा की मानस माधुरी रेखा शास्त्री, पीताम्बरा धाम की ज्योति शास्त्री, बनारस के अशोकानन्द जी महाराज, मिर्जापुर के द्वारिका शास्त्री व महाभारत की कथा विजय कौशल मुन्ना कुरारी द्वारा उपस्थित भक्तों को श्रवण करायी जायेगी। रात्रिकालीन सभा में वृन्दावन धाम के रास मण्डल द्वारा रासलीला के आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति मॅच से प्रदान की जायेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक सॅख्या में लोगों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

## छुटटी का प्रार्थना पत्र को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी की बीडीओ से कहासुनी व मारपीट



**शमशाबाद फर्रुखाबाद।** बेटी के इलाज के लिए छुट्टी का प्रार्थना पत्र लेकर आये ग्राम पंचायत अधिकारी की खण्ड विकास अधिकारी से जमकर कहासुनी हो गयी। मामला इतना बड़ा कि ग्राम पंचायत अधिकारी की खण्ड विकास अधिकारी में खण्ड विकास अधिकारी के आफिस में जमकर मारपीट हो गयी। दोनो अधिकारी एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है। मामला थाना तक पहुंचा थानाध्यक्ष ने मामले को विभागीय विबाद बता कर थानाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत अधिकारी और खंड विकास अधिकारी का प्रार्थना पत्र वापस लौटायाए। लेकिन थानाध्यक्ष ने मामले को टालते हुए दोनो अधिकारियों को चलती कर दिया। इससे पूर्व खंड विकास कार्यालय बढपुर में भी रसूकदारों से संबंध और बदतमीजी के किस्से अखबारों में प्रकाशित हो चुके हैं ।

शमसाबाद बिकास खंड कार्यालय में उस समय जमकर बबाल हो गया जब विकास खंड कार्यालय में विकास खंड अधिकारी बलराम सिंहके पास से छुट्टी का प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार फौजी ने छुट्टी हेतु अपना प्रार्थना पत्र विकास खंड अधिकारी के सामने रखा। छुट्टी का प्रार्थना पत्र देखते ही विकास खंड अधिकारी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। ग्राम पंचायत अधिकारी के अनुसार विकास खंड अधिकारी ने सचिव को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए प्रार्थना पत्र को फाड़ दिया। तथा मेज पर रखा डस्टर सचिव के सर में मार दिया। मारपीट करने व गालियां देने से आक्रोशित ग्राम पंचायत सचिव अरुण कुमार फौजी और विकास खंड अधिकारी बलराम के मध्य मामला बढ़ गया। और मारपीट बड़ गई।

## दिव्यांग बच्चों के कल्याण व सक्षम बनाने हेतु ब्लॉक अकबरपुर में आयोजित हुआ कैंप, बनाए गए आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र



माननीय मंत्री एवं सीडीओ ने दिव्यांग बच्चों को वितरित की होम बेस्ड लर्निंग किट

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों के कल्याण एवं सक्षम बनाए जाने के उद्देश्य से आधार कार्ड बनानेए दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने एवं निशुल्क उपकरण वितरण हेतु एक कैंप का आयोजन विकासखंड अकबरपुर के ब्लॉक कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय राज्य मंत्री बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चिन्हित 15 बच्चे जो स्वयं चलकर विद्यालय आ पाने में असमर्थ हैं ऐसे दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड लर्निंग किट वितरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता हैए दिव्यांग बच्चों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ सही लाभार्थी तक पहुंचाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सरकारी कार्यालय की भाग दौड़ से बचाने के लिए सभी विभागों को एक साथ ब्लॉक परिसर में लाकर दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र जारी करना इस कैंप का प्रमुख उद्देश्य हैए ताकि दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर एक बेहतर जीवन जी सके। कैम्प में बाल विकास विभाग द्वारा 6 वर्ष से कम उम्र के 41 बच्चों का पंजीकरण किया गया जिसमें से 39 का परीक्षण करते हुए 12 आधार कार्ड जारी किए गए। बेसिक शिक्षा विभाग को 6 वर्ष से ऊपर के 17 नामांकन प्राप्त हुए जिसमें चार बच्चों के मौके पर आधार बनाए गए। पंचायती राज विभाग में 139 पंजीकरण हुए। आरबीएसके टीम द्वारा 35 लोगों की शुगर जांच की गई जिसमें आठ लोग हाई शुगर के चिन्हित हुए। 30 लोगों को ओपीडी के माध्यम से निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई गई। दिव्यांग उपकरण के लिए 10 आवेदन प्राप्त हुए। दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए 79 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें खबर लिखे जाने तक 28 प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्राए नगर पंचायत अध्यक्ष पति जितेन्द्र सिंह गुड्डुनए माननीय मंत्री के प्रतिनिधि बउवा पाण्डेय की गरिमामय उपस्थिति रही। खंड विकास अधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री, सीएमओ डा एके सिंह, एसीएमओ डा एसएल वर्मा, डा राजकुमार सिंहए कार्यक्रम अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अश्वनी आनंद, एसआरजी अनन्त त्रिवेदी, अजय गुप्ता, संत कुमार दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

## दीपावली पर्व पर विशेष चौकसी बरते जिले की पुलिसः आईजी

**फतेहपुर।** आगामी दीपावली पर्व पर जिले की पुलिस विशेष चौकसी बरतने का काम करे। पर्व को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच मनाया जाए। इसके लिए जिले के सभी थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित करके दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। अराजकतत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। रात्रि गश्त में भी लापरवाही न बरतें। अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। थानों पर लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण किया जाए। यह बात गुरूवार को पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में जिले की कानून व्यवस्था, अपराध एवं आगामी त्योहार के दृष्टिगत आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम कुमार गौतम ने कही। उन्होने कहा कि देश में मनाए जाने वाले पर्व हमें एकता के सूत्र में पिरोने का काम करते हैं। दीपावली का पर्व बेहद नजदीक है। इसलिए जिले की पुलिस विशेष चौकसी बरतने का काम करें। ड्यूटी में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारी व थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करके जनता को सुरक्षा का एहसास कराने का काम करें। जिले के सभी थानों पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए। बैठक में शासन की गाइडलाइन से जनता को अवगत कराया जाए। जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होने कहा कि अराजकतत्वों पर विशेष निगरानी बरती जाए। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उन्होने कहा कि पर्व के दौरान यदि कहीं कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके जिम्मेदार थाना प्रभारी व स्थानीय पुलिस होगी। उन्होने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का कर्तव्य है कि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराए। आईजी ने थाना प्रभारियों को हिदायत दिया कि रात्रि गश्त में लापरवाही न बरती जाए। अपराधियों पर विशेष निगाह रखें और उनको गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। उन्होने कहा कि थानों पर लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण करने में हीलाहवाली न करें। बैठक में मौजूद पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने आईजी को भरोसा दिलाया कि उनके दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। जिले में पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेगी। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र के अलावा सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण भी मौजूद रहे। **चिन्हित स्थान पर ही लगवाएं पटाखा बाजारः** दीपावली पर्व पर आतिशबाजी का विशेष दौर चलता है, जिसको लेकर आईजी प्रेम गौतम ने कहा कि त्योहार पर लगने वाले पटाखा बाजार को लेकर पुलिस प्रशासन स्थान का चयन कर ले और सभी पटाखा कारोबारियों को दिशा-निर्देश दिए जाएं कि पटाखा बाजार चिन्हित स्थान पर ही लगाएं। यदि किसी पटाखा कारोबारी ने नियमों का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। **बाजार में तैनात करें पुलिस बलः** पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम ने कहा कि धनतेरस व दीपावली के त्योहार पर बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ती हैं। इसलिए अनहोनी की घटनाएं होने की प्रबल संभावनाएं होती हैं। इसलिए शहर समेत जिले की सभी तहसीलों के प्रमुख बाजारों में पुलिस की तैनाती की जाए। जो आने-जाने वाले लोगों पर अपनी निगाह बनाएं रखें। जिससे घटनाओं को रोका जा सके।

## इंटरसिटी के चपेट में आने से पिंडार्थू निवासी दंपत्ति की मौत

**पुखरायां। कानपुर देहात।** कानपुर-झांसी रेल मार्ग पर कस्बा के मंडी मोड़ रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार देर रात कानपुर से झांसी जा रही इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से सिकंदरा थाना क्षेत्र के पिंडार्थ गांव के दंपती की मौत हो गई। सिकंदरा थाना क्षेत्र के पिंडार्थ निवासी सोम शुक्ला (36) भोगनीपुर स्थित एककार शोरूम में काम करता था। उसकी ससुराल भोगनीपुर थाना क्षेत्र के रैगवां में है। बुधवार देर रात को सोम शुक्ला व उनकी पत्नी श्वेता शुक्ला पुखरायां कस्बा स्थित मंडी मोड़ रेलवे क्रासिंग से कुछ दूरी पर कानपुर से झांसी जा रही इंटरसिटी ट्रेन से टकरा गए। रेलवे ट्रैक पर खंभा नंबर 1288/15-16 के पास उनके शव पड़े मिले। कार एजेंसी के कर्मचारी अवधेश कुमार ने शव की शिनाख्त साथी कर्मचारी के रूप में करके घटना की जानकारी परिजनों को दी। रैगवां निवासी मुन्ना द्विवेदी व उनके भतीजे शिवम सहित अन्य ससुरालीजन व परिजन मौके पर पहुंच गए।

## श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने टीम के साथ नगर में चलाया अभियान

### ● दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया



नगर में अभियान चलातीं श्रम प्रवर्तन अधिकारी व एसएचओ।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृति, एंव मिशन शक्ति-05 व नशा मुक्ति अभियान के तहत ए.एच.टी.यू. प्रभारी निरीक्षक व श्रम प्रवर्तन अधिकारी छिबरामऊ एवं सुपरवाइजर द्वारा नगर में अभियान चलाकर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। जिससे दुकानदारों में हडकम्प मच गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी एएचटीयू अजय कुमार के कुशल निर्देशन में एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह ने हमराह काव 1011 हिमेश रावत तथा कीर्ति कुरील श्रम प्रवर्तन अधिकारी छिबरामऊ, प्रमोद कुमार सुपरवाइजर द्वारा नगर में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मैन बाजार, हाईवे पर होटल, ढाबो व मैडिकल स्टोर, मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत एवं नशा मुक्त व मिशन शक्ति-05 ऑपरेशन, ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चौकिंग अभियान के दौरान 02 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया व टीम द्वारा एक बच्चे नाम शहजान को विधिक कार्यवाही हेतु सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया गया और लोगो को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत एंव नशा मुक्ति अभियान रोकने हेतु जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

## बलवंत हत्याकांड में दोषी तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी व मैथा चौकी प्रभारी को पॉच साल का कारावास

### ● दोषी पुलिस अधिकारियों पर न्यायालय ने 10 हजार रूपये का लगाया अर्थदण्ड

### ● मृतक की पत्नी व पुत्र के भविष्य के लिये न्यायालय ने तत्कालीन एसपी सहित पुलिस अधिकारियों के वेतन से 10 लाख रूपये की प्रतिकर धनराशि दो महीने के भीतर देने का दिया आदेश



तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह व तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय

**कानपुर देहात।** चर्चित बलवन्त हत्याकाण्ड में माननीय न्यायालय ने दोषी तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह व तत्कालीन मैथा प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय को पॉच-पॉच वर्ष के कारावास के साथ दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी है। न्यायालय ने तत्कालीन एसपी मैडम सुनीति सहित पुलिस के आला अधिकारियों के खिलाफ भी तल्ख टिप्पणी करते हुये उनके वेतन से मृतक बलवन्त की पत्नी व बच्चों को दस लाख रूपये की प्रतिकर धनराशि दो महीने के भीतर देने का आदेश भी दिया है।

12 दिसम्बर 2022 को रनियॉ थाने के अन्दर व्यापारी बलवन्त सिंह को पीट-पीटकर जान से मार डालने का आरोप लगाते हुये मृतक के चाचा अॅगद सिंह ने रिर्पोट दर्ज करवायी थी। विवेचना में हत्या की धारा हटाकर गैर इरादन हत्या में आरोप पत्र भेजा गया था, मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॅचम कानपुर देहात पूनम सिंह की न्यायालय में चल रहा था। शनिवार को न्यायालय ने तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह व मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय को दोष सिद्ध करते हुये शेष को आरोपमुक्त कर दिया था। गुरूवार को न्यायालय ने दोषी राजेश सिंह व ज्ञान प्रकाश पाण्डेय को पॉच-पॉच वर्ष के कारावास की सजा सुनाने के साथ दस हजार रूपये अर्थदण्ड लगाने का आदेश दिया। न्यायालय ने मृतक बलवन्त की पत्नी व पुत्र को शिक्षा व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिये तत्कालीन एसपी सुनीति, एएसपी घनश्याम चौरसिया, तत्कालीन रसूलाबाद सीओ, तत्कालीन अकबरपुर सीओ, तत्कालीन रनियॉ प्रभारी के वेतन से किश्तों में दस लाख रूपये की प्रतिकर धनराशि दो महीने के भीतर प्रदान किये जाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पुलिस अभिरक्षा में हुयी बलवन्त की मौत को पुलिस की बर्बरता से पिटाई को कारण माना है, लचर व दोषपूर्ण विवेचना के लिये भी न्यायालय ने कुछ सह सहअभियुक्तों को समुचित साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ मिलने पर भी टिप्पणी की है। न्यायालय ने पुलिस अधिकारियों पर थाने के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी पर प्रश्न उठाये है। निर्णय आने के बाद जहॉ मृतक बलवन्त के परिजनों ने न्यायालय के निर्णय पर निराशा व्यक्त की है तथा मामले की उच्च न्यायालय में अपील करने की बात कही है।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में मिला इलाज

### ● मानसिक बीमारियों से बचाव के लिए तनावमुक्त रहने के साथ भरपूर नींद लेना जरूरीः विनोद अवस्थी



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खमरिया पंडित में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार के द्वारा की गई। इस दौरान जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने मानसिक स्वास्थ्य व इससे जुड़ी अन्य बीमारियों के रोकथामए बचाव और इलाज पर अपने विचार भी रखे।

धरारा से भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने इस दौरान कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मोहैया करने के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रही है। यह शिविर भी सरकार द्वारा मानसिक रोगियों को स्वास्थ्य लाभ गांव तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। ऐसे कई शिविर उत्तर प्रदेश में लगाई जा रहे हैं। वहीं जिले में भी मानसिक रोगों के लिए यह विशेष व्यवस्था की गई है।

मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय उपचार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए व्यक्ति को नींद 6 से 8 घंटे लेना जरूरी है। प्रतिदिन व्यायाम, साफसफाई, शुद्ध और ताजा भोजन, धूम्रपान का सेवन न करना समेत अन्य जरूरी आदतों को को अपने दैनिक जीवन में जरूर शामिल करना चाहिए, इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय ने जनसामान्य को मानसिक बीमारियों के लक्षणों जैसे. नींद न आना, उलझन, घबराहट, मिर्गी के दौरे, डिप्रेशन, सिर में दर्द, चक्कर आना, आत्महत्या के विचार आनाएअपने आप से बात करनाए शक करनाए भूत प्रेत की छाया दिखनाए डर लगनाए पढ़ाई में मन न लगना आदि के विषय में जानकारी दी ।साथ ही साथ शासन द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत बच्चों द्वारा पढुआ थाने से कार्यक्रम संपन्न



**निघासन खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति .5ए जो अक्टूबर 2024 से प्रारंभ किया गया है एके अंतर्गत पीएम कंपोजिट विद्यालय दुलही रमियाबेहड के बच्चों, का एक दल प्रधान अध्यापक ओमप्रकाश के नेतृत्व में थाना पडुवा और इंडियन बैंक ढखेरवा चौराहा का भ्रमण किया कराया गया। इस एक्स्पोज़र विजिट में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही के बच्चों के साथ लखाही के बच्चे भी शामिल थे। थाना पडुवा में पहुंचने पर वहां के थाना इंचार्ज निराला तिवारी व उनके स्टाफसे बसंत लाल सरोज, आरक्षी श्लोक कुमार, सपना एसंजय यादव, लोकेश पांडे, अंकित आदि ने समस्त स्टाफ और बच्चों को थाने का भ्रमण कराया। संजय यादव ने बहुत ही बारीकी से थाने की कार्य प्रणाली जैसे पकड़े गए मुलजिमों को कहां रखा जाता है, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कैसे की जाती है, असला कहां और कैसे रखे जाते हैं, महिलाओं के अधिकार व उनके क्या नियम हैं आदि के संबंध में विस्तार से बताया। सपना जी ने बच्चों को महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर के विषय में अवगत कराया ।साथ ही साथ उन्होंने मिशन शक्ति के तीन प्रमुख ध्येय नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वालंबन पर विस्तार से जानकारी साझा की। बच्चों को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत चलाए जा रहे हैं भिन्न योजनाओं के विषय में विशेष रूप से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए निराश्रित महिला पेंशन योजना, बैंकिंग कॉरस्पोंडेंस सखी, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, शक्ति मोबाइल एमहिला हेल्प डेस्क, महिला बीट व महिला बीट पुलिस अधिकारीए महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकीए महिला साइबर सेल एमहिला अपराधों पर कार्यवाही की स्थिति के साथ.साथ घरेलू हिंसाए दहेज प्रथाए बाल विवाह एएंटी रोमियो एस्कॉर्ट आदि के विषय में बहुत ही विस्तार से बताया ।सभी को उन्होंने थाने के अन्य नंबर उपलब्ध कराए और आस्वस्थ किया कि किसी भी प्रकार से यदि आपके साथ कोई दुर्व्यवहार होता है तो इन नंबरों पर फोन करने पर आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा और त्वरित कार्यवाही भी की जाएगी। बच्चों को थाना प्रभारी निराला तिवारी जी ने भी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति योजना के साथ.साथ ए आपको विश्वास कराते हैं कि पुलिस आपकी मित्र है। हम लोग हर समय आप लोगों के साथ हैं। यदि किसी बच्ची को कोई स्कूल आने से रोकता हैए प्रताड़ित करता है तो निसंकोच वह दिए गए नंबरों पर कॉल कर सकते हैं और उनकी यथा समय मदद की जाएगी। उनके द्वारा बच्चों को गिफ्ट व जलपान की व्यवस्था भी की। अब बच्चे इंडियन बैंक ढखेरवा चौराहा की ओर रवाना हो गए। यहां पर शाखा प्रबंधक पांडे जी और संध्या संत के साथ.साथ बैंक के समस्त स्टाफके द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा एक.एक पटल पर किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। खातों के प्रकारए खातों से धन की निकासी, जमा करना, 10 साल के बच्चेद्वारा अपना खाता स्वयं ऑपरेट करना ए जिनके खाते ना खुले हो वह कैसे खाते खुलवाये एडीबीटी की प्रक्रिया, साइबर अपराध व कार्य प्रणाली आदि के समय विषय में विस्तार से बताया। साथ ही साथ चेक कैसे भरा जाता है, कितनी अवधि हेतु वह मान्य है। जमा व निकासी वाउचर कैसे भरे जाते हैं। आदि के विषय में भी उनके द्वारा बच्चों को बताया। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव और एआरपी, संतोष वर्मा व अजय वर्मा भी इस टीम का हिस्सा रहे । उनके द्वारा भी बच्चों को महत्वपूर्ण टिप्स और जानकारियां दी गई ।यहां भी शाखा प्रबंधक जी ने बच्चों को जलपान व गिफ्ट की व्यवस्था की गई ।सभी बच्चे एक्सपोजर विजिट के पश्चात बहुत ही आत्मविश्वास से भर गए और उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा। दोनों अधिकारियों के द्वारा विद्यालय के द्वारा किए जा रहे हैं इस प्रकार के प्रयास व नवाचार को काफी सराहनीय बताया और आशीर्वाद दिया कि निरंतर प्रगति के पथ पर बिना रुके हुए कार्य करते रहने की शुभकामनाएं देखकर बच्चों और आए स्टाफ को विदा किया। कार्यक्रम शासन की मनसा अनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी, जिला समन्वयक बालिका रेनू श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव के निर्देशन, मार्गदर्शन और संरक्षण में विद्यालय के प्रधान अध्यापक ओमप्रकाश तथा सहयोगी शिक्षक संजीव कुमार, केशव राम एकपिल मौर्य ए डीके राम आदि के विशेष सहयोग से संभव हो सका।

# ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। पीठ ने कहा, हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते। शीर्ष अदालत ने कहा, तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को अदालत में आने दें।

याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा।

वकील ने कहा, उच्चतम न्यायालय का आदेश स्पष्ट था कि इस अदालत की अनुमति के बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता तीसरा पक्ष हैं और उन्हें तथ्यों की जानकारी नहीं है, क्योंकि वह केवल फुटपाथ पर अतिक्रमण था जिसे अधिकारियों ने हटाया था। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता ने मीडिया की कुछ खबरों के आधार पर अदालत का रुख किया।

पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता इस कार्वाई से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि तीन में से दो मामलों में प्रभावित व्यक्ति जेल में हैं। हालांकि, पीठ ने कहा कि जेल में बंद प्रभावित व्यक्तियों के परिवार के सदस्य अदालत का रुख कर सकते हैं। वकील ने कहा, जो लोग पीड़ित होते हैं, उनके पास अक्सर अदालत तक पहुंच नहीं होती है। इसके बाद पीठ ने टिप्पणी की, कृपया ऐसा न कहें। हर जगह जनहित की भावना से प्रेरित नागरिक हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर किसी की संपत्ति को ध्वस्त किया गया है, तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं और पीठ उस पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने इससे पहले कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें यह बात कही गई थी कि कई राज्यों में अपराध के आरोपियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है।

उच्चतम न्यायालय ने 17 सितंबर को आदेश दिया था कि उसकी अनुमति के बिना एक अक्टूबर तक देश भर में कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। उसने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइन या जलाशयों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय ने एक अक्टूबर को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि अगले आदेश तक उसका 17 सितम्बर का अंतरिम आदेश लागू रहेगा। इसके बाद न्यायालय ने संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए अखिल भारतीय दिशा-निर्देश तैयार करने का सुझाव दिया था और कहा था कि सड़क के बीच में स्थित धार्मिक संरचनाओं - चाहे वह दरगाह हो या मंदिर - को हटाना होगा, क्योंकि जनहित सर्वोपरि है। न्यायालय ने कहा था कि किसी व्यक्ति का आरोपी या दोषी होना संपत्तियों को ध्वस्त करने का आधार नहीं है।

## दिवाली और छठ पूजा के लिए 7,000 विशेष ट्रेन चलाएगा रेलवेः मंत्री

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे इस साल दिवाली और छठ पूजा के लिए 7,000 विशेष ट्रेन चलाएगा, प्रतिदिन दो लाख अतिरिक्त यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल दिवाली और छठ पूजा के दौरान त्योहारी भीड़ को देखते हुए 4,500 विशेष ट्रेन चलाई गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंत्रालय ने इस साल सेवाओं को बढ़ाने का फैसला किया है। एनआर इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेन चलाएगा क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री देश के पूर्वी भागों में आवाजाही करते हैं। एनआर ने हाल ही में एक प्रेस बयान में कहा कि वह लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए विशेष ट्रेन के लगभग 3,050 फेरे संचालित करेगा।

# केंद्र सरकार ने रद्दी के निपटान से 100 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने महीने भर तक जारी रहने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान रद्दी के निपटान से 100 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। यह जानकारी एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी। अधिकारी ने कहा कि अभियान अवधि के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों ने बेकार पड़ीं 12 लाख से अधिक फाइलों को अब तक निपटाया है और इससे 97.2 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है। विशेष अभियान 4.0, स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकार में लंबित मामलों को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को लागू करता है। अभियान दो से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

अभियान से संबंधित नोडल प्रभाग प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि इसके कार्यान्वयन के पहले दो हफ्तों के बाद अभियान ने महत्वपूर्ण गति पकड़ ली है और नियमों को सुगम बनाने तथा नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के संदर्भ में कई नवीन सर्वोत्तम प्रथाएं देखी गई हैं। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, अब तक अभियान अवधि के दौरान 2.7 लाख कार्यालयों को कवर किया गया है। रद्दी निस्तारण से 101.48 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। 12,33,638 फाइलों को हटा दिया गया है और इससे 97.2 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है।

2021-2023 में, विशेष अभियानों में आकार और स्तर के हिसाब से वृद्धि हुई। अभियान 4.5 लाख कार्यालयों में कार्यान्वित किया गया और इससे कार्यालयों में 355 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई तथा।,162 करोड़ रुपए का भारी राजस्व अर्जित किया गया। राजस्थान कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी श्रीनिवास ने कहा कि इन विशेष अभियानों के तहत लगभग एक करोड़ कागजी फाइलों को हटाया गया।

विशेष अभियान 4.0 लंबित चीजों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा जी2जी (सरकार से सरकार) अभियान है जो 31 अक्टूबर को समाप्त होगा। श्रीनिवास ने कहा, विशेष अभियान के प्रमुख प्रदर्शन मानदंड अभियान के बाद की अवधि में भी कायम रहेंगे और सभी मंत्रालयोंविभागों में सप्ताह में तीन घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित रहेंगे। अभियान का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर तक 369 नियमों को आसान बनाया गया है और 3,86,539 सार्वजनिक शिकायतों का निवारण किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही 22,85,564 कागजी फाइलों और 2,96,373 ई-फाइलों की समीक्षा की गई है।

# छापेमारी कर 75 करोड़ की कीमत का 104 किग्रा सोना जब्त किया

**भाषा।** त्रिशूर (केरल)

**सोने** के व्यापार के लिए मशहूर त्रिशूर में केरल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर छापेमारी कर बेहिसाबी 104 किलोग्राम सोना जब्त किया जिसका बाजार मूल्य 75 करोड़ रुपए है। इस अभियान को टोरे डेल ओरो नाम दिया गया है जिसे राज्य में अपनी तरह का सबसे बड़ा अभियान माना जाता है। यह नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है सोने की मीनार।

बुधवार शाम शुरू हुआ यह अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और इस दौरान 700 से अधिक अधिकारियों ने पूरे मध्य केरल जिले में विनिर्माण इकाइयों और जौहरियों के घरों सहित लगभग 78 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा पिछले छह माह से आभूषण निर्माताओं द्वारा की जा रही कथित जीएसटी धोखाधड़ी की जांच कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने 104 किलोग्राम सोना जब्त करने के अलावा बिलिंग और कराधान प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाईं। इससे पहले, सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान बेहिसाबी 120 किलोग्राम सोना जब्त किया गया। जीएसटी के विशेष आयुक्त अब्राहम रेन एस के नेतृत्व में यह व्यापक छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर के अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के बहाने त्रिशूर बुलाया गया और स्टडी टूर लिखे बैनरों के साथ बसों में विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया। राज्य जीएसटी खुफिया आयुक्त दिनेश कुमार ने बताया कि अभियान टोरे डेल ओरो जारी रहेगा।

# कुमारस्वामी के बेटे निखिल को चन्नपटना विस उपचुनाव के लिए राजग उम्मीदवार बनाया गया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में जनता दल (सेक्युलर) के नेता निखिल कुमारस्वामी को चन्नपटना विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का उम्मीदवार घोषित किया गया है। निखिल के पिता एवं केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद चन्नपटना विधानसभा सीट खाली हो गई थी। निखिल (36) का मुकाबला इस क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे पूर्व मंत्री, कांग्रेस के सी.पी.योगीश्वर से है।

योगीश्वर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर बुधवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। निखिल की मां अनीता कुमारस्वामी ने 2013 में इस सीट से योगीश्वर के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। योगीश्वर को चन्नपटना निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक रूप से काफी प्रभावशाली नेता माना जाता है। योगीश्वर के चन्नपटना उपचुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस में शामिल होने के बाद, पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की ओर से कुमारस्वामी पर निखिल को मैदान में उतारने का दबाव बढ़ रहा था।

निखिल के नाम पर अंतिम निर्णय लेने से पहले कुमारस्वामी ने पिछले कुछ दिनों में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं, विशेषकर चन्नपटना के लोगों के साथ कई बैठकें की थीं। निखिल के नाम की औपचारिक घोषणा से पहले बृहस्पतिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा के आवास पर राजग की बैठक हुई। एदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम चन्नपटना उपचुनाव के लिए निखिल कुमारस्वामी को राजग उम्मीदवार घोषित करते हैं... सौ प्रतिशत वह जीतेंगे। हम सब मिलकर चन्नपटना का दौरा करेंगे और वे (निखिल) बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे।

इस अवसर पर एच डी कुमारस्वामी और निखिल के अलावा भाजपा तथा जद (एस) के कई नेता मौजूद रहे। ऐसा कहा जाता है कि कुमारस्वामी दुविधा में थे, क्योंकि निखिल चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं के दबाव के आगे वह झुक गए। निखिल ने कहा कि वह पार्टी द्वारा जद(एस) के किसी स्थानीय कार्यकर्ता या नेता को उम्मीदवार बनाए जाने के पक्ष में हैं। यह जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते के लिए तीसरी चुनावी लड़ाई है। निखिल ने रामनगर से 2023 में विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे थे।

## पुणे में पानी की टंकी गिरने से पांच श्रमिकों की मौत, पांच घायल

**पुणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में बृहस्पतिवार सुबह श्रमिकों के एक शिविर में पानी की अस्थाई टंकी गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड शहर के भोसरी इलाके में उस वक्त हुई जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पिंपरी चिंचवड के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेसी ने कहा, प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी फट गई, जिससे वह ढह गई। पानी की टंकी के नीचे मौजूद मजदूर मलबे में दब गए। एक अन्य अधिकारी ने बताया, तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पांच अन्य घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जा रही है कि यह स्थल किसका है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कांग्रेस दलितों का अनादर करती है : हिमंत विश्व शर्मा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह दलितों का अनादर करती है और उनके साथ तीसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार करती है। शर्मा ने हाल में सामने आए एक वीडियो के संबंध में यह टिप्पणी की है, जिसमें प्रियंका गांधी वाद्रा के वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बाहर इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। शर्मा ने रांची में संवाददाताओं से कहा, प्रियंका गांधी वाद्रा के नामांकन दाखिल करने के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे के साथ जो व्यवहार किया गया है, लोगों ने उसे देखा है और उसके बाद दलितों के मुद्दे पर कांग्रेस की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी नाटक करते हैं और दिखावा करते हैं कि वह दलितों का सम्मान करते हैं, लेकिन जिस तरह से खरगे जी के साथ व्यवहार किया गया उससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस दलितों को अछूत और तीसरे दर्जे का नागरिक मानती है। असम के मुख्यमंत्री शर्मा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह-प्रभारी हैं। उन्होंने कहा, खरगे जी के साथ जो हुआ वह स्वतः स्पष्ट है। शर्मा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें जनता को जवाब देना होगा कि उन्हें जेल क्यों जाना पड़ा था। उन्होंने कहा, यह बात तो साफ है कि वह झारखंड आंदोलन या स्वतंत्रता संग्राम के कारण जेल नहीं गए थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में इस साल 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। झामुमो नेता ने बार-बार दावा किया है कि उन्हें भाजपा के इशारे पर जेल भेजा गया क्योंकि पार्टी ने ही उनके खिलाफ साजिश रची थी। सोरेन को पांच महीने बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया था। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को होगा जबकि 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। चुनाव के पहले चरण के लिए 18 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी और यह 25 अक्टूबर को समाप्त होगी, जबकि दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया 22 अक्टूबर से शुरू हुई और 29 अक्टूबर तक जारी रहेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव में कुल 2.60 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं, जिनमें 1.13 लाख दिव्यांग, तृतीय लिंगी और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता हैं तथा 11.84 लाख मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार मतदान करेंगे।

## हेमंत सोरेन सरकार चक्रवाती तूफान दाना से भी ज्यादा घातकः शिवराज

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह भीषण चक्रवाती तूफान दाना से भी ज्यादा घातक है। उन्होंने आगाह किया कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार फिर से सत्ता में आई तो यह राज्य में तबाही मचा देगी। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधानसभा चुनाव प्रभारी ने झामुमो सरकार के पांच साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार, विनाश और लूट के लिए गठबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने पहले ही झारखंड को काफी नुकसान पहुंचाया है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने रांची में एक रैली में कहा, हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार दाना से भी ज्यादा घातक है। हालांकि भीषण चक्रवाती तूफान दो दिन बाद गायब हो जाएगा, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार अगर दोबारा सत्ता में आई तो तबाही मचाएगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को होने वाले हैं और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## एससीबीए ने उच्चतम न्यायालय के प्रतीक चिह्न, न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव पर आपत्ति जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने उसके साथ विचार-विमर्श किए बगैर न्याय की देवी की प्रतिमा और शीर्ष अदालत के प्रतीक चिह्न में किए गए आमूलचूल बदलावों पर आपत्ति जताते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के पुस्तकालय में न्याय की देवी की छह फुट ऊंची नई प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में तलवार की जगह संविधान है। सफेद पारंपरिक पोशाक पहने न्याय की देवी की नई प्रतिमा की आंखों पर पट्टी नहीं बंधी हुई है और सिर पर मुकुट है। एससीबीए के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और कार्यकारी समिति के अन्य सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव में उस स्थान पर प्रस्तावित संग्रहालय पर भी आपत्ति जताई गई है, जहां उन्होंने बार के सदस्यों के लिए कैफे-लाउंज बनाने की मांग की थी।

# प्रियंका वाद्रा के रोड शो के लिए लोगों को झूठ बोलकर लाया गयाः भाजपा

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा द्वारा वायनाड में एक विशाल रोड शो आयोजित किए जाने के एक दिन बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी नव्या हरिदास ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि रोड शो में भीड़ दिखाने के लिए त्रिशूर सहित अन्य जिलों से लोगों को झूठ बोलकर लाया गया था। वायनाड लोकसभा उपचुनाव में भाजपा की उम्मीदवार हरिदास ने आरोप लगाया कि लोगों को शूटिंग या वायनाड में पर्यटन स्थल घुमाने के बहाने वहां लाया गया और इस तरह रोड शो के लिए भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने कहा कि प्रियंका का आगमन और रोड शो एक मौसमी त्योहार की तरह था जो साल में केवल एक बार आता है।

भाजपा उम्मीदवार बृहस्पतिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। उन्होंने कहा, लेकिन, लोग इसे समझ जाएंगे। प्रियंका गांधी ने बुधवार को कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। उनके भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में वायनाड के साथ साथ रायबरेली से भी निर्वाचित हुए थे। बाद में उन्होंने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया। इस वजह से यहां उपचुनाव हो रहा है जिसके लिए मतदान 13 नवंबर को होगा। कांग्रेस उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए हरिदास ने कहा कि कांग्रेस महासचिव केवल इसलिए एक बड़ी उम्मीदवार हैं क्योंकि उनके परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि है। मैं निगम पार्षद हूं और मेरे पास लोगों के साथ काम करने का वर्षों का अनुभव है तथा जमीनी स्तर पर काम करके आगे आई हूं। भाजपा उम्मीदवार ने कहा, अगर परिवार का वर्चस्व किसी उम्मीदवार की महानता का मापदंड है, तो केवल वह (प्रियंका) ही इसका दावा कर सकती हैं। भाजपा के पास ऐसा कोई मापदंड नहीं है और मैं ऐसा कोई वर्चस्व होने का दावा नहीं कर सकती।

# उत्तरकाशी में मस्जिद हटाने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में कथित अवैध मस्जिद हटाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को हिंदू संगठनों की जनाक्रोश रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों से तीखी झड़प के बीच पुलिस ने लाठीचार्ज किया जिसमें करीब 27 लोग जख्मी हो गए। संयुक्त हिंदू संगठन के आह्वान पर निकाली गई इस रैली के समर्थन में उत्तरकाशी, डुंडा, भटवाड़ी और जोशियाड़ा में बाजार बंद रहे जिससे तीर्थयात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। तय कार्यक्रम के अनुसार, बृहस्पतिवार को कथित अवैध मस्जिद हटाने की मांग को लेकर रैली निकालने के लिए लोग हनुमान चौक पर एकत्रित हुए और जय श्रीराम और मस्जिद हटाओ के नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों को मस्जिद की ओर जाने से रोकने के लिए प्रशासन ने गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भटवाड़ी की ओर बैरिकेडिंग लगा दी। इस बैरीकेडिंग को हटाने के लिए प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी नोंकझोंक हुई लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारी हनुमान चालीसा का पाठ भी करते नजर आए। बाद में एक बार फिर प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग हटाने का प्रयास किया और उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई।

इसी दौरान पत्थरबाजी होने लगी जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और बाद में पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी और पुलिस कर्मी चोटिल भी हो गए। उत्तरकाशी जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रेम पोखरियाल ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान 18 पुरूष और दो महिला प्रदर्शनकारियों समेत 27 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों में सात पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। चिन्यालीसौड़ के रहने वाले 17 वर्षीय गोपेश मिश्रा की टांग की हड्डी टूट गई जिसके मद्देनजर उसे देहरादून रेफर किया गया है। देर शाम तक अधिकांश घायलों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। पथराव ने पुलिसकर्मियों को भी मौके से भागने को मजबूर कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हालात बिगाड़ने के लिए एक साजिश के तहत पत्थर फेंके गए जबकि पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित श्रीवास्तव ने कहा कि पथराव की घटना को गंभीरता से लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पथराव करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। प्रदर्शनकारियों को दूसरे मार्ग पर जाने से रोका गया तो धक्का-मुक्की हुई और फिर पत्थरबाजी हुई जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

# पेज 1 का शेष

## सरकार को..

घटनाओं ने विमानन क्षेत्र में गंभीर चिंताएँ पैदा कर दी हैं। इस तथ्य के बावजूद कि इन धमकियों को झूठा माना गया है, उन्होंने बड़े पैमाने पर व्यवधान पैदा किया है, आपातकालीन सुरक्षा प्रक्रियाओं को सक्रिय किया है और उड़ान संचालन को प्रभावित किया है। अधिकारी इन झांसों की उत्पत्ति की जांच करना जारी रखते हैं, जबकि उद्योग के अधिकारी भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त उपायों की मांग कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर हमला किया है और इन झांसों के प्रसार को सुविधाजनक बनाने में उनकी भूमिका के लिए मेटा की आलोचना की है। इस सप्ताह की शुरुआत में, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार एयरलाइनों को बम की धमकियों के मामलों से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई करने की योजना बना रही है, जिसमें ऐसी धमकियों के अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डालना शामिल है। दिल्ली पुलिस ने इन धमकियों से संबंधित आठ मामले दर्ज किए हैं, जो एक्स पर गुमनाम पोस्ट से उत्पन्न हुए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, तीन विशिष्ट खातों- @adamlan-zavvv, @psychotichuman, ¥ÕÚU @schizobomer|||- को इन धमकी भरे संदेशों के प्रमुख स्रोतों के रूप में पहचाना गया है।

## कनाडा ने..

पर थे, जब उन्हें कनाडा के विदेश मंत्रालय से एक संदेश मिला जिसमें उन्हें उसी शाम उनके कार्यालय में आने के लिए कहा गया था। चूंकि वह उस शाम वापस उड़ान भरने वाले थे, इसलिए वर्मा ने 13 अक्टूबर को समय मांगा जब वह अपने उप उच्चायुक्त के साथ ग्लोबल अफेयर्स कनाडा (विदेश मंत्रालय) कार्यालय गए। वर्मा ने कहा, 'थोड़ी बातचीत के बाद उन्होंने मुझे बताया कि मैं और पांच अन्य भारतीय राजनयिक और अधिकारी निज्जर की हत्या की जांच में 'रुचि के व्यक्ति' हैं। और, इसलिए मेरी राजनयिक प्रतिरक्षा के साथ-साथ मेरे सहयोगियों की राजनयिक प्रतिरक्षा को समाप्त करने का अनुरोध किया गया था, ताकि हमसे आरसीएमपी द्वारा पूछताछ की जा सके, जो कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस है और वहां की जांच एजेंसी है। इसलिए, मैंने इसे एक संदेश के रूप में लिया। यह कूटनीति में नहीं होता है। आम तौर पर, शुरू में किसी तरह का संदेश दिया जाता है। मुझे वह भी नहीं मिला। और, अचानक यह हमें सौंप दिया गया। इसलिए, मैं कहूंगा कि यह अविश्वास को दर्शाता है, यह एक तरह की पीठ में छुरा घोंपने को दर्शाता है जो कनाडा में हमारे बहुत ही पेशेवर सहयोगियों द्वारा हमारे साथ किया गया था।

## गुरुग्राम में...

बवाना-सोनीपत हाईवे के जंक्शन पर इंटरचेंज का निर्माण करके वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (डब्ल्यूपीई) या कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे (केएमपी एक्सप्रेसवे) और शहरी विस्तार रोड-2 (दिल्ली) के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने पर सहमति बन गई है। इस परियोजना पर सैनी ने बताया कि गुरुग्राम जिले में खेड़की डोला टोल प्लाजा को स्थानांतरित करने पर भी चर्चा की गई तथा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए अन्य व्यवस्थाओं पर विचार किया जा रहा है। इसी प्रकार, केएमपी तथा बवाना-सोनीपत हाईवे के जंक्शन पर इंटरचेंज बनाकर केएमपी तथा यूईआर-2 (दिल्ली) के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने पर आज सहमति बनी। केंद्रीय मंत्री ने परियोजना में रुचि दिखाई तथा अधिकारियों को इसे क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, बिलासपुर चौक, गुरुग्राम (एनएच-48) पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। हालांकि, यात्रियों की सुविधा के लिए मरम्मत का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को हरियाणा राज्य के लिए ईस्ट-वेस्ट एक्सप्रेसवे (डबवाली से पानीपत) के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का शीघ्र उद्घाटन किया जाएगा तथा दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे जो वर्तमान में केएमपी से शुरू हो रहा है, उसे दिल्ली में यूईआर-2 तक बढ़ाया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बैठक के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद-जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे पर यातायात को सुगम बनाने के लिए एलिवेटेड सेक्शन के निर्माण के लिए आधुनिक डिजाइन तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे पर मोहना गांव में प्रवेश/निकास रैंप का निर्माण किया जाएगा। बैठक में हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी, ??नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरूण कुमार गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस अनुराग अग्रवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष कुमार यादव, केन्द्र सरकार व हरियाणा सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## टीम इंडिया...

6.3 को लागू करने का अनुरोध किया है, जो इस बात पर जोर देता है कि राष्ट्रीय महासंघों को राजनीतिक हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से चलाया जाने और उचित कार्रवाई के लिए कहा है। एक ओलंपिक वर्ष में, विश्व चैंपियनशिप में सभी 10 श्रेणियों के बजाय तीन शैलियों पुरुषों की फ्रीस्टाइल, महिलाओं और ग्रीको-रोमन में से प्रत्येक में चार श्रेणियां शामिल होती हैं।जिस भारतीय टीमों को चैपिंयनशिप में भाग लेना था, वे इस प्रकार हैं- पुरुष फ्रीस्टाइल : उदित (61 किग्रा), मनीष गोस्वामी (70 किग्रा), परविंदर सिंह (79 किग्रा), संदीप मान (92 किग्रा)। ग्रीको-रोमन : संजीव (55 किग्रा), चेतन (63 किग्रा), अंकित गुलिया (72 किग्रा), रोहित दहिया (82 किग्रा)।

महिला : कीर्ति (55 किग्रा), मानसी (59 किग्रा), मनीषा (65 किग्रा), बिपाशा (72 किग्रा)।

## यूपी में...

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और सपा एकजुट हैं और इंडिया उपचुनाव में जीत की नई इबारत लिखेगा। पांडे ने संवाददाताओं से कहा, मल्लिकार्जुन खरगे जी, राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी तथा के सी वेणुगोपाल के साथ गहन चर्चा की गई। आज जिस तरह से सामाजिक तनाव बढ़ रहा है और जिस उद्देश्य से इंडिया गठबंधन का गठन किया गया था, उसे देखते हुए आज अपने संगठन और पार्टी को बचाने का समय नहीं है, बल्कि संविधान बचाने, सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बचाने का है। उन्होंने कहा, हमने फैसला किया है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन यानी सपा के सभी उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरा समर्थन करेगी।


## अतिक्रमण...

हमदर्द टी प्वाइंट और एमबी रोड पर पुल प्रह्लादपुर रेड लाइट से लाल कुआं रेड लाइट, आउटर रिंग रोड में भेरा एन्क्लेव में यातायात की आवाजाही को भी प्रभावित किया है। शहरी विस्तार सड़क-द्वद्व (यूईआर द्वद्व) या एनएच-344एम के चल रहे निर्माण के कारण बरवाला रेड लाइट से बरवाला गांव और खामपुर रेड लाइट से बकौली तक भी जाम की स्थिति बनी हुई है। ट्रैफिक पुलिस ने यह भी बताया कि चूंकि कुछ जगहों पर यातायात के प्रवाह की तुलना में सड़कें संकरी हैं, इसलिए पीली कोठी (एसपीएम मार्ग), खोया मंडी (बुलेवार्ड रोड), लाल किला (एनएस मार्ग), कोंडली ब्रिज, अरबिंदो मार्ग (अधचीनी गांव), शिवालिक रोड (पंचशील फ्लाईओवर के नीचे) और प्रेस एन्क्लेव रोड (मालवीय नगर मेट्रो से खिड़की गांव) जैसी सड़कों पर जाम का सामना करना पड़ता है। दिल्ली भर में, सड़क के किनारे अवैध पार्किंग भी देखी जा सकती है, जो कि पार्किंग स्थलों की अपर्याप्तता के कारण यातायात की समस्या पैदा करती है, जिसमें मुर्गा मंडी, बी.पी मार्ग (कोटला रेड लाइट से एंड्रयूज गंज सिग्नल) और गुरु रविदास मार्ग विकास मार्ग (लक्ष्मी नगर से कड़कड़ी मोड़) शामिल हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कराला टी-पॉइंट पर सड़क टूटी हुई है, जिसके कारण यातायात धीरे-धीरे चलता है। एक वरिष्ठ यातायात अधिकारी ने कहा कि वे इन समस्याओं के समाधान पर काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, जब अतिक्रमण की बात आती है, तो हम जल्द ही एक अभियान चलाएंगे। हालांकि, आप अपनी शिकायत दिल्ली विकास प्राधिकरण की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की वेबसाइट पर भी दर्ज करा सकते हैं।

# सरकार ने दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

## 6,798 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर कुल 6,798 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बिहार में नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर खंड के 256 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण और अमरावती होते एर्रुपलेम और नाम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर की नई लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इन दोनों परियोजनाओं से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और बिहार को लाभ होगा। भाजपा का दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ क्रमशः तेदेपा और जनता दल (यू) के साथ गठबंधन है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क सुविधा मजबूत होगी और मालगाड़ी के साथ-साथ यात्री ट्रेनों की आवाजाही बेहतर होगी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र का सामाजिक–आर्थिक विकास होगा। इसमें कहा गया, नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम–अमरावती–नाम्बुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। सरकार के अनुसार, तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों से गुजरने वाली वाली ए दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की बढ़ोतरी करेंगी। बयान में कहा गया है कि नई लाइन परियोजना से नौ नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी के लिए संपर्क की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना से दो आकांक्षी जिलों (सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर) तक संपर्क सुविधा बेहतर होगी। इससे लगभग 388 गांवों और करीब नौ लाख आबादी को लाभ होगा। सरकार के अनुसार, ए कृषि उत्पाद, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात और सीमेंट जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। माल ढुलाई



परिचालन पर प्रभाव के बारे में इसमें कहा गया है कि क्षमता वृद्धि कार्यों से 3.1 करोड़ टन सालाना अतिरिक्त माल की ढुलाई हो सकेगी। इसमें कहा गया है, नई लाइन का प्रस्ताव आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी अमरावती के लिए सीधी संपर्क सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही उद्योगों और आबादी के लिए परिवहन व्यवस्था में सुधार करेगा...। वहीं मल्टी–ट्रैकिंग से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी। इससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर जरूरी ढांचागत विकास होगा।

## अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़ के उद्यम पूंजी कोष

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र से निवेश आकर्षित करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपए के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कोष भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन–स्पेस) के तत्वावधान में काम करेगा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर इसका संचालन किया जाएगा। उद्योग जगत ने इस फैसले का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत इस कोष के तहत दो चरणों में 30–35 अंतरिक्ष स्टार्टअप इकाइयों में निवेश किया जाएगा। पहले चरण में पांच से 10 करोड़ रुपए और उसके बाद 10–60 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए उद्यम पूंजी कोष की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में की थी। सरकार ने कहा कि इससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलेगी।इस पूंजी निवेश का व्यापक प्रभाव पड़ेगा और बाद के चरण में अतिरिक्त पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी। इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट (सेवानिवृत्त) ने कहा, हमारा मानना है कि यह कोष न केवल भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक होगा, बल्कि निवेशकों को इस क्षेत्र को एक निवेश के रूप में गंभीरता से देखने और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप गाथा का हिस्सा बनने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित भी करेगा। पिक्सल के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अवैस अहमद ने कहा कि 1000 करोड़ रुपए का उद्यम पूंजी कोष बिल्कुल वही है जिसकी भारत के अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को अभी जरूरत है।

## यातायात उल्लंघन की जांच के लिए एआई, नवीन प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रस्तावः गडकरी



**नई दिल्ली।** (भाषा) सरकार यातायात उल्लंघन की जांच करने और सही जुर्माना सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और अन्य नवीन तरीकों का उपयोग करने का प्रस्ताव कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। ट्रैफिक इन्फ्राटेक एक्सपो के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने टोल संग्रह विधियों को उन्नत करने की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें सैटेलाइट टोल प्रणाली भी शामिल है, जिससे टोल संग्रह की दक्षता में सुधार होगा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। गडकरी ने कहा कि उन्नत इंजीनियरिंग समाधान को एकीकृत किए बिना, कानूनों को लागू किए बिना और एआई जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाए बिना सड़क सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए मंत्रालय के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने में सहयोग करने के लिए निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। गडकरी ने कहा, एक समर्पित विशेषज्ञ समिति स्टार्टअप और उद्योग जगत के अगुवाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि सर्वोत्तम विचारों को क्रियान्वित किया जाए। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, समिति को तीन महीने के भीतर अपने मूल्यांकन को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में तेजी से सुधार लाना है।गडकरी ने उच्च गुणवत्ता मानकों, खासकर कैमरों जैसी निगरानी तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।

# एलएसी पर जमीनी स्थिति बहाल करने को लेकर व्यापक सहमति बनीः राजनाथ



नई दिल्ली। (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है, जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024 में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया, जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है। सिंह ने कहा, भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक, दोनों स्तर पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता के बाद, समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। रक्षा मंत्री ने कहा, इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत करने से संभव हुआ है, देर–सवेर समाधान निकल ही जाएगा। चार साल से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने में एक बड़ी सफलता के रूप में, भारत ने सोमवार को घोषणा की कि वह पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ एक समझौते पर पहुंच गया है। समझा जाता है कि इस समझौते से देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में गश्त शुरू होगी, क्योंकि इन दोनों स्थानों पर कई बड़े अनसुलझे मुद्दे थे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने पर भारत–चीन समझौते का ब्रिक्स सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक में बुधवार को समर्थन किया। उन्होंने विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को बहाल करने के निर्देश जारी किए, जो 2020 की सैन्य झड़प से प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत देते हैं।

कार्यक्रम में सिंह ने यह भी कहा कि सुरक्षा एक व्यापक और बहुआयामी अवधारणा है, जिसमें आंतरिक स्थिरता, आर्थिक लचीलापन और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सहित कई अन्य कारक शामिल हैं, जो सभी एक राष्ट्र के समग्र सुरक्षा ढांचे के लिए आवश्यक हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, सुरक्षा को अक्सर सीमा सुरक्षा से जोड़कर देखा जाता है। जब हम सुरक्षा के बारे में सोचते हैं, तो हमारे दिमाग में सीमा पर तैनात सैनिकों, आसमान में गश्त करते विमानों और समुद्र की रखवाली करते नौसेना के जहाजों की छवि आती है। हालांकि, जैसा कि आप सभी जानते हैं, सुरक्षा का मतलब सीमा सुरक्षा से कहीं आगे तक है। उन्होंने यह भी कहा कि हथियारों और रक्षा उपकरणों का स्वदेशी निर्माण देश की सुरक्षा अवसंरचना के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। सिंह ने कहा कि यदि रक्षा को विकास के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता दी गई होती तथा अतीत में इसका अधिक व्यापक अध्ययन किया गया होता, तो भारत रक्षा क्षेत्र में बहुत पहले ही आत्मनिर्भरता हासिल कर चुका होता। उन्होंने कहा कि रक्षा में आत्मनिर्भरता एक प्रमुख राष्ट्रीय लक्ष्य है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वैश्विक समुदाय से अलग होकर काम करें। उन्होंने कहा, जब भारत आत्मनिर्भरता की बात करता है, तो यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि इसका मतलब वैश्विक समुदाय से अलग होकर काम करना नहीं है। इसके बजाय, जब हम आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो हम एक न्यायसंगत और समावेशी विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत निष्पक्ष और न्यायपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करने को लेकर प्रतिबद्ध है।



# उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** (भाषा) जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पिछले सप्ताह पदभार संभालने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के अपने पहले दौरे के दौरान बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। केंद्र शासित प्रदेश में हाल के विधानसभा चुनाव में अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 90 विधानसभा सीट में से 42 सीट प्राप्त कर अपनी सरकार बनाई है। चुनाव में पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन था। नई सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया। बाद में, इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंजूरी दे दी थी। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू कश्मीर को पुनः राज्य का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रयासों को क्षेत्र के निवासियों की विशिष्ट पहचान की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के बाद मुख्यमंत्री को जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पैरवी करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के साथ बातचीत करने का अधिकार दिया गया है। अब्दुल्ला की मोदी से मुलाकात प्रतिबंधित लश्कर–ए–तैयबा के आतंकवादियों द्वारा गांदरबल जिले के गगनगीर में सात लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने के चार दिन बाद हुई है। इस आतंकी हमले में एक स्थानीय डॉक्टर और छह गैर–स्थानीय श्रमिक मारे गए थे। इससे पहले दिन में, अब्दुल्ला ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान अब्दुल्ला ने गडकरी को जम्मू–कश्मीर में सड़क संपर्क परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने गडकरी को पारंपरिक कश्मीरी शॉल भेंट की।अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और यह करीब 30 मिनट तक हुई थी।

## कर्नाटक विधान परिषद उपचुनावः भाजपा उम्मीदवार किशोर कुमार पुत्तुर ने जीत हासिल की

मंगलुरु (कर्नाटक। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र के लिए हुए विधान परिषद उपचुनाव के तहत बृहस्पतिवार को परिणाम घोषित किए गए और यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किशोर कुमार पुत्तुर ने जीत हासिल कर ली है। मंगलुरु के सेंट अलॉयसियस प्री–यूनिवर्सिटी कॉलेज में सुबह मतगणना हुई। चुनाव में उडुपी और दक्षिण कन्नड जिलों के कुल 5,092 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

## एसिड अटैक पीड़िता को मुआवजा सहित इलाज आदि का निर्णय लेने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसिड अटैक पीड़ित को जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी हापुड़ के समक्ष एक माह में अपना प्रत्यावेदन पेश करने तथा अधिकारी को याची को सुनकर तीन माह में सुप्रीम कोर्ट के परिवर्तन केंद्र केस के फैसले और नियमानुसार आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आदेश की प्रति याची को पंजीकृत डाक से भेजी जाय।याची खुद पीड़ित है।जिसे सरकार ने बतौर मुआवजा पांच लाख रूपए दिया भी है किन्तु याची संतुष्ट नहीं हैं। उसने मुआवजा एक करोड़ करने सरकारी नौकरी देने मासिक पेंशन देने शारीरिक व मानसिक मुफ्त इलाज कराने आय का नियमित श्रोत बनाने जैसी मांगे की है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ तथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने हापुड़ के असलम की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उ प्र की तरफसे अधिवक्ता आशुतोष गुप्ता ने कहा कि याची को सक्षम अधिकारी से मांग करनी चाहिए वह नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। जिस पर कोर्ट ने यह आदेश दिया है।याची की इस समय उम्र 35 वर्ष है किन्तु जब वह 27 वर्ष का था तो तीन अज्ञात लोगों ने उसपर एसिड अटैक किया जिससे उसने विजन को दिया।चेहरा विद्रूप हो गया। शारीरिक मानसिक आघात झेल रहा है। सौ फीसदी विकलांग प्रमाण पत्र दिया गया है।याची ने इलाज और मासिक खर्च की आय के लिए सहायता और मुआवजा बढ़ाने की मांग में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

अभियान का अनावरणःवाराणसी। प्रमुख खाद्य तेल और खाद्य ब्रांड फॉर्च्यून ने एक अभियान सिर्फ दाम नहीं ग्राम भी देखो का अनावरण किया है जिसका उद्देश्य कुछ खाद्य तेल ब्रांडों के बीच एक नई प्रथा के बारे में ग्राहकों में जागरूकता पैदा करना है। यह प्रथा तब शुरू हुई जब सरकार ने 2022 में खाद्य तेल की गैर.मानक पैकेजिंग की अनुमति दी।ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर प्रशांत पांडे ने कहा, किसी खास पैक पर मात्रा के बजाय केवल ग्रामेज का उल्लेख करना भ्रामक है।

## पशुधन गणना आज से, पहली बार पशुपालकों में महिलाओं-पुरुषों की गिनती भी होगी

नई दिल्ली। केंद्र शुक्रवार को देश की सबसे व्यापक पशुधन गणना शुरू करने जा रहा है। पहली बार इसमें पशुपालक समुदायों पर आंकड़े और पशुपालन में शामिल महिलाओं और पुरुषों की संख्या भी गिनी जाएगी। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि अक्टूबर, 2024 से फरवरी, 2025 तक चलने वाली 21वी पशुधन जनगणना में सभी गांवों और शहरी वार्डों में घर-घर जाकर गणना करने के लिए लगभग एक लाख क्षेत्रीय अधिकारियों, मुख्य रूप से पशु चिकित्सकों और अर्ध-पशु चिकित्सकों को तैनात किया जाएगा। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह नई दिल्ली में इस पहल का शुभारंभ करेंगे। राजीव रंजन सिंह को ललन सिंह के नाम से भी जाना जाता है। एक महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन में, जनगणना में, आंकड़ों के संग्रह और प्रसारण के लिए मोबाइल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा जिसका उद्देश्य सटीकता और दक्षता में सुधार करना है। सर्वेक्षण में मवेशियों और भैंसों से लेकर हाथियों तक की 15 प्रजातियों और शुतुरमुर्ग और इमू जैसी विदेशी प्रजातियों सहित विभिन्न पॉल्ट्री पक्षियों को शामिल किया जाएगा। इस जनगणना का एक प्रमुख आकर्षण 16 प्रजातियों में 219 स्वदेशी नस्लों पर इसका ध्यान केंद्रित करना है, जो आईसीएआर-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएजीआर) द्वारा मान्यता प्राप्त है। नई राह पर आगे बढ़ते हुए यह भारत की पहली पशुधन जनगणना होगी जो चरवाहों द्वारा पशुधन जोत के आंकड़ों को स्वतंत्र रूप से देखेगी। इसके अतिरिक्त, यह मुख्य रूप से पशुपालन में शामिल व्यक्तियों के लैंगिक आधार पर दस्तावेजीकरण करेगा, जिससे पशुपालन में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी मिलेगी। वर्ष 1919 से हर पांच साल में आयोजित होने वाली पशुधन जनगणना पशुपालन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण नीति-निर्माण माध्यम के रूप में कार्य करती है। पिछली जनगणना वर्ष 2019 में पूरी हुई थी।

## इंडी गठबंधन का सपा के चिह्न पर चुनाव लड़ना साख बचाने की कोशिश : जयंत चौधरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों का समाजवादी पार्टी (सपा) के चिह्न पर चुनाव लड़ने का फैसला साख बचाने की एक कोशिश है। इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ेंगे। यह फैसला किसी सीट बंटवारे के गणित पर आधारित नही था, बल्कि इंडिया गठबंधन की जीत के लक्ष्य पर आधारित था। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि सपा की यह घोषणा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा साख बचाने की कोशिश है। उत्तर प्रदेश में जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमें कटेहरी (अंबेडकर नगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ(कानपुर शहर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) शमिल है। उपचुनाव 13 नवंबर को होंगे और इसके नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## वित्तीय परिणामों की घोषणा

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के बोर्ड ऑफडायरेक्टर्स ने आज आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओए श्री संजय अग्रवाल ने नतीजों पर टिप्पणी करते हुए कहा, श्वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में लगातार महंगाई दरए में लगातार महंगाई दरए आम चुनावए विभिन्न राज्यों के चुनावए गर्मी की लहर और अगस्त में असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण व्यापारिक गति में कुछ अस्थिरता रही।

## अगले पांच साल में 50 और हवाई अड्डे विकसित करने का इरादा :नागर विमानन मंत्री

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच साल में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे विकसित करने का है। नायडू ने देश की हवाई अड्डा पारिस्थितिकी को और विकसित करने की वकालत करते हुए कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। नागर विमानन मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया मुख्यालय पर प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डो को विकसित करने का है। यह संख्या अगले 20 वर्षों में 200 अतिरिक्त हवाई अडडों तक हो जाने की उम्मीद है। नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में देश के भीतर हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 157 हो गई है।

## शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को एनआईओएस की अध्यक्ष पद से हटाया

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की अध्यक्ष पद से हटा दिया है। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली पुलिस ने सरोज शर्मा के खिलाफ उनके ड्राइवर की आत्महत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया था। ड्राइवर ने शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिखकर शर्मा पर उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया था। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, शर्मा को उनके मूल विभाग गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में वापस भेज दिया गया है। इस घटनाक्रम पर शर्मा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। शर्मा के स्टाफ ड्राइवर राम कुमार, जो एनआईओएस कर्मचारी थे, ने 27–28 सितंबर की दरम्यानी रात आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले कुमार एक पत्र छोड़ गए थे जिसमें शर्मा पर उन्हें मानसिक पीड़ा देने और उन पर जातिवादी गालियां देने तथा उत्पीड़न करने का आरोप लगाया।

## देहरादून के निकट सुरम्य हिमालई क्षेत्र में बना लेखक गांव

**देहरादून।** साहित्यकार के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने देहरादून के निकट सुरम्य हिमालई क्षेत्र थाने में एक लेखक गांव विकसित किया है जहां लेखकों को अपनी कृतियों के सृजन के लिए जरूरी शांत एवं रचनाशील वातावरण मिलेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यहां बताया कि देहरादून से 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देश के अपनी तरह के इस पहले लेखक गांव का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उत्तराखंड के राज्यपाल ले जन गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संयुक्त रूप से करेंगे। निशंक ने बताया कि तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य, कला और संस्कृति महोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले उदघाटन समारोह के दौरान केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी तथा लेखिका ममता कालिया जैसे अनेक दिग्गज जुटेंगे।

# वायनाड से प्रियंका का नामांकन वंशवादी राजनीतिः भाजपा

### प्रियंका वाद्रा ने अपने चुनावी हलफनामे में जो संपत्ति घोषित की, वह उनकी और उनके पति रॉबर्ट की संपत्ति से बहुत कम : गौरव भाटिया

**नई दिल्ली** (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को गांधी परिवार पर तीखा हमला करते हुए वायनाड से उपचुनाव के लिए प्रियंका गांधी वाद्रा के नामांकन करने को वंशवादी राजनीति की जीत और योग्यता की हार क़रार दिया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रियंका गांधी के चुनावी हलफनामे में संपत्ति की घोषणा में विसंगतियों का दावा किया। साथ ही उन्होंने गांधी परिवार पर आरोप लगाया कि उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के अंदर नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का अपमान किया। उन्होंने केरल की वायनाड सीट से प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, यह गांधी परिवार के भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति की जीत एवं प्रतिभा की हार है।भाटिया ने दावा किया कि प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने चुनावी हलफनामे में जो संपत्ति घोषित की है, वह उनकी और उनके पति रॉबर्ट वाद्रा की संपत्ति से बहुत कम है। उन्होंने कहा, चुनावी हलफनामे में घोषित रॉबर्ट वाद्रा की संपत्ति कम है किन्तु आयकर विभाग द्वारा उन पर लगाए गए आयकर की राशि कहीं ज्यादा है। आयकर विभाग ने कुल 75 करोड़ रुपए की (कर) मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रियंका वाद्रा का चुनावी हलफनामा गांधी परिवार और रॉबर्ट वाद्रा द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति है।गांधी परिवार पर वंशवादी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रियंका गांधी को अब तक पदोन्नत ही किया गया है, इसके बावजूद कि वह पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर सकीं।भाटिया ने कहा, उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया था और पार्टी ने 80 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक पर जीत दर्ज की। लेकिन प्रियंका गांधी को प्रमोट कर 2020 में पूरे उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी का प्रभारी बना दिया गया। कांग्रेस ने 2022 में 403 विधानसभा सीटों में से सिर्फ दो सीटें जीतीं। फिर भी उन्हें वायनाड लोकसभा उपचुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट दिया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में योग्यता के लिए कोई जगह नहीं है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उपचुनाव के लिए दायर अपने हलफनामे में, उन्होंने शिमला में 5.63 करोड़ रुपए के घर सहित 12 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। कांग्रेस उम्मीदवार ने यह भी घोषित किया है कि उनके पति वाद्रा के पास 37.9 करोड़ रुपए से अधिक की चल संपत्ति और 27.64 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। उनकी घोषणा के अनुसार, 2023–2024 वित्तीय वर्ष में उनकी कुल आय 46.39 लाख रुपए से अधिक थी, जिसमें किराए की आय और बैंकों से ब्याज और अन्य निवेश शामिल थे।

भाटिया ने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में संपत्ति खरीदने पर कुछ प्रतिबंध हैं लेकिन गांधी परिवार को शिमला में घर दिलाने के लिए नियमों में बदलाव किया गया।उन्होंने कहा, ये एसयूवी और फार्महाउस, बड़े वाहन और बड़े बंगले वाले लोग हैं। लेकिन वे अपनी संपत्ति के सही मूल्य का खुलासा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाद्रा से कह रहा है कि वे अपने गलत तरीके से कमाए गए धन का ब्योरा दें और इसके बारे में लोगों को बताएं।राहुल गांधी, इंदिरा गांधी और प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाद्रा का नाम लिए बिना भाजपा नेता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, प्रियंका गांधी इसलिए योग्य हैं क्योंकि वह पार्टी के पूर्व अध्यक्ष की बहन, पार्टी के एक पूर्व अध्यक्ष की पोती और पार्टी के भावी अध्यक्ष की मां हैं।

# विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिए करना चाहिए: जयशंकर



**कजान (रूस)।** संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटने को आज के समय की विशेष जरूरत बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिए करना चाहिए और एक बार सहमति बन जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए। एक अधिक समतामूलक वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए पांच सूत्री मंत्र देते हुए जयशंकर ने वैश्विक अवसंरचना में विकृतियों को सुधारने पर जोर दिया जो औपनिवेशिक कालखंड की विरासत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान के साथ यह किया जाना चाहिए।

जयशंकर ने रूस के कजान में ब्रिक्स के आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शामिल होते हुए यह बात कही। सम्मेलन के मेजबान रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन हैं। उन्होंने कहा, हम कठिन परिस्थितियों में मिल रहे हैं। विश्व को दीर्घकालिक चुनौतियों पर नए सिरे से सोचने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारा यहां एकत्रित होना इस बात का संदेश है कि हम ऐसा करने के लिए वाकई तैयार हैं।

जयशंकर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा, यह युद्ध का युग नहीं है।

विदेश मंत्री ने कहा, संघर्षों और तनाव से प्रभावी तरीके से निपटना आज के समय की विशेष जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। विवादों और मतभेदों का समाधान संवाद और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। एक बार सहमति हो जाए तो ईमानदारी से उसका पालन होना चाहिए।

उन्होंने ब्रिक्स सत्र में कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का बिना किसी अपवाद के पालन होना चाहिए और आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने वाला रुख होना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, पश्चिम एशिया में चिंता के हालात को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और फैलने को लेकर व्यापक चिंताएं हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के अंतिम दिन यहां आउटरीचाब्रिक्स प्लस बैठक आयोजित की गई। सत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और दुनियाभर के 20 से अधिक नेताओं ने भाग लिया। जयशंकर ने इस बात की ओर संकेत दिया कि ब्रिक्स फोरम को यह समझना होगा कि वैश्वीकरण के लाभ बहुत असमान रहे हैं, कोविड महामारी और अनेक संघर्षों ने वैश्विक दक्षिण के बोझ को बढ़ा दिया है।

## ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा भारतीय समुदाय की बहुत आभारी है : ब्रिटिश मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि ब्रिटिश राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) भारतीय समुदाय की बहुत आभारी है और भारत के साथ साझेदारी से ब्रिटेन को भविष्य में देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के आधुनिकीकरण के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक दिवाली समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर उन्होंने आने वाले समय में अपने विभाग में व्यापक सुधारों की आशा व्यक्त की। स्ट्रीटिंग ने कहा, मैं, पिछले 76 वर्षों में एनएचएस को आकार देने के तरीके के बारे में बात करूं तो हम ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के बहुत आभारी हैं। प्रवासी भारतीयों ने 1948 में एनएचएस की स्थापना में मदद की थी और आज हम देखते हैं कि उनके बच्चे, नाती-नातिन और परपोते-परपोतियां इसका भविष्य तय कर रहे हैं।

# फ्रांस, अन्य देशों ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लेबनान की मदद के लिए पैकेज देने का संकल्प जताया

**भाषा।** पेरिस

**फ्रांस** ने बृहस्पतिवार को एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लेबनान की मदद के लिए 10 करोड़ यूरो (10.8 करोड़ डॉलर) का पैकेज देने का संकल्प व्यक्त किया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा कि लेबनान के लोगों के लिए तत्काल व्यापक सहायता की जरूरत है जहां हिजबुल्ला के चरमपंथियों और इजराइल के बीच युद्ध से दस लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए, 2,500 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं आर्थिक संकट भी गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र ने लेबनान के लिए 42.6 करोड़ डॉलर की तत्काल मानवीय सहायता की जरूरत बताई है। फ्रांसीसी आयोजकों ने उम्मीद जताई कि पेरिस में आयोजित यह सम्मेलन इस सहायता के लिए पर्याप्त धन जमा करने में कारगर साबित होगा। सम्मेलन में 70 से अधिक देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया।

जर्मनी ने लेबनान और पड़ोसी सीरिया दोनों को मानवीय सहायता के रूप में कुल 9.6 करोड़ यूरो देने का वादा किया है। सीरिया भी पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा से बुरी तरह प्रभावित है। इटली ने इस सप्ताह लेबनान को एक करोड़ यूरो की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की थी। लेकिन विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सहायता पहुंचाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि अनौपचारिक और नकदी अर्थव्यवस्था पर लेबनान की बढ़ती निर्भरता से पारदर्शिता की कमी और भ्रष्टाचार का खतरा बढ़ रहा है।

पेरिस में हुए सम्मेलन का उद्देश्य लेबनान के सशस्त्र बलों को मजबूती प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन के लिहाज से तालमेल करना भी है। मैक्रों ने लेबनान में सैन्य अभियान जारी रखने के लिए इजराइल की निंदा की।

लेबनान की संप्रभुता को बहाल करने और इसकी संस्थाओं को मजबूत करने में भी फ्रांस मदद करना चाहता है।

पिछले कुछ सप्ताह में मैक्रों इजराइल के खिलाफ अपना रुख कड़ा करते हुए दिखाई दिए हैं। वह लेबनान और गाजा दोनों जगह संघर्ष विराम का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर बात में अपना रुख दोहराया। मैक्रों ने दक्षिण लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों को भी जानबूझकर निशाना बनाए जाने के लिए इजराइल की कड़ी निंदा की है। हालांकि इजराइल ने इस बात का खंडन किया है।

# मोदी, शी की बैठक द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए महत्व रखती है: चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में बुधवार को हुई बैठक अत्यधिक महत्व रखती है क्योंकि वे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां संवाददताओं से कहा, वे चीन-भारत संबंधों में सुधार और इन्हें विकसित करने पर महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे तथा द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने का मार्ग प्रशस्त किया।

इस सवाल पर कि बीजिंग बैठक के नतीजे को कैसे देखता है, लिन ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखने तथा आगे बढ़ने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है।

लिन ने कहा कि चीन संचार और सहयोग बढ़ाने, पारस्परिक रणनीतिक विश्वास वृद्धि, मतभेदों को दूर करने और द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द स्थिर विकास के पथ पर वापस लाने के लिए भी तैयार है।

कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर मिले मोदी और शी ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त एवं सैनिकों की वापसी पर सोमवार के भारत-चीन समझौते का समर्थन किया। इसके बाद, विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्रों को पुन: सक्रिय करने के निर्देश जारी किए गए, जो 2020 में एक घातक सैन्य झड़प से प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत है।

# अमेरिका हो या चीन कोई भी देश भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता



**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की प्राथमिकता प्रभुत्व स्थापित करना नहीं बल्कि अपने प्रभाव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या चीन कोई भी देश आज भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। सीतारमण ने यहां सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित ब्रेटन वुड्स एट 80: प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डेकेड में परिचर्चा के दौरान ए टिप्पणियां कीं। सीतारमण ब्रेटन वुड्स संस्थाओं की वार्षिक बैठकों में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंची थीं। उन्होंने कहा, भारत की प्राथमिकता यह दिखाकर अपना प्रभुत्व स्थापित करना नहीं है कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, हमारी जनसंख्या सबसे अधिक है। बल्कि हमारा लक्ष्य अपना प्रभाव बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया में हर छह में से एक व्यक्ति भारतीय है, आप हमारी अर्थव्यवस्था और जिस तरह से यह बढ़ रही है, उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। भारत क्या मार्गदर्शन की स्थिति में है, इस सवाल पर उन्होंने प्रौद्योगिकी में देश की अग्रणी भूमिका का जिक्र किया और कहा कि भारतीयों के पास जटिल कॉरपोरेट व्यवस्था को चलाने के लिए एक प्रणाली है। आप वास्तव में इसे अनदेखा नहीं कर सकते। अमेरिका जैसा दूर स्थित देश हो या चीन जैसा पड़ोसी, कोई भी देश हमें अनदेखा नहीं कर सकता।

## वित्त मंत्री ने विश्व बैंक अध्यक्ष से मुलाकात की, एमडीबी सुधारों पर की चर्चा

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की और अन्य मुद्दों के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों ने यहां वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से संबंधित मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार में पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 2023 में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की है। इस एजेंडे के तीन तत्व अत्यधिक गरीबी को समाप्त करना, साझा समृद्धि को बढ़ावा देना तथा 2030 तक वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के लिए सतत ऋण स्तर को तीन गुना बढ़ाने में योगदान देना और तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना शामिल है जो एमडीबी एजेंडे के तत्वों का समर्थन करने के इच्छुक निवेशकों के साथ उद्देश्यपूर्ण ढंग से जुड़ने के लिए लचीली व नवीन व्यवस्था बनाए। सीतारमण ने ब्रेटेन वुड्स संस्थानों के 80 वर्ष पूरे होने पर चर्चा के लिए विश्व बैंक तथा आईएमएफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सलाहकार तंत्र पर व्यापक परामर्श प्रक्रिया की आवश्यकता भी रेखांकित की। ब्रेटन वुड्स संस्थान, आईएमएफ और विश्व बैंक का एक समूह है। इसकी स्थापना 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स में एक सम्मेलन में की गई थी।

# खालिस्तानी हिंसक चरमपंथ को गंभीरता से लें कानून प्रवर्तन एजेंसियां: कनाडाई सांसद

**ओटावा।** भारतीय मूल के एक प्रमुख कनाडाई सांसद ने कहा है कि खालिस्तानी हिंसक चरमपंथ एक कनाडाई समस्या है और देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियो को इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए। प्रतिनिधि सभा में नेपियन से सांसद चंद्र आर्य ने बुधवार को सदन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। आर्य ने कहा, खालिस्तानी हिंसक उग्रवाद कनाडा की एक समस्या है और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा है कि राष्ट्रीय कार्य बल इसकी जांच पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि चरमपंथ और आतंकवाद राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नही है। मै हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियो से आग्रह करता हूं कि वे इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से लें। आर्य ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि दो सप्ताह पहले जब वह एडमोंटन में एक हिंदू कार्यक्रम में भाग ले रहे थे, तब खालिस्तानी प्रदर्शनकारियो के एक समूह ने उनके खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन किया था। वह रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की सुरक्षा व्यवस्था की वजह से कार्यक्रम मे भाग ले सके। उन्होंने कहा, कनाडा मे, हमने लंबे समय से खालिस्तानी चरमपंथ की गंभीर समस्या को पहचाना और अनुभव किया है। मै स्पष्ट कर दूं कि कनाडा की संप्रभुता का उल्लंघन और कनाडा में किसी भी रूप मे विदेशी हस्तक्षेप अस्वीकार्य है। पिछले साल सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया मे खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मे भारतीय एजेंटो की संभावितै संलिप्तता के आरोप लगाए थे। इसके बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण हो गए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोपो को खारिज कर दिया था।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में नौ आतंकवादियों को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलो ने देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे एक अभियान के दौरान दो आत्मघाती हमलावरों और एक बड़े आतंकी सहित नौ आतंकवादियो को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर बुधवार देर रात प्रांत के बाजौर जिले में इस अभियान को अंजाम दिया गया। एक भीषण मुठभेड़ में कानून प्रवर्तन एजेंसी के जवानों ने नौ आतंकवादियो को मार गिराया। मीडिया शाखा ने बयान मे कहा कि मारे गए आतंकियो मे दो आत्मघाती हमलावर और एक बड़े आंतकी समूह का सरगना शामिल था। इसने बताया कि मारे गए आतंकी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ किए गए कई हमलों में शामिल थे। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियो से बड़ी मात्रा मे हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए है। अन्य आतंकवादियो के खात्मे के लिए अभियान जारी है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) द्वारा जारी तीसरी तिमाही की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की तीन तिमाहियो मे ही, पिछले साल की कुल मौत।,523 की तुलना मे।,534 मौतें दर्ज की जा चुकी है। तीसरी तिमाही के दौरान दर्ज 328 घटनाओ मे नागरिकों, सुरक्षाकर्मियो और अपराधियो सहित कुल 722 लोग मारे गए, 615 अन्य घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतो को आतंकवादी हमलो का सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा है।

## लेबनान की सेना के अधिकारी समेत तीन सैनिकों की मौत

**बेरूत।** लेबनान की सेना ने कहा कि इजराइल के एक हमले मे एक अधिकारी समेत उसके तीन सैनिकों की मौत हो गई। लेबनानी सेना की ओर से एक्स पर एक पोस्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। हमला तब किया गया जब लेबनान के सैनिक देश के दक्षिणी हिस्से में घायल लोगो को बचाने का काम कर रहे थे। सेना के पोस्ट मे कहा गया कि हमला दक्षिणी शहर यातेर के बाहरी इलाके मे हुआ। सितंबर में इजराइल और हिजबुल्ला के बीच चौतरफा युद्ध छिड़ने के बाद से इजराइल के बलो ने आठ बार उसे निशाना बनाया। इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के दौरान लेबनानी सेना के कई सैनिकों को गलती से नुकसान पहुंचा था या नही। इजराइली सेना ने एक बयान मे कहा कि वह जानबूझकर लेबनान के सैनिकों को निशाना नही बनाती है। इससे पहले इजराइल ने रविवार को हुए हमले के लिए खेद जताया था जिसमे तीन लेबनानी सैनिक मारे गए थे। इजराइल ने कहा था कि उसने उस क्षेत्र में एक वाहन को निशाना बनाया था जहां हिजबुल्ला ने हाल में हमले किए थे, लेकिन उसे यह नही पता था कि वह वाहन लेबनान की सेना का था। नवीनतम संघर्ष से लेबनान के सशस्त्र बलो ने किनारा कर लिया है। लेबनान की सेना इतनी शक्तिशाली नहीं है कि वह हिजबुल्ला पर अपनी इच्छा थोप सके या इजराइल के जमीनी हमले का विरोध कर सके।

## इमरान की पत्नी बुशरा बीबी जमानत पर हुईं रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे करीब नौ महीने तक सलाखो के पीछे रहने के बाद बृहस्पतिवार को जमानत पर जेल से रिहा हो गईं। इस रिहाई से एक दिन पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपए के मुचलके बांड पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी।

## रूसी सांसदों ने उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहायता के समझौते की पुष्टि की

**मास्को।** रूसी सांसदों ने उत्तर कोरिया के साथ परस्पर सैन्य सहायता के समझौते की पुष्टि कर दी है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ने रूस में तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती की पुष्टि की है। रूसी संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने उत्तर कोरिया के साथ इस व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते का समर्थन करने के लिए बृहस्पतिवार को मतदान किया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जून में प्योंगयांग की यात्रा के दौरान उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। रूसी संसद के उच्च सदन के जल्द ही इस समझौते को स्वीकृति देने की संभावना है। समझौते के तहत, रूस और उत्तर कोरिया में से किसी एक पर हमला होता है तो वे सभी साधनों का उपयोग करते हुए तत्काल एक-दूसरे को सैन्य सहायता प्रदान करेंगे। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से मास्को और प्योंगयांग के बीच सबसे मजबूत समझौता माना जा रहा है।

## गाजा में इजराइली हमले में 16 लोगों की मौत

**भाषा।** दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

**मध्य गाजा** में शरणार्थी शिविर के रूप में उपयोग में लाए जा रहे एक विद्यालय पर बृहस्पतिवार को इजराइली हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अवदा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि यह हमला नुसीरात के एक शरणार्थी शिविर पर हुआ। इस हमले में 32 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया। इजराइली सेना ने तत्काल इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है। इजराइल ने हाल के महीनों में ऐसे शरणार्थी शिविरों (विद्यालयों) पर यह कहते हुए कई हमले किए हैं कि वह आम नागरिकों के बीच छिपे हमास आतंकवादियों को निशाना बनाता है। इन हमलों में अक्सर महिलाओं और बच्चों की जान चली जाती है।

हमास की अगुवाई वाले आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर 2023 को इजराइल में हमला करने, 1200 लोगों को मौत के घाट उतार देने तथा 250 अन्य लोगों को अगवा करने के बाद यह लड़ाई शुरू हुई थी। करीब 100 बंधक अब भी गाजा में ही हैं और माना जाता है कि उनमें एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजराइल की जवाबी सैन्य कार्वाई में 42,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि उनमें कितने लड़ाके थे। उसने यह जरूर कहा है कि जान गंवाने वालों में आधे से अधिक महिलाएं एवं बच्चे थे। हालांकि इजराजली सेना का कहना है कि उसने 17,000 से अधिक लड़ाकों को मार डाला है। उसने इस संबंध में कोई सबूत नहीं दिया। इस लड़ाई के चलते गाजा की 23 लाख की जनसंख्या में करीब 90 फीसदी लोग विस्थापित हो गए हैं।

# लेबनान की मदद के लिए 10 करोड़ यूरो का पैकेज देगा फ्रांस: मैक्रों

**भाषा।** पेरिस

**फ्रांस** के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को यहां एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि उनका देश लेबनान की मदद के लिए 10 करोड़ यूरो (10.8 करोड़ डॉलर) का सहायता पैकेज देगा। मैक्रों ने कहा कि लेबनान के लोगों के लिए तत्काल व्यापक सहायता की जरूरत है जिनमें युद्ध से विस्थापित हुए हजारों लोग तथा उन्हें शरण दे रहे समुदाय दोनों शामिल हैं। हिजबुल्ला और इजराइल के बीच युद्ध के कारण लेबनान में दस लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं तथा 2,500 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं आर्थिक संकट भी गहरा गया है।

संयुक्त राष्ट्र ने लेबनान के लिए 42.6 करोड़ डॉलर की सहायता की जरूरत बताई है। इटली ने इस सप्ताह लेबनान को एक करोड़ यूरो की नई सहायता देने की घोषणा की थी, वहीं जर्मनी ने बुधवार को लेबनान में लोगों की सहायता के लिए छह करोड़ यूरो की सहायता देने का वादा किया था। मैक्रों ने लेबनान में सैन्य अभियान जारी रखने के लिए इजराइल की निंदा की। लेबनान की संप्रभुता को बहाल करने और इसकी संस्थाओं को मजबूत करने में भी फ्रांस मदद करना चाहता है। पिछले कुछ सप्ताह में मैक्रों इजराइल के खिलाफ अपना रुख कड़ा करते हुए दिखाई दिए हैं। वह लेबनान और गाजा दोनों जगह संघर्ष विराम का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर हुई बातचीत में अपना रुख दोहराया। मैक्रों ने दक्षिण लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों को भी जानबूझकर निशाना बनाए जाने के लिए इजराइल की कड़ी निंदा की है। हालांकि इजराइल ने इस बात का खंडन किया है।

## ब्लिंकन ने गाजा को 13.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की

**दीर अल बलाह (गाज़ा पट्टी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फलस्तीनियों को 13.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की है। ब्लिंकन ने कहा कि यह अहम है कि सहायता गाजा तक पहुंचे। ब्लिंकन ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र की अपनी 11वीं यात्रा के दौरान कतर में बृहस्पतिवार को यह ऐलान किया। अमेरिका ने इजराइल पर युद्ध से तबाह फलस्तीनी क्षेत्र में और अधिक सहायता की अनुमति देने का दबाव बनाया है।

# अफगानिस्तान के प्रांत ने जीवित प्राणियों की तस्वीरें दिखाने पर प्रतिबंध लगाया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** के हेलमंद प्रांत ने तालिबान के नैतिकता कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए मीडिया में जीवित प्राणियों की तस्वीरें दिखाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। फैसले की घोषणा हेलमंद में सूचना मंत्रालय के अधिकारियों ने की। इंसानों और जानवरों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर नियंत्रण लगाने वाला यह नवीनतम प्रांत है। अगस्त में देश के नैतिकता संबंधी मंत्रालय ने सार्वजनिक परिवहन, हजामत बनाने, मीडिया और समारोहों जैसे रोजमर्रा के जीवन के पहलुओं को विनियमित करने वाले कानून प्रकाशित किए, जो अधिकारियों द्वारा इस्लामी कानून या शरिया की व्याख्या को दर्शाते हैं। अनुच्छेद 17 जीवित प्राणियों की तस्वीरों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगाता है।

हेलमंद के अधिकारियों ने कहा कि जीवित प्राणियों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी तत्काल बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कानून के क्रियान्वयन और इससे छूट के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। पिछले हफ्ते तालिबान द्वारा संचालित मीडिया ने कानून का पालन करते हुए तखर, मैदान वरदक और कंधार प्रांतों में जीवित प्राणियों की तस्वीरें दिखाना बंद कर दिया।

कुछ निजी चैनलों ने भी कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए जीवित प्राणियों की तस्वीरें और वीडियो दिखाना बंद कर दिया है। ईरान और सऊदी अरब सहित कोई भी मुस्लिम बहुल देश इस तरह के प्रतिबंध नहीं लगाता है। 1990 के दशक के अंत में अपने पिछले शासन के दौरान, तालिबान ने अधिकतर टेलीविजन, रेडियो और समाचार पत्रों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था।

बृहस्पतिवार को सूचना मंत्रालय ने घोषणा की कि उसने 400 किताबों पर प्रतिबंध लगा दिया है जो इस्लामी और अफगान मूल्यों के विपरीत हैं। प्रतिबंधित किताबों को दुकानों और प्रकाशन गृहों से एकत्र कर लिया गया है और उनके स्थान पर कुरान समेत धार्मिक ग्रंथ रख दिए गए हैं। सूत्रना मंत्रालय के प्रवक्ता खुबैब गोफरान ने एक्स पर पोस्ट किया, इस देश के विचार, विश्वास, एकता और संस्कृति को नष्ट करने के लिए दुश्मनों की नापाक साजिश के अनुसार लिखी गई कोई भी किताब सूचना और संस्कृति मंत्रालय द्वारा जब्त की जाएगी।

# पाक के ईसाई नेताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के ईसाई नेताओं ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर कहा है कि ईसाई धर्म पर अनुचित टिप्पणी करने को लेकर इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार के निमंत्रण पर एक महीने की यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे नाइक ने कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे शहरों में विवादास्पद व्याख्यान दिए। तीन दशकों में यह उसकी पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह 1992 में पाकिस्तान आया था।

धनशोधन और नफरत भरे भाषणों के जरिए चरमपंथ भड़काने के आरोप के चलते नाइक ने 2016 में भारत छोड़ दिया था। उसे मलेशिया में महाथिर मोहम्मद के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार द्वारा वहां स्थाई निवास की अनुमति दी गई थी। साइनोड-चर्च ऑफ पाकिस्तान के प्रमुख बिशप डॉ. आजाद मार्शल और अन्य ईसाई नेताओं ने शरीफ तथा जरदारी को पत्र लिखकर कहा कि राजकीय अतिथि के रूप में आए नाइक का ईसाइयों और उनके धर्म के बारे में प्रतिकूल टिप्पणियां करना निंदनीय है।

ईसाई नेताओं ने नाइक के खिलाफ कार्वाई करने और भविष्य में इस तरह की चीजों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का अनुरोध किया। पत्र में कहा गया, डॉ. जाकिर नाइक के सार्वजनिक संबोधनों ने ईसाई समुदाय में रोष पैदा कर दिया है क्योंकि उसने खुलेआम हमारे धर्म की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए, हमारे पवित्र ग्रंथों पर अनुचित टिप्पणी की और गलत बयानबाजी की।

## दक्षिण चीन सागर के विवादित क्षेत्र में चीनी जहाज को पीछे हटने के लिए मजबूर किया : इंडोनेशिया

**जकार्ता।** इंडोनेशिया ने दावा किया है कि उसके गश्ती जहाजों ने दक्षिण चीन सागर के एक विवादित क्षेत्र में चीनी तट रक्षक बल के एक जहाज को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने जानकारी दी। इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि चीनी जहाज दो बार एमवी जियो कोरल नामक उसके जहाज के पास पहुंचा, जिससे भूकंपीय आंकड़े एकत्रित करने के लिए किए जा रहे सर्वेक्षण में बाधा उत्पन्न हुई। यह सर्वेक्षण सरकारी ऊर्जा कंपनी पीटी पर्टामिना द्वारा दक्षिण चीन सागर के उस हिस्से में किया जा रहा है जिस पर दोनों देश अपना दावा करते हैं। चीन के लिए नौ-डैश लाइन काफी महत्वपूर्ण है, जिसका उपयोग वह दक्षिण चीन सागर के अधिकांश भाग पर अपने दावे को मोटे तौर पर दर्शाने के लिए करता है। चीन की यह नौ-डैश लाइन इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के एक हिस्से से ओवरलैप (अतिव्यापन करना) होती है।

# इजराइल-हिज्बुल्ला के बीच युद्ध के चलते बेरूत की बदली तस्वीर

**बेरूत।** इजराइल-हिज्बुल्ला के बीच युद्ध के चलते बेरूत के एक सबसे पुराने और प्रसिद्ध सिनेमाघर में इन दिनों विस्थापित लेबनानी, फलस्तीनी और सीरियाई लोग फोन पर खबरें देखकर, खाना बनाकर, बातचीत करके और इधर-उधर टहलकर वक्त बिता रहे हैं। कभी एक संपन्न आर्थिक केंद्र रहे हमरा स्ट्रीट के फुटपाथ विस्थापित लोगों से भरे पड़े हैं और होटल व अपार्टमेंट में भी लोगों की भरमार है। कैफे और रेस्तरां खचाखच भरे हुए हैं। हमरा स्ट्रीट कभी लेबनान के आर्थिक संकट के कारण बुरे दौर से गुजर रहा था, हालांकि लाखों लोगों के विस्थापन से यहां वाणिज्यिक गतिविधियों को कुछ हद तक बढ़ावा मिला है। लोगों की उम्मीद के मुताबिक नहीं है। बुलेवर्ड में चार सितारा होटल के प्रबंधक ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया, विस्थापितों की वजह से हमरा स्ट्रीट को सकारात्मक लाभ नहीं मिला है।

सितंबर के मध्य में युद्ध के जोर पकड़ने के बाद तीन सप्ताह तक होटल में क्षमता के हिसाब से लोग थे, लेकिन आज क्षमता की तुलना में 65 प्रतिशत लोग हैं। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो कुछ लोगों के किराए के मकान में जाने के बाद स्थिति साल के इस समय के हिसाब से अच्छी है। होटल प्रबंधक ने कहा कि विस्थापित लोगों के आने से अव्यवस्था भी पैदा हुई है। यातायात जाम, डबल पार्किंग और फुटपाथ पर मोटरसाइकिल और स्कूटरों का जमावड़ा आम बात हो गई है, जिससे पैदलयात्रियों के लिए चलना मुश्किल हो गया है। विस्थापित लोगों और जिले के निवासियों के बीच अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती है। हमरा स्ट्रीट लंबे समय से लेबनान की अशांत राजनीति का प्रतीक रहा है। हाल के वर्षों में, पड़ोसी देश सीरिया में युद्ध से बचकर आए शरणार्थियों के कारण जिले की तस्वीर बदल गई और 2019 में शुरू हुए देश के वित्तीय पतन के कारण कारोबारों को नुकसान उठाना पड़ा।

# सुंदर ने सात विकेट झटक टेस्ट टीम में वापसी को बनाया यादगार

**भाषा। पुणे**

**हरफनमौला** वाशिंगटन सुंदर (59 रन पर सात विकेट) की शानदार ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड की पहली पारी को 259 रन पर समेटने के बाद स्टंप्स तक एक विकेट पर 16 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने पर शुभमन गिल नाबाद 10 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नाबाद छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टीम साउथी ने अपने दूसरे ओवर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया। कुलदीप यादव की जगह टीम में जगह बनाने वाले सुंदर ने लगभग ढाई साल के बाद टेस्ट टीम में वापसी पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनके नाम चार टेस्ट में छह विकेट थे।

भारत के लिए अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय सरजमीं पर यह पहली बार है जब किसी टेस्ट मैच में सभी 10 विकेट दाएं हाथ के ऑफ स्पिनरों ने झटके हो। अश्विन डेवोन कोन्वे को आउट कर अपने विकेटों की संख्या 531 तक पहुंचाकर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन से आगे निकल गए। न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कोन्वे ने 76, रचिन रविंद्र ने 65 और मिचेल सेंटनर ने 33 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 197 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी लेकिन सुंदर की फिरकी के सामने उसने 62 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। कुलदीप की जगह टीम में शामिल करने के फैसले को सही साबित करते हुए सुंदर ने अपने 14वें ओवर में पिछले मैच के शतकवीर रविंद्र को आउट कर पहली सफलता हासिल करने के बाद अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।श्विन ने दिन के शुरुआती सत्र में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम (15) और विल यंग (18) को चलता किया तो वहीं सुंदर ने दूसरे सत्र के आखिर में दो विकेट झटकने के बाद मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। सुंदर ने इन सात में से पांच विकेट ऑफ स्टंप की लाइन का शानदार इस्तेमाल कर झटके। उन्होंने इस दौरान रविंद्र, टॉम ब्लंडेल (3), सेंटनर, टिम साउदी (5) और अजाज पटेल (4) को बोल्ड किया। उनका सबसे बड़ा विकेट हालांकि रविंद्र का था जिन्होंने शुरुआती टेस्ट में न्यूजीलैंड की आठ विकेट की जीत में 134 और नाबाद 39 रन की यादगार पारी खेली थी। इससे पहले कोन्वे ने स्पिनरों के खिलाफ रिवर्स स्वीप और ड्राइव का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने 141 गेंद की पारी में 11 चौके जड़ने के अलावा रविंद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। रविंद्र को इसके बाद डेरिल मिचेल (नाबाद 16) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 95 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी में हालांकि रविंद्र ने बड़ा योगदान दिया। रविंद्र को वामहस्त स्पिनर रविंद्र जडेजा की गेंद पर जीवनदान भी मिला जब शॉर्ट लेग पर सरफराज खान उनका मुश्किल कैच नहीं लपक सके। उन्होंने आकाश दीप के खिलाफ अगले ओवर में दो चौके लगाकर अपना पचासा पूरा किया। इससे पहले दिन के शुरुआती सत्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सात ओवर के बाद ही स्पिनरों को गेंद थमाने का फैसला किया और अश्विन ने अपनी पांचवीं गेंद पर लाथम को चलता कर टीम को पहली सफलता दिलाई। अश्विन ने टेस्ट में नौवीं बार न्यूजीलैंड के कप्तान आउट किया। गेंद लाथम के बल्ले के बाहरी किनारे के करीब से निकलते हुए विकेटों के सामने पैड से टकराई और मैदानी अंपायर ने आउट का इशारा करने में देरी नहीं की। इसके बाद यंग नाटकीय अंदाज में आउट हुए जब अश्विन की गेंद उनके बल्ले का मामूली किनारा लेते हुए विकेटकीपर ऋषभ पंत के दस्तानों में चली गई। अश्विन ने कैच आउट की अपील की लेकिन उन्हें विकेटकीपर और स्लिप में खड़े रोहित शर्मा का साथ नहीं मिला। शॉर्ट लेग पर खड़े सरफराज खान ने इसके बाद कप्तान को रिव्यू लेने के लिए मनाया और रिप्ले में वह आउट दिखे।दिन की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने भारतीय गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन इस पिच से तेज गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिली।




## रणजी ट्रॉफी में लाल गेंद से खेलने से मिली मदद: वॉशिंगटन

पुणे। हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर ने बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बारे मे बात करते हुए कहा कि रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के लिए खेलने से उन्हे काफी मदद मिली। इस महीने की शुरुआत मे उन्होने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 152 रन की पारी खेली और छह विकेट झटके। इस प्रदर्शन को देखकर मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दूसरे टेस्ट के लिए भारत की अंतिम एकादश मे इस ऑलराउंडर को शामिल किया। वॉशिंगटन ने बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 59 रन देकर सात विकेट चटकाकर इस फैसले को सही साबित किया जबकि यह मार्च 2021 के बाद उनका पहला टेस्ट है। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने घरेलू स्तर पर लाल गेद से मैच खेलने के महत्व के बारे में बात करते हुए दिन के खेल के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से कहा, मेरे लिए तमिलनाडु-दिल्ली मैच खेलना एक शानदार मौका था क्योंकि हर बार लाल गेद से खेलना और लाल गेद के क्रिकेट मे बल्ले और गेद दोनो से लय बनाए रखना अच्छा होता है। साथ ही निरंतरता बनाए रखना भी अहम होता है। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि रणजी मैच मे बहुत सारे ओवर गेंदबाजी करना उनके लिए कितना मददगार रहा।

## स्कोर बोर्ड

### न्यूजीलैंड पहली पारीः

| | |
|---|---|
| टॉम लाथम | पगबाधा अश्विन 15 |
| डेवोन कोन्वे | का पंत बो अश्विन 76 |
| विल यंग | का पंत बो अश्विन 18 |
| रचिन रविंद्र | बो वाशिंगटन 65 |
| डेरिल मिचेल | पगबाधा सुंदर 18 |
| टॉम ब्लंडेल | बो सुंदर 03 |
| ग्लेन फिलिप्स | का अश्विन बो सुंदर 09 |
| मिचेल सेंटनर | बो सुंदर 33 |
| टिम साउदी | बो सुंदर 05 |
| एजाज पटेल | बो सुंदर 04 |
| विलियम ओ राउरकी | नाबाद 00 |

अतिरिक्तः 13

कुल योगः ( 79.1 ओवर में सभी आउट ) 259 रन

विकेट पतनः ।-32, 2-76, 3-138, 4-197, 5-201, 6-204, 7-236, 8-242, 9-252

गेंदबाजीः बुमराह 8-2-32-0, आकाश दीप,6-0-41-0अश्विन 24-2-64-3,सुंदर23.1-4-59-7,जडेजा18-0-53-0

### भारत पहली पारीः

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | नाबाद 06 |
| रोहित शर्मा | बो साउथी 00 |
| शुभमन गिल | नाबाद 10 |
| अतिरिक्तः | 00 |

कुल योगः ( 11 ओवर में एक विकेट पर ) 16 रन

गेंदबाजीः साउथी 3-1-4-1,ओ राउरकी 3-2-5-0 पटेल 3-1-5-0, सेंटनर 2-0-2-0

## हमने काफी मुस्तैदी और ऊर्जा दिखाई : कोच फुल्टोन

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम ने जिस ऊर्जा और जुझारूपन से विश्व चैम्पियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी को दूसरे हॉकी टेस्ट में 5 - 3 से हराया, उन्हें इस पर गर्व है।भारत ने दूसरा टेस्ट भले ही जीत लिया लेकिन दो मैचों की श्रृंखला निर्णायक शूटआउट में गंवा दी। फुल्टोन ने दूसरे मैच के बाद कहा , हम अच्छा खेल रहे हैं। हमें बस एक ईकाई के रूप में अच्छा खेलना था जो हमने किया। यह अच्छी टीम है। हम बस कल आशातीत प्रदर्शन नहीं कर सके। कई बार होता है और कई बार नहीं हो पाता। उन्होंने कहा , हमने कल अच्छा खेला लेकिन उतने चुस्त नहीं थे। आज बेहतर खेल दिखाया और ऊर्जा भी। हमने कुछ अच्छे गोल किए और युवाओं को योगदान देते देखकर अच्छा लगा। कोच ने कहा , मैने हाफटाइम में टीम से कहा कि शांत होकर खेलो। मौके मिलेंगे। मोहम्मद राहील , आदित्य लालागे ने अच्छा खेला। विष्णुकांत ने भी। हमें इन युवाओं को मौके देने होंगे। इस श्रृंखला में हमारा यही लक्ष्य था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि दो मैचों में प्रयोग के काफी मौके मिले जिसमें नए खिलाड़ियों को आजमाना और पेनल्टी कॉर्नर वैरिएशन शामिल था।

# भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को दूसरे टेस्ट में हराया, लेकिन श्रृंखला शूटआउट में गंवाई

**नई दिल्ली।**(भाषा) कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के दो दो गोल की मदद से भारत ने दूसरे हॉकी टेस्ट में विश्व चैम्पियन जर्मनी को 5 - 3 से हराया लेकिन दो मैचों की श्रृंखला शूटआउट में 1- 3 से गंवा दी। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर 11 साल बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी के साथ भारत को बुधवार को पहले टेस्ट में 0 - 2 से पराजय झेलनी पड़ी थी। दूसरे टेस्ट में जर्मनी के लिए एलियान माजकूर (सातवां और 57वां मिनट) ने दो और हेनरिक मर्टजेंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। भारत ने दूसरे हाफ में सुखजीत सिंह (34वां और 48वां मिनट) , कप्तान हरमनप्रीत सिंह (42वां और 43वां) और अभिषेक (45वां मिनट) के गोलों के दम पर जीत दर्ज की। शूटआउट में भारत को 1 - 3 से पराजय का सामना करना पड़ा। शूटआउट में हरमनप्रीत, अभिषेक, मोहम्मद राहील के निशाने चूके जबकि भारतीय टीम में पदार्पण करने वाले आदित्य अर्जुन लालगे ने गोल दागा।भारत के गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक ने दो गोल बचाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके। भारत ने आक्रामक शुरुआत करके शुरूआती मिनटों में कई मौके बनाए लेकिन जर्मन डिफेंस को नहीं भेद सके। जर्मनी ने सातवें मिनट में एलियान के गोल के दम पर बढत बना ली जिन्होंने दाहिने कॉर्नर से



रिवर्स शॉट पर गोल दागा।

दो मिनट बाद आदित्य गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन जरमनप्रीत सिंह से मिले पास पर उनका शॉट जर्मनी के गोलकीपर जोशुआ एन ओंएकवू ने बचा लिया जिन्होंने कल भारत के आठ पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक भी बचाया था। भारत को अगले मिनट पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उस पर वैरिएशन नाकाम रहा। अगले मिनट एक और पेनल्टी कॉर्नर पर मनप्रीत सिंह पुश को रोक नहीं सके। जर्मनी को 12वें मिनट में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर पर लुकास विंडफेडर का शॉट बाहर से निकल गया। कुछ मिनटों बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर भारत ने वैरिएशन आजमाया और अपना 200वां मैच खेल रहे अमित रोहिदास ने हरमनप्रीत को गेंद सौंपी लेकिन उनके शॉट को जर्मन गोलकीपर ने बचाया। जर्मनी को पलटवार पर मिला पेनल्टी कॉर्नर भारत ने नाकाम कर दिया। भारत को दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। हाफटाइम से दो मिनट पहले जर्मनी को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। दूसरे हाफ के पहले चार मिनट में ही भारत ने आक्रामक खेल दिखाते हुए तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन खाता नहीं खुल सका। हरमनप्रीत ने एक मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके भारत को बढत दिलाई। सुखजीत ने 34वें मिनट में गोल दागा और अभिषेक ने भारत के लिए चौथा गोल किया। वहीं सुखजीत ने 48वें मिनट में लंबे पास पर जर्मन गोलकीपर को छकाते हुए डाइव लगाकर रिवर्स हिट पर गोल दागा। जर्मनी को 54वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। हूटर से तीन मिनट पहले हालांकि जर्मनी ने एलियान के गोल के दम पर अंतर को कम किया। दोनों टीमों के एक एक मैच जीतने के कारण श्रृंखला का फैसला शूटआउट में किया गया।

## भारतीय महिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने खेल को अलविदा कहा

नई दिल्ली। गरीबी और रूढिवादी समाज की वर्जनाओं को तोड़ते हुए उदीयमान खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने सोलह साल के सुनहरे कैरियर पर विराम लगाते हुए बृहस्पतिवार को खेल को अलविदा कह दिया। रानी के पिता ठेला खींचने का काम करते थे और वह अपने करियर के दौरान हरियाणा के एक छोटे से शहर शाहबाज मारकंडा से निकलकर लोगों के लिए प्रेरणा बनीं। रानी की अगुआई में भारत ने 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर भारत और जर्मनी पुरूष टीमों के बीच मैच के बाद रानी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी इंडिया ने उनकी जर्सी नंबर 28 को रिटायर करने का फैसला किया। उन्हें हॉकी इंडिया ने दस लाख रूपए का चेक भी प्रदान किया। इस 29 वर्षीय दिग्गज फॉरवर्ड ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया। उन्होंने भारत के लिए 254 मैच में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री उन्हें मिला। रानी को हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया गया।

## भारत ने पहले महिला एक दिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को हरा दिया

अहमदाबाद। भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 59 रन से हराया। इससे पहले न्यूजीलैंड की केर बहनों अमेलिया और जेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे भारत पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बृहस्पतिवार को यहां 227 रन पर सिमट गया। लेग स्पिनर अमेलिया ने 42 रन देकर चार जबकि तेज गेंदबाज जेस ने 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को नियमित अंतराल पर झटके दिए। ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन ने भी 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए।भारतीय बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नकाम रही। दीप्ति शर्मा (41), पदार्पण कर रही तेजल हसबनिस (42), शेफाली वर्मा (33), यस्तिका भाटिया (37) और जेमिमा रोड्रिग्स (35) ने अच्छी शुरुआत के बाद विकेट गंवाए।तेजल काफी निराश होगी क्योंकि अमेलिया का शिकार बनने से पहले वह काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रही थी। दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने अमेलिया की गेंद पर आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने का फैसला किया लेकिन चूक गईं और विकेटकीपर इसाबेला गेज ने उन्हें स्टंप कर दिया।भारत की ओर से एकमात्र मजबूत साझेदारी जेमिमा और तेजल के बीच रही जिन्होंने पांचवें विकेट के लिए 61 रन जोड़े।भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे ओवर में ही पवेलियन लौट गईं। उन्होने जेस की गेंद पर जॉर्जिया प्लिमर को आसान कैच थमाया।भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कभी बड़ा स्कोर बनाने की स्थिति मे नही दिखा।

## ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की जगह अर्जुन लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार लेगा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने देश के विभिन्न खेल सम्मानों को तर्कसंगत बनाने के प्रयास में बृहस्पतिवार को इस वर्ष से जीवन पर्यंत उपलब्धि (लाइफटाइम अचीवमेंट) के लिए ध्यानचंद पुरस्कार को बंद करने और इसके स्थान पर अर्जुन लाइफटाइम पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम पर 2002 में स्थापित ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार ओलंपिक खेलों, पैरालंपिक खेलों, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों आदि खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। वर्ष 2023 में यह पुरस्कार पूर्व बैडिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार और कबड्डी खिलाड़ी कविता सेल्वराज को दिया गया। मंत्रालय के एक बयान में कहा, खेल पुरस्कारों के लिए विभिन्न योजनाओं को तर्कसंगत बनाया गया है जिसमे ध्यानचंद पुरस्कार के स्थान पर अर्जुन पुरस्कार (लाइफ टाइम अचीवमेंट) शुरू किया गया है। जमीनी स्तराविकास स्तर पर कोच के प्रयासों को मान्यता देने के लिए अब वे द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए पात्र हैं। बयान के अनुसार, अर्जुन पुरस्कार (लाइफ टाइम अचीवमेंट) की शुरुआत की गई है और यह खेल विकास मे आजीवन योगदान के लिए दिया जाएगा। इसमें कहा गया, इसके अलावा खेलो इंडिया योजना को मान्यता देने के लिए खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में ओवरऑल शीर्ष प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय को मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ट्रॉफी दी जाएगी। वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर है।

## इंग्लैंड को 267 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 73 रन पर तीन विकेट गंवाए

**रावलपिंडी।** (एपी) जेमी स्मिथ के जुझारू अर्धशतक से इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर पहली पारी में 267 रन बनाए। लंच के बाद एक समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 118 रन था लेकिन स्मिथ ने 89 रन की पारी खेलने के अलावा गस एटकिंसन (39) के साथ 105 रन जोड़कर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

पाकिस्तान की ओर से ऑफ स्पिनर साजिद खान ने 128 रन देकर छह जबकि बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने 88 रन देकर तीन विकेट चटकाए।इसके जवाब में पाकिस्तान ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 73 रन बना लिए हैं। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम की स्पिन की अनुकूल पिच पर पाकिस्तान की टीम अब भी 194 रन पीछे है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान शान मसूद और सऊद शकील द दोनों 16 रन बनाकर खेल रहे थे।पाकिस्तान ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाजों अब्दुल्ला शफीक (14) और सैम अयूब (19) के अलावा पिछले टेस्ट में शतक जड़ने वाले कामरान गुलाम (03) के विकेट गंवाए। कामरान को तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने बोल्ड किया। इससे पहले इंग्लैंड की पारी के दौरान पाकिस्तान ने अपने एकमात्र स्पिनर आमिर जमाल को गेंदबाजी का मौका नहीं दिया। ईएसपीएन के अनुसार टेस्ट इतिहास में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब किसी टीम ने टेस्ट मैच की पहली पारी में तेज गेंदबाज से गेंदबाजी नहीं कराई।

पिछले हफ्ते मुल्तान में दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान की जीत के दौरान साजिद और नोमान इंग्लैंड के सभी 20 विकेट हासिल किए और यहां भी दोनों ने लगातार 42 ओवर गेंदबाजी करके मेहमान टीम को मुश्किल में डाला। विकेटकीपर स्मिथ और एटकिंसन ने हालांकि पारी को संभाला। स्मिथ ने अपनी पारी में छह छक्के और पांच चौके मारे जबकि एटकिंसन ने पांच चौके जड़े। स्मिथ ने 94 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने चाय के विश्राम से ठीक पहले जाहिद महमूद की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को कैच थमाया।

## रबाडा की शानदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को हराया

**मीरपुर।** (एपी) अनुभवी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (दूसरी पारी में 39 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में गुरुवार को यहां चौथे दिन बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त देकर।-0 की बढ़त बना ली। रबाडा की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले के सत्र में 22 ओवर में तीन विकेट पर 106 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। बांग्लादेश की पहली पारी 106 रन पर सिमटी थी जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाकर 202 रन की बढ़त हासिल की थी।

बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन से आगे से की लेकिन रबाडा और वियान मुलडर ने दूसरी नई गेंद से बल्लेबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। रबाडा ने दिन की शुरुआती ओवर में नईम हसन को पगबाधा कर टेस्ट पारी में 15वीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने इसके बाद मेहदी हसन मिराज (97) को शतक पूरा करने से पहले चलता कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टोनी डि जॉर्जी ने 41 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 30 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले वामहस्त स्पिनर ताइजुल इस्लाम ने दूसरी पारी में तीनों सफलता हासिल की।

## वावरिंका ने स्विस इंडोर्स में मन्नारिनो को हराया रुबलेव भी आगे बढ़े

**बेसल** (स्विट्जरलैंड)। स्टैन वावरिंका बुधवार को यहां एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 3-6, 7-5 से हरा स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज मैच विजेता बन गए। घरेलू दर्शकों के सामने 39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत है। वावरिंका को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अब 22 वर्षीय बेन शेल्टन से भिड़ना होगा।शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो टैबिलो को 7-6 (3), 6-। से हराकर सत्र के अपने 13वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।ॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया तो वहीं दो बार के गत चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने सेबेस्टियन बेज को 7-5, 6-। से मात दी।

## आई-लीग का आगाज 22 नवंबर से होगा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि 2024-25 सत्र के आई-लीग का आगाज 22 नवंबर से होगा। लीग के शुरुआती दिन दो मैच खेले जाएंगे। इसका उद्घाटन मैच हैदराबाद मे श्रीनिदि डेक्कन और गोकुलम केरल के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरे मुकाबला पश्चिम बंगाल के नैहाटी में इंटर काशी की टीम स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु की मेजबानी करेगी। इस 12 टीमों की लीग का आयोजन छह अप्रैल 2025 तक होगा। देश की दूसरे स्तर की लीग के आगामी सत्र में स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु और डेम्पो एससी नई टीमें होंगी। यह दोनो टीमें आईलीग 2 में पिछले सत्र की विजेता और उपविजेता रही थी। एआईएफएफ ने बताया कि उसने गुरुवार को आई-लीग क्लब मालिकों के साथ एक बैठक कर प्रायोजन और प्रसारण के मुद्दो पर चर्चा की।

## गत चैंपियन नोवाक जोकोविच पेरिस मास्टर्स से हटे

पेरिस। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। आयोजकों 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नही बताया है।रैंकिंग मे सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट मे कहा कि, मुझे उन सभी लोगो के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। उन्होने कहा, वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा। जोकोविच ने पेरिस इनडोर टूर्नामेंट मे रिकॉर्ड सात खिताब जीते है। उनके इसमे नही खेलने के फैसले से साल के अंत मे होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओ को झटका लग सकता है। इसमें शीर्ष आठ खिलाड़ी शामिल होंगे।चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच फिलहाल एटीपी फाइनल्स की दौड़ में छठे स्थान पर है। जननिक सिनर, कार्लोस अलकराज, अलेक्जेंडर ज्वेरेव और डेनियल मेदवेदेव ने 10 से 17 नवंबर तक होने वाली आयोजन के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001